ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 20 जून 2024
वर्ष 2, अंक 300, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



डिकॉक की तूफानी पारी से उड़े अमेरिकी गेंदबाज 15

फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोटिल 16

# अमेजन पार्सल में निकला कोबरा

- कंपनी ने माफी मांगी, पैसे वापस किए, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में एक दंपति द्वारा मंगाए गए अमेजन पार्सल में जिंदा कोबरा सांप निकला। सांप पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में सांप चिपका हुआ था। इस कारण वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। दंपति के मुताबिक पार्सल में कोबरा सांप था। सरजापुर के रहने वाला यह दंपति आईटी पेशेवर है। दंपति ने पूरे प्रकरण का एक वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया देखा जा सकता है।

मामले में अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि कंपनी इस घटना की जांच कर रही है। हम ग्राहकों की सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं और इस घटना की भी जांच कर रहे हैं।

**दंपति ने अमेजन की लापरवाही बताया :** दंपति ने कहा उन्हें अपने ऑर्डर के बदले पूरा पैसा वापस मिल गया है, लेकिन उन्हें आश्चर्य



है कि अत्यधिक विषैले सांप के साथ अपनी जान जोखिम में डालने के बदले उन्हें क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा उल्लंघन है जो केवल अमेजन की लापरवाही और उनके खराब परिवहन, गोदाम की स्वच्छता एवं रखरखाव में कोताही के कारण हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई फैसले

# धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024 - 25 के लिए धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल काला तिल और कपास का समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले से किसानों के पास दो लाख करोड़ रुपये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य



सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है। काला तिल के एमएसपी 983 रुपये प्रति क्विंटल, तिल में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। नई घोषणा के अनुसार खरीफ सीजन 2024 -25 में धान के लिए एमएसपी 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। ग्रेड ए के लिए यह 2320 रुपए प्रति क्विंटल होगा। ज्वार- संकर का एमएसपी 191 रुपए बढ़ाकर 3571 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। ज्वार- मालडंडी का एमएसपी 196 रुपये बढ़ाकर 3421 रुपये प्रति क्विंटल होगा। बाजरे का एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2625 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। रागी का एमएसपी 444 रुपये बढ़ाकर 4290 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। मक्का का एमएसपी 135 रुपये बढ़ाकर 2225 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। अरहर के एमएसपी में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसका एमएसपी 7550 रुपये प्रति क्विंटल होगा। मूंग का एसपी 124 रुपये बढ़कर 8682 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। उड़द का एमएसपी 450 रुपये की वृद्धि के साथ 7400 रुपये प्रति क्विंटल होगा।

### वाराणसी हवाई अड्डे के लिए 2,869 करोड़

नई दिल्ली। वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 2,869 .65 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। हवाई अड्डे के विकास में नए टर्मिनल भवन के साथ अन्य कार्य होंगे। अड्डे की यात्री संचालन क्षमता को मौजूदा 39 लाख यात्री प्रति वर्ष से बढ़ाकर 99 लाख यात्री यात्री प्रति वर्ष करना है।

### एनएफआईईएस स्कीम को मंजूरी

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 की अवधि के लिए 2254 .43 करोड़ रुपये के केंद्रीय क्षेत्र की योजना नेशनल फोरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम (एनएफआईईएस) को मंजूरी दी गई। संबंधित वित्तीय परिव्यय गृह मंत्रालय द्वारा अपने बजट से प्रदान किया जाएगा।

### 76,200 करोड़ से बनेगा बड़ा बंदरगाह

महाराष्ट्र के वधावन में 76,200 करोड़ की लागत से एक विशाल बंदरगाह के विकास को मंजूरी दी। परियोजना का निर्माण वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (वीपीपीएल) करेगी जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) की एक विशेष उद्देश्यीय इकाई (एसपीवी) है।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

पेपर लीक की आशंका पर लिया फैसला

# यूजीसी-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा रद, सीबीआई जांच के आदेश

## मामले की गहन जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने लिया फैसला, 18 जून को हुई थी परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित यूजीसी-नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) रद करने का आदेश बुधवार को दिया। मामले की गहन जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह परीक्षा फिर से आयोजित की जाएगी। जिसके लिए अलग से जानकारी साझा की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि यूजीसी-नेट की शुचिता से समझौता कदापि नहीं किया जा सकता।इसलिए इसे रद करने का फैसला लिया गया है। मंत्रालय का यह फैसला मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे बड़े विवाद के बीच आया है। यह मुद्दा अब सुप्रीम कोर्ट में है। परंपरा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

- 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए कराया था पंजीकरण
- दोबारा परीक्षा की तारीख के लिए शीघ्र की जाएगी घोषणा

से हटकर, इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)-2024 एक ही दिन (18 जून) में 'पेन और पेपर मोड' में आयोजित की गई। जिसमें 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। वहीं, करीब 9 लाख अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए थे।

यूजीसी-नेट के माध्यम से भारतीयों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति व भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित की जाती है।शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि यूजीसी को गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से परीक्षा के संबंध में कुछ सूचनाएं प्राप्त हुई थीं। इन सूचनाओं से प्रथम दृष्टया संकेत मिला है कि उक्त परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया।

### बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना में नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में बुधवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के कारण देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं और कई उच्च न्यायालयों के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह फिर से कहा जाता है कि इस मामले में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नीट को भी रद्द करे सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेट परीक्षा रद्द होने को छात्रों के जज्बे की जीत बताया और कहा कि मोदी सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को भी रद्द करना चाहिए। खडगे ने कहा आप परीक्षा पर चर्चा तो बहुत करते हैं, नीट परीक्षा पर चर्चा कब करेंगे। उन्होंने कहा केंद्रीय शिक्षा मंत्री पहले कहते हैं कि नीट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ। जब बिहार, गुजरात एवं हरियाणा में शिक्षा माफिया की गिरफ्तारियां होती हैं तो शिक्षा मंत्री मानते हैं कि कुछ घपला हुआ है। नीट की परीक्षा रद्द कब होगी।

# किताबें भलें जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता

## प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का किया लोकार्पण

- कहा- सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही

राजगीर, (बिहार), एजेंसी



नालंदा विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुफ्तगू करते मुख्यमंत्री नीतीश।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। मोदी ने यहां नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए छात्रों से हमेशा जिज्ञासु और साहसी बने रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है और उनका मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में बने। प्रधानमंत्री ने प्राचीन नालंदा विहार के परिसर का भ्रमण करने और उसके अवशेषों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना, भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है। जब शिक्षा का विकास होता है तो अर्थव्यवस्था और संस्कृति की जड़ें भी मजबूत होती हैं। हम विकसित देशों को देखें तो पाएंगे कि वे अर्थ, सांस्कृतिक लीडर तब बने जब एजुकेशनल लीडर हुए। मोदी ने कहा आज दुनिया भर के छात्र उन देशों में जाकर पढ़ना चाहते हैं। कभी ऐसी स्थिति हमारे यहां नालंदा और विक्रमशिला जैसे स्थानों में हुआ करती थी।

### दुनिया के लिए शिक्षा व ज्ञान का केंद्र बने भारत

प्रधानमंत्री ने कहा मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने। इसके लिए भारत आज बहुत कम उम्र से ही अपने छात्रों को नई खोज की भावना से जोड़ रहा है। आज एक तरफ एक करोड़ से ज्यादा बच्चों को अटल टिंकरिंग लैब में आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ मिल रहा है वहीं दूसरी ओर चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशन छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी खोज को बढ़ावा देने के लिए भारत ने एक दशक पहले स्टार्टअप इंडिया मिशन की शुरुआत की थी।

## एक नजर

### आंध्र प्रदेश के सांसद की बेटी ने सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को कुचला

**चेन्नई।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से राज्यसभा सदस्य बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी को एक व्यक्ति को गाड़ी से कुचलने के मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 17 जून को बसंत नगर की है। माधुरी द्वारा व्यक्ति को कुचले जाने के बाद वह वहां से फरार हो गईं। गाड़ी में माधुरी के साथ एक और महिला थी।

### आलू के चिप्स के पैकेट में मृत मेंढ़क मिला

**जामनगर।** आलू के चिप्स (पोटैटो वेफर्स) के एक पैकेट में कथित तौर पर मृत मेंढक पाए जाने के बाद बुधवार को जामनगर नगर निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मुंबई के एक निवासी द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर की गई आइसक्रीम में मानव उंगली का टुकड़ा मिलने के दावे के कुछ दिनों बाद यह शिकायत आई है। जामनगर नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत आलू के चिप्स के पैकेट के उत्पादन बैच के नमूने एकत्र किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीबी परमार ने बताया जैस्मीन पटेल नाम की एक युवती ने हमें सूचना दी कि बालाजी वेफर्स द्वारा निर्मित क्रंचेक्स के एक पैकेट में एक मृत मेंढक मिला है। हम कल रात उस दुकान पर गए, जहां से इसे खरीदा गया था।

### गुजरात सरकार 7,500 अध्यापकों की करेगी भर्ती

**अहमदाबाद ।** गुजरात सरकार ने शिक्षक योग्यता परीक्षा (टीएटी) उत्तीर्ण कर चुके 7,500 अध्यापकों को माध्यमिक और उच्च माध्यमिक सरकारी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में स्थायी शिक्षक के रूप में भर्ती करने का निर्णय लिया है। इससे पहले, पात्र उम्मीदवारों ने प्रदर्शन किया था।

# अलीगढ़ में युवक को भीड़ ने पीटकर मार डाला, तनाव

- एसपी बोले- दो समुदायों के लोगों के एकत्रित होने के बाद तनाव, चोरी का था आरोप

अलीगढ़, एजेंसी

अलीगढ़ शहर में मंगलवार रात भीड़ द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के बाद एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना शहर के मामू-भांजा मोहल्ले की है और मृतक की पहचान फरीद (35) के रूप में हुई है, जो कि एक ढाबे पर काम करता था।

पुलिस अधीक्षक एम. शेखर पाठक ने बताया कि मृतक के परिवार की शिकायत के अनुसार फरीद देर रात जब ढाबे से घर लौट रहा था तो रास्ते में भीड़ ने उसे घेर लिया और बुरी तरह पीटा। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले लोगों का आरोप था कि फरीद चोरी करने के लिए एक घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। पाठक ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फरीद को मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गयी। एसपी ने बताया हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग रेलवे रोड के पास पुराने शहर में कुछ स्थानों पर जमा हो गए जिस कारण इलाके में कुछ दुकानें बंद रहीं।

### योग दिवस में शामिल होंगे मोदी आज जाएंगे कश्मीर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह तीन हजार करोड़ रूपये से भी अधिक लागत की 80 से भी अधिक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री शुक्रवार सुबह श्रीनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे।

# मुठभेड़ में दो आतंकी किए ढेर

- दो जवान घायल, हादीपोरा इलाके में तलाशी अभियान शुरू

श्रीनगर, एजेंसी




जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना और सीआरपीएफ ने रफियाबाद सोपोर के हादीपोरा इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की।

### रियासी आतंकी हमला: मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**जम्मू (ब्यूरो)।** रियासी यात्रा बस पर हमले का पुलिस ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है, जिसे रियासी यात्री बस हमले के दौरान आतंकवादियों की मदद करने और उन्हें रसद सहायता देने का मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। 9 जून को शिव खोरी से आ रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी जिसकी पहचान हाकम दीन (40) पुत्र एमए खान निवासी -बंधराही (सैदा नाल्हा), जिला राजौरी के रूप में हुई है। यह व्यक्ति आतंकवादियों को भोजन और आश्रय के साथ-साथ कई बार उन्हें शरण देने में भी शामिल था।

### मंत्री ने 'बेटी पढ़ाओ' का नारा गलत लिखा, विपक्ष का हमला

**मप्र।** मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गलत लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसके बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाए हैं। धार के ब्रम्हा कुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में 18 जून को स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया था जिसमें धार सीट से सांसद ठाकुर मुख्य अतिथि थीं। ठाकुर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं। वीडियो में नारा गलत तरीके से लिखती नजर आ रही हैं।

# पीलीभीत से अगवा छात्रा को लखीमपुर में फेंका

- कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे, छात्रा 12 जून से गायब थी छात्रा
- थाना उत्तरी सेहरामऊ (पीलीभीत) में दर्ज कराई गई थी गुमशुदगी, छात्रा की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पीलीभीत से अगवा जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा को बुधवार की सुबह कार सवार बदहवाश हालत में थाना खीरी क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर गांव चिमनी के पास फेंक कर भाग निकले। बताया जाता है कि कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। छात्रा 12 जून से से गायब थी। उसकी गुमशुदगी थाना उत्तरी सेहरामऊ (पीलीभीत) में दर्ज कराई गई थी। छात्रा की हालत गंभीर है।

गांव चिमनी के लोगों ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे एक कार आई। कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। गांव चिमनी के पास पल भर के लिए कार रुकी, लोग जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले कार से एक किशोरी को सड़क किनारे फेंक दिया गया और चालक तेज रफ्तार कार लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उसे भर्ती कराया है। किशोरी अपना नाम और पता व थाना उत्तरी सेहरामऊ बता पा रही थी। सूचना पर थाना खीरी एसओ अजीत कुमार भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने थाना उत्तरी सेहरामऊ पुलिस से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर छात्रा के परिवार के लोग उत्तरी सेहरामऊ पुलिस के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। परिवार वालों के आने के बाद जिला अस्पताल से किशोरी को जिला महिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर उसका मेडिकल परीक्षण हुआ।

> कार सवार कुछ लोग छात्रा को चिमनी गांव के पास फेंक गए हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 12 जून से लापता थी। थाना उत्तरी सेहरामऊ पीलीभीत में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज है। मामले की जांच चल रही है। - **अजीत कुमार**, एसओ खीरी

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

धनशोधन मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

# खराब प्रदर्शन पर समीक्षा में जुटी उप्र. भाजपा

## पार्टी के अनुभवी नेताओं की टीम जिलों का दौरा कर तैयार कर रहे रिपोर्ट

- सौंपे गए संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विस. क्षेत्र का दौरा कर 25 जून तक देनी होगी रिपोर्ट
- प्रदेश नेतृत्व इस रिपोर्ट को बाद में केंद्रीय नेतृत्व को भेजेगा, डेढ़ दर्जन सवालों पर मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा निरंतर टोह ले रही है कि चुनाव पूर्व सब कुछ दुरुस्त कर लेने के बावजूद झटका कहां-कहां से और क्यों लगा। चुनाव परिणामों में भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश से लगा है। पार्टी यहां 33 सीटें ही जीत पाई। आखिर कौन-कौन से ऐसे कारण रहे जिसके चलते भाजपा का राज्य में इस बार प्रदर्शन खराब रहा? पार्टी इन कारणों को इक्का-दुक्का नहीं बल्कि लगभग डेढ़ दर्जन सवालों की एक चेकलिस्ट तैयार कर पड़ताल में जुटी है। इस कड़ी में रायबरेली और अयोध्या में हार की समीक्षा पर खासा जोर है।

पार्टी की ओर से अनुभवी एवं वरिष्ठ नेताओं को चेकलिस्ट के साथ पड़ताल में नियुक्त किया है। इन्हें सभी 80 संसदीय क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने के निर्देश हैं। इसमें हारी और जीती सीट सभी के क्षेत्र शामिल रहेंगे। जिम्मा 40 नेताओं पर है, जिन्हें अपनी-अपनी रिपोर्ट 25 जून तक प्रदेश नेतृत्व को सौंपनी होगी। इसके बाद प्रदेश नेतृत्व केंद्रीय नेतृत्व से यह रिपोर्ट साझा करेगा।

सवालों में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारियों की भूमिका, उम्मीदवारों के चयन उनकी छवि, रणनीतिक विफलताएं, उम्मीदवार का स्थानीय लोंगो से जुड़ाव, विपक्षी उम्मीदवार के प्रति झुकाव के कारण, पार्टी के मुद्दों के आगे विपक्ष के क्या नैरेटिव प्रभावी रहे, जैसे डेढ़ दर्जन और सवाल शामिल हैं। इसमें आरक्षण, रोजगार, सरकारी योजनाओं जैसे सवाल भी शामिल होंगे। दरअसल, इतनी विस्तृत समीक्षा के पीछे संगठन की मंशा तीन साल बाद (2027) उप्र. में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समय रहते होमवर्क कर लेने की भी है। ग्राऊंड जीरो पर उतर कर चेकलिस्ट के साथ पड़ताल करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश महासचिव गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह, विदयाभूषण, विजय पाठक समेत अन्य अनुभवी नेता शामिल हैं। यह रिपोर्ट अगर तैयार हो जाती है तो पहले प्रदेश नेतृत्व, फिर केन्द्रीय नेतृत्व इस पर विमर्श करेगा।

# केपीएम में अल्ट्रासाउंड बंद, मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


अल्ट्रासाउंड कक्ष में सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट डॉ.डीके श्रीवास्तव।

- सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट अब तक कर रहे थे अल्ट्रासाउंड
- सीएमएस के मुताबिक बिना अनुमति नहीं कर सकते जांच

**अमृत विचार।** रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण कमलापत मेमोरियल चिकित्सालय (केपीएम) में मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। जांच करने के लिए सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट तैयार हैं, सीएमएस भी अल्ट्रासाउंड की सुविधा मरीजों को देना चाहते हैं, लेकिन मामला यहां फंसा है कि सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट के पास लिखित रूप से अस्पताल में जांच करने का आदेश नहीं है। हालांकि सेवानिवृत्त होने के बाद वह करीब एक साल से मरीजों की जांच कर रहे थे।

बिरहाना रोड स्थित कमलापत मेमोरियल चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन तीन सौ मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। प्रतिदिन 20 से 22 मरीज अल्ट्रासाउंड जांच कराने आते हैं। इसके अलावा फीलखाना, कलक्टरगंज, हरबंश मोहाल, कैंट समेत करीब आठ थानों की पुलिस अभियुक्तों का मेडिकल परीक्षण कराने केपीएम अस्पताल लाती है। यहां पर 15 जून से अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा बंद कर दी गई है। अस्पताल की हेल्प डेस्क काउंटर से लेकर अल्ट्रासाउंड कक्ष में स्पष्ट शब्दों में नोटिस भी चस्पा किया गया है कि रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण अग्रिम आदेश तक चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड एवं मेडिकोलीगल एक्सरे की सुविधा उपलब्ध नहीं है। मरीजों को उर्सला अस्पताल या हैलट अस्पताल भेजा जा रहा है।

इस संबंध में सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट डॉ.डीके श्रीवास्तव ने बताया कि निदेशालय से वर्तमान तिथि से पूर्व में किए गए कार्य का वेतन नहीं लेंगे। इसकी जानकारी सीएमएस को दी गई है, लेकिन वह जांच करने से मना कर रहे हैं। सीएमएस डॉ. राम चंद्र यादव ने बताया कि सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट डॉ.डीके श्रीवास्तव को एडी हेल्थ के पास पत्र लेकर जाना है।

एडी की अनुमति के बाद ही उनसे काम लिया जाएगा। इसके बावजूद वह अल्ट्रासाउंड कक्ष में आ रहे हैं। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को जानकारी दी जाएगी।

### 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुए थे रेडियोलॉजिस्ट

केपीएम अस्पताल से सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट डॉ.डीके श्रीवास्तव का कहना है कि वह 31 जनवरी 2023 को केपीएम से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद शासन की अनुमति पर ही मार्च माह से यहां पर अल्ट्रासाउंड व एक्सरे कर रहे हैं। चुनाव आचार संहिता के कारण महानिदेशालय से आदेश पत्र निर्गत नहीं हो सका है। 10 जुलाई तक आदेश जारी होगा। सीएमओ को प्रार्थना पत्र भी दिया कि वह कार्य करने का वेतन नहीं लेंगे, तब भी कार्य नहीं लिया जा रहा है। बताया कि इस संबंध में सीएमओ को भी पत्र लिखा है।

> इस सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से बदहाल हैं। मरीज परेशान हैं। अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के नाम पर सिर्फ कागज पर काम हो रहा है। कानपुर की बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा सदन में उठाऊंगा। यहां के सरकारी अस्पतालों में कानपुर ही नहीं आसपास के जिलों के लोग भी आते हैं उन्हें भी यहां बदहाल हालात से जूझना पड़ता है।
>
> – अमिताभ बाजपेई, विधायक

# ग्रीनबेल्ट में चट्टा चलाने पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- दो बार हटाया गया था चट्टा, फिर किया कब्जा
- 7 पशुओं को भी नगर निगम ने किया जब्त

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में बुधवार को ग्रीनबेल्ट पर अतिक्रमण को लेकर नगर निगम ने सख्त कार्रवाई की। नगर निगम ने ग्रीन बेल्ट में बने चट्टे को ध्वस्त कर दिया। पहले भी दो बार चट्टा हटाया गया लेकिन चट्टा संचालक बार-बार कब्जा कर रहा था। इसके साथ ही पशुओं को भी जब्त कर लिया।

नगर निगम ने रामा डेंटल के पीछे मेट्रो यार्ड के पास ग्रीन बेल्ट पर बने चट्टे को ध्वस्त कर दिया। यहां ग्रीनबेल्ट में बंधी 4 गाय और 3 भैंस को भी जब्त कर लिया। साथ ही कल्याणपुर थाने में चट्टा संचालक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया। पशु चिकित्साधिकारी डा. आरके निरंजन ने बताया कि क्षेत्र से लगातार शिकायत आ रही थी। पहले भी दो बार चट्टा हटाने की कार्रवाई की गई। लेकिन चट्टा संचालक बार-बार कब्जा कर रहा था। कार्रवाई के दौरान मौके से चट्टा संचालक भाग निकला। सभी जानवर जब्त कर कान्हा गौशाला भेज दिए गए हैं। इस कार्य प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायन, उद्यान अधीक्षक वीके सिंह, पशुचिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह, राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेन्द्र स्वरूप, रामेन्द्र सिंह आदि रहे।


कल्याणपुर में ग्रीनबेल्ट पर बंधे पशुओं को नगर निगम ने जब्त किया। अमृत विचार

# आरटीई में प्रवेश नहीं तो रिपोर्ट होगी, मान्यता छिनेगी

## बच्चों को आउट ऑफ वार्ड दिखाकर प्रवेश से मना नहीं कर सकता कोई स्कूल, डीएम ने स्कूलों के कसे पेच, कहा, मनमानी नहीं चलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ और स्कूलों की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी स्कूल 15 दिन के अंदर हर हाल में आरटीई के तहत बच्चों का प्रवेश लें। नहीं तो एफआईआर के साथ मान्यता भी वापस ली जा सकती है। डीएम राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को स्कूलों के प्रबंधक व प्रिंसिपलों के साथ बैठक में सख्त आदेश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने उन 16 स्कूलों के प्रबंधकों व प्रिंसिपलों के साथ बैठक की जहां आरटीई के तहत प्रवेश बहुत कम हैं या उनकी शिकायतें अधिक हैं। डीएम ने सभी स्कूलों के प्रबंधक व प्रिंसिपल से आरटीई के तहत विद्यालय में प्रवेश लेने की समीक्षा की। कहा कि प्रवेश के मामले में मनमानी बर्दाश्त नहीं होगी। सभी स्कूल आरटीई के तहत 15 दिन के अंदर शत प्रतिशत प्रवेश लें, यदि किसी विद्यालय ने प्रवेश नहीं लिया तो शासकीय आदेश की अवहेलना में एफआईआर के साथ मान्यता वापस लेने की कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने स्कूलों के प्रिंसिपल व प्रबंधकों को बताया कि बच्चों को आउट ऑफ वार्ड दिखाकर प्रवेश लेने से इनकार नहीं कर सकते हैं। अगर कोई बच्चा जिस वार्ड में रहता है, उस क्षेत्र में आरटीई योजना से संबंधित कोई स्कूल नहीं है और स्कूल में आरटीई की सीटें फुल हो गई हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित स्कूल की बाध्यता होगी कि वह आरटीई के तहत आवंटित बच्चे का प्रवेश हर हाल में कराए। कोई भी स्कूल बच्चों के प्रवेश के लिए मना नहीं कर सकता है और न ही अपने स्तर से कोई सत्यापन करा सकता है। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि अभिभावकों से सभी विद्यालय अभिभावकों से ठीक तरह से व्यवहार करें। आरटीई के तहत प्रवेश के लिए स्कूल में किसी गंभीर व्यक्ति को नियुक्त करें।

स्कूल खुलते ही समस्त खंडशिक्षा अधिकारी आरटीई के तहत छात्र व छात्राओं को आवंटित स्कूलों में प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### गैरहाजिर रहने पर पांच स्कूलों को नोटिस

डीएम की बैठक से गैरहाजिर रहे पांच स्कूलों को नोटिस दी गई है। जिसमें यूनाईटेड पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस, हलीम मुस्लिम पब्लिक स्कूल चमनगंज, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल कल्यानपुर, कैंब्रिज हाईस्कूल सिविल लाइंस, एस्कार्ट वर्ल्ड स्कूल केशवपुरम बैठक से गैरहाजिर रहे। इस पर डीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसमें शासकीय आदेशों की अवहेलना को इंगित किया गया है। नोटिस में यह भी लिखा गया है कि क्यों न उनके खिलाफ अलाभित समूह के बच्चों को स्कूल में प्रवेश न देने की दशा में एससीएसटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया जाए।

### कोरोना काल में ली फीस समायोजित करें या लौटाएं

आरटीई की बैठक के दौरान ही डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर कोरोना काल में अभिभावकों से ली गई 15 प्रतिशत फीस समायोजन से संबंधित शासनादेश का पालन करना सुनिश्चित कराया जाए। यह फीस स्कूल समायोजित करें या लौटाएं।


बैठक करते जिलाधिकारी राकेश सिंह। अमृत विचार

### इन स्कूलों को बैठक में बुलाया गया

सेठ आनंदराम जयुपरिया कैंट, ऐलन हाउस पब्लिक स्कूल रूमा, यूनाईटेड पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर किदवईनगर, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल गोविंदनगर, एचएस पब्लिक स्कूल नौबस्ता, एस्कार्ट वर्ल्ड स्कूल केशवपुरम, प्रताप इंटरनेशनल स्कूल कल्यानपुर, कैंब्रिज हाईस्कूल सिविल लाइन, ऐलन हाउस पब्लिक स्कूल खलासी लाइन, एनएलके पब्लिक स्कूल खलासी लाइन, हलीम मुस्लिम स्कूल चमनगंज, विन्यास पब्लिक स्कूल चौबेपुर, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल कल्यानपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर, मेहरबान सिंह का पुरवा, किदवई नगर, सर्वोदय नगर आदि स्कूल रहे।

### अलग से नहीं संचालित होंगी बच्चों की कक्षाएं

डीएम ने स्कूलों को यह भी आदेश दिया कि आरटीई में प्रवेश पाने वाले बच्चों की कक्षाएं अलग से संचालित नहीं की जाएंगी। यदि ऐसी शिकायत मिलती है तो संबंधित स्कूल के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय अगर आरटीई के तहत प्रवेश नहीं लेता है तो संबंधित बोर्ड के चेयरमैन को मान्यता वापस लेने के लिए पत्र भेजा जाएगा।

# खुले में मवेशियों के अवशेष ले जाने की पुलिस जांच

- वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में

**कानपुर।** खुले में मवेशियों के अवशेष लोडर से ले जाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने जांच के आदेश के साथ ही कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंगलवार देर रात से एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो शिव नारायण टंडन सेतु का बताया जा रहा है। जहां पर एक चालक लोडर खुले में मवेशियों के अवशेष ले जाता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि बकरीद के बाद मवेशियों के बचे अवशेष को चालक ले जा रहा है। ये वीडियो कब का है इसकी जानकारी नहीं हो सकी। अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के साथ ही कार्रवाई के निर्देश रेलबाजार और कैंट पुलिस को दिए हैं। थाना प्रभारी रेल वाजार विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है, साथ ही गाड़ी नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक का पता किया जा रहा है।

## एक नजर

### दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार संबध बनाए। बाद में युवक ने शादी करने से मना कर दिया। इस पर उन्होंने युवक के परिवार वालों से शिकायत की। जिस पर परिवार वालो ने युवक के बड़े भाई से नवंबर 2023 में शादी करा दी। शादी के बाद ससुरालीजन दहेज में 25 लाख रुपये की मांग करने लगे। विरोध पर वह लोग उसके साथ मारपीट करते। कुछ दिनों पहले उन्हें मालूम हुआ कि पति पहले से शादीशुदा है। विरोध करने पर पति ने उन्हें तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### छेड़खानी का आरोप, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला ने अपने पड़ोसी पर छेड़खानी कर अश्लील कमेंट करने और विरोध पर धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चकेरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। चकेरी निवासी महिला के अनुसार बहुत दिनों से उनका पड़ोसी गप्पू ठाकुर उर्फ शिव प्रताप सिंह छेड़खानी करता है। विरोध करने पर आरोपी उनके मोबाइल पर धमकी भरे मैसेज भेजता है। सात जून को चकेरी थाने में शिकायत की। पुलिस के कार्रवाई न करने पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की।

# नौकरी के नाम पर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संटवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक महिला को दो युवक नौकरी लगवाने के नाम पर कार से ले गए। इसके बाद गाड़ी रास्ते में रोककर दोनों आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। वह किसी तरह से लोगों की मदद से थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज दर्ज की है।

उद्योग नगर निवासी महिला के अनुसार वह घरेलू काम काज करती है। कई दिनों से उनके पास कोई काम नहीं था। यह बात उन्होंने अपने परिचित बाकरगंज निवासी मोनू सिंह से बताई थी। इस पर मोनू अपने दोस्त स्वरूप नगर निवासी ध्रुव गुप्ता के साथ मंगलवार रात को उनके घर आया। कहा कि एक जगह पर नौकरी की बात हो गई है, अभी उनसे मिलने के लिए चलना है। इस पर वह दोनों लोगों के साथ जाने को कार में बैठ गई। आरोप लगाया कि टाटमिल बाबूपुरवा वाले पुल के नीचे अंधेरे में आरोपियों ने गाड़ी को रोक दी। इसके बाद दोनों दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगे। वह किसी तरह से बचकर गाड़ी से नीचे उतर कर आई और वहां से गुजर रहे लोगों से मदद मांगी। इस दौरान दोनों आरोपी कार लेकर भाग निकले। पीड़िता लोगों की मदद से रेल बाजार थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपी मोनू और ध्रुव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



- पीड़िता राहगीरों की मदद से पहुंची थाने और दर्ज कराई रिपोर्ट

# काम करते समय लोहे का टुकड़ा सीने में घुसा, मौत

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र में कमानी में काम करते समय उसका कुछ हिस्सा टूटकर तीर की तरह कारीगर के सीने में घुस गया। साथ काम कर रहा बेटा पिता को अस्पताल ले गया। जहां उपचार के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच की। वहीं गोली चलने की अफवाह उड़ गई।

गोविंद नगर सेवाग्राम कालोनी कच्ची बस्ती निवासी 58 वर्षीय लखन साहनी की गड़रियनपुरवा में कमानी की दुकान है। उसके बेटे अनिल ने पुलिस को बताया कि मंगलवार दोपहर पिता काम कर रहे थे। इसी दौरान एक कमानी पर दम करने के लिए वह उसे घन से पीट रहे थे। घन की चोट लगते ही लोहे का एक टुकड़ा तीर की तरह लखन के सीने में दाईं ओर घुस गया। चोट लगते ही वह गिर पड़े। बेटा अनिल उन्हें पास स्थित अस्पताल ले गया। जहां से उन्हें हैलट रेफर किया गया। जहां उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया परिजनों ने हादसे में मौत की बात बताई है। किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।

# 150 कैमरों की मदद से दो चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नजीराबाद पुलिस ने चोरी की सात गाड़ियों के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ शहर के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस को यह सफलता 150 सीसीटीवी फुटेज से देखकर मिली।

डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बुधवार को बताया कि कुछ दिन पूर्व आर के नगर निवासी डॉक्टर अंजू दीक्षित की घर के सामने से स्कूटी चोरी हो गई थी। नजीराबाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। जांच के दौरान पुलिस ने 150 सीसीटीवी चेक किए गए। इसके बाद चमनगंज के प्रेम नगर निवासी संजीव उर्फ मिंचू और बजरिया के टूटी रेलवे लाइन गीता पार्क निवासी उत्कर्ष कश्यप उर्फ पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की सात गाड़ियां बरामद हुई हैं। जिनमें तीन स्कूटी, दो मोटर साइकिल व दो ई-रिक्शा हैं। थाना प्रभारी नजीराबाद कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों पर शहर के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। ये जिन लोगों को गाड़ी बेचते थे उनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।


नजीराबाद थाने में पकड़े गए चोर।

- चोरी की 7 गाड़ियां बरामद की गईं


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा MOHD SADADAM KHAN था। अब बदलकर MOHD SADDAM KHAN हो गया है मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाम। अन्य कोई नाम नहीं है। **पता – मोहम्मद सद्दाम खां पुत्र बुद्धू खां राजापुर बुलबुल नेवाज बहराइच, 271882**

**सूचना**

सूचित हो कि, मैं **श्रीमती सीमा सिंह पत्नी श्री पीयूष सिंह निवासिनी :– मोहल्ला सकलेनाबाद, जिला गाज़ीपुर,** मेरा प्लाट संख्या– 4, 5, ग्राम मिर्ज़ापुर, परगना लखनऊ, तहसील बक्शी का तालाब, 4536 व. फु., खसरा नं. 369, 372, 361स, 362, रजिस्ट्री सं.248/05, निबंधन सं. 3783/04, खाता सं. 00040, जोकि श्री अनुराग गुप्ता ने पावर आफ अटार्नी के द्वारा (पावर आफ अटार्नी नवनीत ललाम से अनुराग गुप्ता जो बही संख्या 4 जिल्द संख्या 18 पृष्ठ संख्या 191 से 202 क्रमांक 49 दिनांक 09/09/2008 को रजिस्ट्रीकृत) नीलम सिंह को विक्रय किया था, जिसे मैंने नीलम सिंह से क्रय किया था, इसमें अनुराग गुप्ता कि मूल रजिस्ट्री व पावर ऑफ़ अटार्नी वास्तव में कहीं खो गई हैं। किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा ।

**सूचना**

मैंने अपने बेटे दीवांश गुप्ता के नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 216695 114 कराई थी। किंतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक में इनका नाम दिव्यांश कसौंधन लिख गया है। अतः अब मेरे बेटे दीवांश गुप्ता को दिव्यांश कसौधन के नाम से जाना जाए। **दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद गुप्ता निवासी– रगड़गंज बाजार जनपद– गोंडा**

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का मूल मार्कशीट जिसका क्रमांक IN-UP 78962997525132W है जो कहीं खो गया है। **प्रार्थी– शुभम यादव पुत्र विनय यादव वार्ड नं 20 गोपाल नगर (कबिलसहां) नगर पालिका हाटा जनपद कुशीनगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम PASI AJAY KUMAR SARAJU PRASAD से बदल कर AJAY KUMAR PASI रख लिया है। अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O - SARAJU PRASAD PASI ADD-PADRI KHURD UNNAO (U.P.)

**सूचना**

सूचित किया जाता है पूर्व में मेरा नाम शुभम था जिसे परिवर्तित करके मैने अपना नाम शुभम गोस्वामी रख लिया है। मुझे भविष्य में शुभम् गोस्वामी के नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **शुभम् गोस्वामी पता – 117/71 पुरानी बस्ती काकादेव, कानपुर नगर,** 208025

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा प्रथम नाम गलती से आशा पाण्डेय अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक प्रथम नाम आशा एवं उपनाम पाण्डेय है। मुझे इसी नाम एवं उपनाम से जाना जाये। **आशा पाण्डेय पत्नी रमाकांत पाण्डेय, इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन, नि0 मो0 पठान–4, कस्बा व तह0 पलिया जिला खीरी।** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं0 यू.पी. 31 20140008349 में मेरा नाम इखलाख हुसैन (IKLAKH HUSAIN) अंकित हो गया है जोकि गलत है। मेरा सही नाम इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन है जो कि सही है अतः मेरा सही नाम IKLAK S/0 ISTIYAK HUSAIN ड्राइविंग लाइसेन्स पर अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **गणेश शंकर सोनी पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी– मौनी मोहल्ला, मजरे घूरेमऊ, थाना सरेनी, जिला रायबरेली** मेरा पुत्र भीमशंकर सोनी व पुत्रवधू स्वाती पत्नी भीमशंकर का चाल चलन, व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के प्रति अच्छा नहीं है और आये दिन लड़ाई झगडा व मारपीट करते रहते है उसके इन कृत्य से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भीमशंकर सोनी व उसकी पत्नी द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ताव व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वंय उत्तरदायी होगा।


**हेल्थ जोन** | जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में दवा पर किया जाएगा अध्ययन

# हर चौथी किशोरी पीसीओएस ग्रस्त, समाधान पर शोध होगा

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** किशोरियों में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) एक सामान्य समस्या होती जा रही है, जिसकी गिरफ्त में हर चौथी किशोरी आ रही है। किशोरियों को इस समस्या से बचाने व बीमारी की रोकथाम के संबंध में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में शोध किया जाएगा ताकि इसका सटीक कारण स्पष्ट हो सके और किस दवा से यह कंट्रोल हो सकता है, इसपर शोध किया जाएगा।




- पीसीओएस में मरीजों के हार्मोन असंतुलन के कारण हो जाती है यह समस्या

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओपीडी में पहुंचने वाली हर चौथी किशोरी पीसीओएस से ग्रस्त मिल रही है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीना गुप्ता ने बताया कि पहले यह समस्या 30 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन अब यह समस्या छोटी उम्र की लड़कियों को भी होने लगी है। पीसीओएस किशोरी में होने वाली एक ऐसी समस्या हैं, जिसमें ओवरी में सिस्ट यानी गांठ आ जाती है। हार्मोंस में गड़बड़ी इस बीमारी का मुख्य कारण है। कई बार यह बीमारी अनुवांशिक भी हो सकती है। इसके अलावा खराब जीवन शैली, व्यायाम की कमी, खान-पान की गलत आदतें भी इसका एक बड़ा कारण है। इसकी रोकथाम व खतरे को कम करने के लिए मायोइनिसिटॉल और डी चिरो मायोइनिसिटॉल दवा का क्या असर पड़ता है, इस पर शोध किया जाएगा।

### 200 मरीजों पर हुए शोध से मिला है अच्छा परिणाम

विभागाध्यक्ष प्रो. नीना गुप्ता ने बताया कि करीब दो साल पहले दो बार छोटे-छोटे सैंपल साइज लेकर पीसीओएस के संबंध में शोध किया गया है, जिसमें मरीजों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। हालांकि यह शोध अपने स्तर से किया गया था, जिसमे पहली बार में 45 हजार और दूसरी बार में 90 हजार रुपये खर्च हुए थे। शोध में सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद मेडिकल रिसर्च यूनिट भी सहयोग करने को राजी है।

### पीसीओएस के मुख्य लक्षण

- पीरियड्स का अनियमित होना
- वजन का बढ़ना
- चेहरे व शरीर पर अत्यधिक बाल
- अंडेदानी में छोटी-छोटी गांठे (सिस्ट)
- त्वचा पर भूरे रंग के धब्बों का उभरना
- चिड़चिड़ापन महसूस होना

### हार्मोन की स्थिति का भी चलेगा पता

पीसीओएस ग्रस्त मरीज में हार्मोन असंतुलन हो जाता है। जब तक दवा चलती है, तब तक मरीज ठीक रहती है। इन दवायों का असर मरीज का क्या पड़ता है, इसे जांचने के लिए शोध किया जा रहा है। दवा देने से पहले मरीज की एफएसएचएलएच जांच की जाएगी, जिसमें मरीज के हार्मोन की स्थिति का पता लगाया जाएगा। तीन महीने तक दवा चलाकर हार्मोन संतुलित हुए हैं या नहीं यह परखा जाएगा।


## कानपुर नगर निगम

**निगम निविदा सूचना**

**निविदा संख्या–04/मु0अभि0/2024–25**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या 10 दिनांक 27.06.2024
2. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या 02 दिनांक 11.07.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

Ro no.26 दिनांक: 19.06.2024

**आज का मौसम**

अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं। आंधी, बूंदाबांदी हो सकती है।

43.8° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 04

# अधूरी तहरीर देने से बिल्डरों पर अब तक नहीं हुई एफआईआर

## केडीए ने दी गई तहरीर में पुलिस को नहीं सौंपी सोसाइटी क्षेत्रों में हुई जांच की रिपोर्ट

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा कटरी व डूब क्षेत्र में अवैध रूप से निर्माण करने वाले 71 कॉलोनाइजर्स (विकासकर्ता) पर एफआईआर लटक गई है। केडीए ने पुलिस को रजिस्टर्ड डाक से जो तहरीर भेजी है, उसमें विभागीय अधिकारियों ने स्थलीय जांच की पत्रावली ही नहीं लगाई। इसके साथ केडीए ने किसी अधिकारी को भी नामित नहीं किया जिसकी जानकारी के आधार पर एफआईआर दर्ज हो सके। अब पुलिस ने केडीए को एक पत्र भेज दिया है। जिसमें तहरीर पूरी करने को कहा गया है। पुलिस का कहना है कि इसके बाद ही कॉलोनाइजर्स पर एफआईआर दर्ज होगी।

गंगा कटरी क्षेत्र, हिंदूपुर, सिंहपुर कछार में केडीए की ओर से 13 जून को 39 अवैध प्लाटिंग को चिह्नित कर कुल 71 विकासकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करने के लिये बिठूर थाने में तहरीर दी गई थी। 7 दिन बीतने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। इससे पहले पुलिस गंगा दशहरा की ड्यूटी में व्यस्त होने का हवाला दे रही थी। वहीं, केडीए ने भी इस मामले में तहरीर देने के बाद कोई फॉलोअप नहीं किया जिसकी वजह से पुलिस ने भी कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। बिठूर थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि रजिस्टर्ड डाक से केडीए की ओर से तहरीर दी गई है। इस तहरीर में न तो स्थलीय निरीक्षण की पत्रावली लगी है और न ही किस अधिकारी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया जाए यह साफ किया गया है।

तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी का मामला बनता है इसके तहत वादी और प्रतिवादी का बयान पर मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। तहरीर में जो कमी है उसको लेकर केडीए को पत्र भेज दिया है। जब पत्रावली आएगी तो मुकदमा दर्ज किया जायेगा।




- पुलिस ने केडीए को लिखा पत्र, कहा, एक अधिकारी को नामित करें

### 123 बीघा जमीन पर विकासकर्ताओं का कब्जा

कटरी ख्योरा, बनियापुर, हिंदूपुर, धरपुर, प्रतापपुर हरी, चिरान गांव, गंगापुर केडीए ग्रीन के पीछे, हिंदूपुर डल्लापुर बिठूर, सिंहपुर कछार, वृंदावन धाम सोसयटी मकड़ी खेड़ा में करीब 123 बीघा जमीन पर विकासकर्ताओं ने अवैध प्लाटिंग की है। इनमें कटरी ख्योरा, हिंदूपुर और सिंहपुर कछार में सबसे ज्यादा भू-माफिया सक्रिय हैं। जिसके खिलाफ केडीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुये डूब क्षेत्र में रोक के बावजूद निर्माण कराने वाले विकाकर्ताओं के खिलाफ संबंधित थाने में तहरीर दी।

### बिना नक्शा पास कराए हो रही अवैध प्लाटिंग

प्रवर्तन जोन-1 के विशेष कार्याधिकारी डा. रवि प्रताप सिंह के अनुसार डूब क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही है। एक भी प्लाटिंग पर केडीए द्वारा न तो नक्शा पास कराया जा रहा है और न ही ले-आउट पास कराया गया था।

### बोले जिम्मेदार

यह प्रकरण केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य देख रहे हैं। उनसे एक बार मैं भी कह दे रहा हूं। तहरीर में जो कभी है उसे पूरा किया जायेगा। ताकि एफआईआर में जो बाधा है उसे दूर किया जा सके। – मदन सिंह गर्ब्याल, केडीए

### 12 करोड़ की टॉय ट्रेन जंग खा रही



**2 साल से जंगल में खड़ी है ट्रेन :** कानपुर प्राणि उद्यान में जंगल में पेड़ों-झाड़ियों में विगत लगभग दो वर्षों से खड़ी है बच्चों की टॉय ट्रेन। 7 अक्तूबर 2014 को मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कानपुर प्राणि उद्यान में 12 करोड़ 30 लाख की लागत से बच्चों के लिए टॉय ट्रेन को झंडी दिखाकर शुरूआत की थी। अव्यवस्थाओं के कारण टॉय ट्रेन पर चढ़ने के दौरान सरकारी प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका रामादेवी बंगाली कालोनी चकेरी की निवासी अंजू शर्मा की मौत हो गई थी। जिसके बाद टॉय ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया था। टॉय ट्रेन के इंजन की गुणवत्ता पर तो कभी टॉय ट्रेन का बीमा व सुरक्षा पर सवाल समय-समय पर उठते रहे। लेकिन विवादों में रही छुक-छुक टॉय ट्रेन रुक-रुक कर चलती रही। शिक्षिका की मौत के बाद टॉय ट्रेन का पांच करोड़ का बीमा कराने के बाद टॉय ट्रेन को पुन: चालू किया गया परंतु कुछ माह चलने के बाद वर्ष 2022 से यह फिर बंद हो गई। तबसे टॉय ट्रेन प्राणि उद्यान के जंगल में जंग खा रही है। रेल पटरी पर झाड़ियां उग आई हैं। फोटो-मनोज तिवारी

## एक नजर

### अचार- मुरब्बा बनाने के प्रशिक्षण को मांगे आवेदन

**कानपुर।** राजकीय फल सब्जी संरक्षण केंद्र, सर्वोदय नगर में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। इस प्रशिक्षण केंद्र में युवक व युवतियों को मौसमी फल व सब्जियों से विभिन्न पदार्थ बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इनमें अचार, मुरब्बा व सिरका सहित अन्य पदार्थ शामिल हैं। प्रवेश लेने वालों की सिर्फ 20 रुपये फीस है। फीस के साथ अपना आधार देना होता है। संस्थान के प्रभारी वीके मिश्रा ने बताया कि इस साल दो सौ युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### केबल चोर दबोचा

**कानपुर।** बर्रा-2 भोलेश्वर मंदिर के पास से केबल चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक कंपनी एबीसी केबल बिछा रही है। शुक्रवार को चोरों ने केबल पार कर दिया था। बर्रा इंस्पेक्टर टीबी सिंह ने बताया कि बर्रा विश्वबैंक कच्ची मड़ैया निवासी शुभम वर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

# हीटस्ट्रोक से जलकल कर्मी समेत 10 और लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रचंड गर्मी में 24 घंटे के भीतर कानपुर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में जलकल कर्मी समेत 10 और लोगों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस से लेकर मार्चुरी तक अज्ञात शवों के ढेर लगे हुए हैं। जिससे उठने वाली सड़ांध से आधा किलोमीटर दूर तक सांस लेना दूभर है।

नवाबगंज थानाक्षेत्र के सूर्य विहार के रहने वाले 54 वर्षीय राजेश्वर जल संस्थान गंगाबैराज में फिल्टर ऑफिस में कार्यरत थे। वहीं पर उन्हें रुकने के लिए क्वार्टर मिला था। बेटे रोहित ने पुलिस को बताया कि दो दिन से पिता का फोन नहीं उठ रहा था तो जाकर देखा तो उनका शव फर्श पर पड़ा हुआ था। रोहित का कहना है कि भीषण गर्मी ने पिता की जान ले ली। रावतपुर गांव निवासी 45 वर्षीय आनंद कुमार पनकी थानाक्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम करते थे। भाई रंजीत ने बताया कि वह साइकिल से मंगलवार को फैक्ट्री गए थे, इसी दौरान दोपहर में गर्मी के कारण चक्कर आकर हालत बिगड़ी और सड़क पर गिर गये। कर्मचारियों ने हैलट अस्पताल पहुंचाया। तब तक उनकी सांसे थम चुकी थीं। सचेंडी थानाक्षेत्र के छत्तापुरवा निवासी 42 वर्षीय राजू सिंह सोमवार को गांव के चार दोस्तों के साथ खाटू श्याम गया था। भाई जगदीश ने बताया कि वहां गर्मी में उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई। रायपुरवा के राखी मंडी निवासी 56 वर्षीय विनोद सफाई कर्मी था। उसके बेटे अभिषेक ने बताया कि वह घर से काम करने के लिए निकले थे।

बाद में सूचना मिली कि वह परेड में ठेके के पास सड़क पर पड़े हैं। अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मध्यप्रदेश के भानपुरा के मंदसौर निवासी 42 वर्षीय लेखराज ट्राला में हेल्परी करता था। भाई रामगोपाल ने बताया कि वह कल ट्रांसपोर्ट नगर सामान लेकर आया था। जहां उसकी तेज पसीना आकर तबियत बिगड़ी और अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। सचेंडी निवासी राजू सिंह (42) तीन दिन पूर्व खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे। बुधवार को वहां से वापस बस से आए और पैदल घर की तरफ तेज धूप में जा रहे थे। अचानक चक्कर आकर गिर पड़े और मौत हो गई। इसी प्रकार जिला हमीरपुर के ग्राम हथगांव निवासी 70 वर्षीय वृद्ध छंगा बस से गंगा दशहरा पर गंगा स्नान करने के लिए बिठूर आए थे। गंगा नहाने के बाद पिता की तबियक बिगड़ गई और हैलट में उनकी मौत हो गई। कानपुर देहात के पुरवा माती निवासी 45 वर्षीय योगेंद्र सिंह मंगलवार को अपनी बहन के घर फतेहपुर जा रहे थे। वह घंटाघर पहुंचे तो लू के थपेड़ों के बीच चक्कर आना शुरू हो गए। वह हिम्मत करके किसी तरह कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक तक पहुंचे और गिर पड़े। वहीं उनकी सांसें थम गईं। इसी प्रकार कानपुर देहात रूरा निवासी 58 वर्षीय गणेश अवस्थी का शव चकेरी की सनिगवां चौकी के पास पड़ा मिला। अनवरगंज थानाक्षेत्र में 45 वर्षीय पुरुष का शव मिला वहीं रायपुरवा क्षेत्र में 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला।



तेज गर्मी में बदन ढककर निकल रहीं युवतियां। अमृत विचार

- पोस्टमार्टम हाउस में लगे शवों के ढेर, फैली सड़ांध

### अस्थाई मार्चुरी का चल रहा निर्माण

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच अफसरों के निरीक्षण के बाद पोस्टमार्टम हाउस में अस्थाई मार्चुरी का निर्माण किया जा रहा है। टिन शेड वाली मार्चुरी के नीचे 47 डिग्री की गर्मी में शवों का बुरा हाल होता है। अपनों के शव लेने आए परिजन रैनबसेरे में बैठते हैं। जहां पंखे आग उगल रहे हैं। परेशान लोग मेट्रो के ट्रैक की छांव में डिवाइडर पर पनाह ले रहे हैं।

### किसी काम के नहीं डीप फ्रीजर

रेडक्रास सोसाइटी ने वर्षों पूर्व पोस्टमार्टम हाउस को चार शवों को रखने के लिए चार डीप फ्रीजर दिए थे। पोस्टमार्टम के कर्मचारियों ने बताया कि उनका मेंटीनेंस कभी भी नहीं किया जाता जिस कारण वह आए दिन खराब हो जाते हैं। लो वोल्टेज में तो चालू भी नहीं रह पाते। ऐसे में जहां दर्जनों की संख्या में शव मिल रहे ऐसे में ये किसी के काम नहीं आ रहे हैं।

### पोस्टमार्टम हाउस में सड़ांध और भीड़

शहर में मिलने वाले ज्ञात और अज्ञात शवों के कारण पोस्टमार्टम हाउस से लेकर मार्चुरी तक सड़ांध फैली हुई है। इससे आधा किलोमीटर के आसपास रहने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। सोमवार को जहां 20 लोगों की मौत हो गई। वहीं मंगल को संख्या बढ़कर 23 पहुंची। बुधवार को गर्मी से मरने वालों की संख्या 10 रही। पोस्टमार्टम हाउस से लेकर बाहर तक ग्रीन बेल्ट में चढ़कर लोगों की भीड़ लगी रही।

### फिर से पानी का टैंकर और स्ट्रेचर पहुंचाए

नौतपा में शहर में हो रही मौतों ने सबको हिलाकर रख दिया था। डीएम राकेश सिंह के निर्देश पर पोस्टमार्टम हाउस में अपर जिलाधिकारी और सीएमओ को भेजा गया था। उनके निरीक्षण के बाद पोस्टमार्टम हाउस में पानी पीने का टैंकर, कूलर और स्ट्रेचरों की व्यवस्था कराई गई थी। बीच में मौतों का ग्राफ घटा तो व्यवस्थाएं वापस ले ली गईं। एक बार फिर से गर्मी में मौत तांडव कर रही है, जिसके बाद बुधवार को फिर से यही व्यवस्थाएं लोगों को मिलने लगीं।

### गर्मी के तीन माह बीते अब पौशाला की याद आई

**कानपुर।** अप्रैल से शहर में तेज गर्मी पड़ रही है, पिछले दो महीने तो विकट तपिश के रहे और अब 22 जून से प्री-मानसून की घोषणा भी हो गई है। ऐसे में नगर निगम को अब अस्थायी पौशाला (प्याऊ) लगाने की याद आई है। महापौर प्रमिला पांडेय के निर्देश पर नगर निगम ने मुख्य स्थानों पर प्याऊ लगाने के निर्देश दिये हैं। अपर नगर आयुक्त प्रथम द्वारा जोन अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्थल का चिन्हांकन करते हुये पौशाला स्थापित करने को कहा है। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने पौशाला के लिये आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने और उसके संचालन के लिये सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। बता दें कि हर वर्ष गर्मी शुरू होते ही पौशाला लगवाई जाती थीं। इस वर्ष गर्मी के तीन महीने बीतने के बाद भी पौशाला नहीं लगाई गई हैं। शहर में जो पौशाला हैं वह सामाजिक संस्थाओं ने आपसी सहयोग से लगाई हैं।

### किचन में महिला बेहोश

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन के रनिंग रूम में किचन में महिला बेहोश होकर गिर पड़ी। रेल संविदा कर्मचारी यूनियन के महामंत्री रमेश कनौजिया ने बताया कि रनिंग रूम में किचन कर्मचारी सनम काम करती हैं। उसने दो माह पहले स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार तिवारी को बताया था कि किचन का एग्जास्ट खराब है, मगर सुनवाई नहीं हुई। भीषण गर्मी में बुधवार को सनम बेहोश होकर गिर पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला से यह कहा गया कि काम करना हो तो करो, तुम ठेकेदार के कर्मचारी हो। मुझे कोई लेना देना नहीं है।



नानाराव पार्क में जांच करने पहुंची पशुचिकित्सालय व वन विभाग की टीम।

# पानी की अत्यधिक कमी के कारण मरे थे चमगादड़

**कानपुर।** नानाराव पार्क में मरे चमगादड़ों की जांच करने बुधवार सुबह पशु चिकित्सकों, वन विभाग और नगर निगम की टीम पहुंची। टीम ने पार्क में मृत मिले चमगादड़ों को एकत्र कर दफनाया और चार का पोस्टमार्टम कर मौत का कारण जाना। उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार राजपूत ने बताया कि चमगादड़ों की मौत शरीर में पानी की अत्यधिक कमी के कारण हुई है।

नानाराव पार्क में बीते तीन-चार दिन से चमगादड़ों की मौत का सिलसिला जारी था। बुधवार सुबह सदर पशुचिकित्साधिकारी डॉ. सुशील कुमार, लाल बंगला पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हरीकांत, वन विभाग और नगर निगम की टीम पार्क पहुंची और सफाई अभियान चलाया। पार्क में मरे पड़े चमगादड़ों को एकत्र कर दफनाया। दवा कर छिड़काव किया। उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार राजपूत ने बताया कि चार चमगादड़ों का पोस्टमार्टम किया गया है। जिसमें शरीर में पानी की अत्यधिक कमी पाई गई है। चमगादड़ों को पार्क में पीने का पानी न मिल पाने के कारण मौत हुई है। इससे संक्रमण आदि की समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि चमगादड़ पक्षी नहीं है, यह भी स्तनधारी जीव होता है। पानी की कमी से चमगादड़ का कंठ सूखने लगता है। कंठ सूखने से उसकी मौत हो जाती है।

- चिकित्सकों की टीम, फॉरेस्ट ऑफिसर पहुंचे नानाराव पार्क

### आत्महत्या को दुष्प्रेरित करने वाले को भेजा जेल

**कानपुर।** गोविंद नगर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कल्याणपुर लवकुश विहार निवासी अमित पांडेय को जेल भेजा है। गुजैनी निवासी बर्तन कारोबारी के इकलौते बेटे ने बीते नवंबर में आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने बहू पर अन्य लड़कों से बातचीत करने व बहू के दोस्तों द्वारा बेटे को धमकाए जाने का आरोप लगाया था। इसकी शिकायत जब बेटे के ससुरालीजनों से की तो मारपीट की थी। इससे तंग आकर बेटे के सुसाइड करने का आरोप लगाया था।

# प्रवर्तन दल ने सवा चौदह टन कैरीबैग पकड़े

**कानुपर।** प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में मंगलवार देर रात यशोदा नगर बाईपास पर 485 बोरी कैरीबैग पन्नी से लदा एक ट्रक पकड़ा गया। ट्रक को नगर निगम परिसर में खड़ा कर दिया गया। जांच पड़ताल में ट्रक में लदी पन्नी की खेप का कुल वजन 14,260 किलो (सवा चौदह टन) निकला। ट्रक मालिक से राजस्व निरीक्षक विकास कुमार द्वारा एक लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। यह माल ट्रांसपोर्ट नगर से फर्जी बिलों पर नैनी, प्रयागराज जा रहा था। अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार इंद्रजीत आदि शामिल रहे।

# इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवक ने फांसी लगा ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में एक युवक ने इंस्टाग्राम में लाइव आकर पंखे से साड़ी का फंदा बांधकर आत्महत्या कर ली। मृतक के दोस्त ने देर रात घटना देखा तो जानकारी उसने परिजनों को दी। परिजन घटना के पीछे के कारण नहीं बता सके हैं। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने उसका मोबाइल कब्जे में ले लिया है।



अभिषेक गौतम।

- हनुमंत विहार थानाक्षेत्र की घटना, पुलिस ने फोन कब्जे में लिया

खाड़ेपुर योगेंद्र विहार निवासी टीकाराम का 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक गौतम शादी समारोह में काम करता था। परिवार में मां कुसमा, बड़ा भाई लखन व तीन बहनें निशा, अनीशा व मनीषा हैं। परिजनों के अनुसार उसके एक दोस्त शुभम ने देर रात देखा तो उसने घटना का जानकारी परिजनों को दी। परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो देखा वो फंदे पर लटक रहा था। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

मृतक अभिषेक के जीजा कुलदीप ने बताया कि मंगलवार रात अभिषेक ने सभी के साथ रोज की तरह खाना खाया। इसके बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। उसने देर रात तकरीबन 1.30 बजे इंस्टाग्राम पर लाइव आकर फांसी लगाई। इस संबंध में थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

### ऑनलाइन था और पिता का फोन नहीं लगा

दोस्त शुभम ने पुलिस को बताया कि अभिषेक मंगलवार देर रात ऑनलाइन था। उसने अभिषेक को लाइव देखा और उसके वीडियो पर गया। उसने देखा कि अभिषेक गले में फंदा डालने जा रहा है तो उसने तुरंत उसके पिता को फोन मिलाया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# एक अगस्त से शहर में लागू होगा नया सर्किल रेट

**कानपुर।** नए सर्किल रेट के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। तहसीलदारों व लेखपालों को सर्वे का काम सौंपा गया है। डीएम ने बुधवार को अधिकारियों को आदेश दिए कि जल्द सर्वे का काम खत्म किया जाए। एक अगस्त से नया सर्किल रेट लागू होगा।

नए सर्किल के लिए कई बिंदुओं को ध्यान में रखकर सर्वे रिपोर्ट तैयार की जानी है। इस पर अधिकारी 15 दिन से मंथन कर रहे हैं। डीएम राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को बैठक में अधिकारियों से कहा कि नौ साल बाद सर्किल रेट जारी किया जा रहा है। हर बिंदु को सर्वे रिपोर्ट में शामिल किया जाए। जैसे किस क्षेत्र में सड़कों के चौड़ीकरण पर काम हुआ है। कहां सिंगल लेन से सड़क डबल लेन हो गई है। कौन से नए रिहायशी इलाके बसें हैं। किन-किन क्षेत्रों में जल निगम व जलकल, सीवर और पेयजल लाइन का काम हो चुका है। शहर का सीमा विस्तार हो रहा है। बीते दिनों केडीए और नगर निगम ने कानपुर और कानपुर देहात और उन्नाव क्षेत्र के कई गांव को अपनी सीमा में शामिल करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। ऐसे में नगर क्षेत्र का विस्तार भी स्वाभाविक है। जिसके चलते जमीनों का सर्किल रेट बढ़ना भी तय है। इन चीजों का भी सर्वे में ध्यान रखा जाए कि जमीन हाईवे के आसपास की है, क्षेत्र में कोई नई योजना तो नहीं प्रस्तावित है। नगर सीमा में आए ग्रामीण क्षेत्रों में कोई आवासीय योजना तो नहीं आनी है। इन सबका आंकलन कर सर्वे रिपोर्ट तैयार करें।

- डीएम ने सर्वे रिपोर्ट तैयार करने के दिए निर्देश


**मौसम का मिजाज** — बदली और सूरज की आंख मिचौली से लुढ़का पारा

# बेहटा बुजुर्ग के मंदिर से अच्छी बारिश के संकेत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में बेहटा बुजुर्ग स्थित जगन्नाथ जी का मंदिर इस बार अच्छी मानसूनी बारिश के आसार जता रहा है। हमीरपुर में बारिश और महोबा की आंधी से शहर में मौसम का मिजाज थोड़ा नर्म हुआ है। बदली और सूरज की आंख मिचौली से मंगलवार की तुलना में 1.4 डिग्री पारा लुढ़का है।

बुधवार को कानपुर नगर में पारा 43.8 डिग्री सेल्सियस पर रिकार्ड किया गया है। हाई क्लाउड्स के चलते बदली और सूरज की आंखमिचौली तो हुई लेकिन आसमान से बरस रही आग से राहगीरों को राहत नहीं मिली। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडे ने बताया कि रफ्तार से चल रहे लू के थपेड़ों से अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री ऊपर चढ़कर 43.8 डि.से. दर्ज हुआ वहीं न्यूनतम तापमान 30 डि.से. रिकार्ड किया गया जो कि सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक था। कल-परसों हल्के बादल छाए रहने और शाम को धूलभरी आंधी एवं गरज चमक के साथ बूंदाबादी होने के आसार हैं।



घाटमपुर के बेहटा बुजुर्ग का जगन्नाथ मंदिर। अमृत विचार

घाटमपुर से करीब 6 किलोमीटर दूर बेहटा बुजुर्ग में श्री जगन्नाथ भगवान का मंदिर है। हाल ही में वहां गया था तो मंदिर में जो बूंदे गिरी थीं वह नहीं सूखीं। जबकि अपना रुमाल भिगो कर अंदर ले गए थे वह करीब एक घंटा 32 मिनट में सूख गया था। ग्रामीणों और इलाकाई लोगों का मानना है कि मंदिर में जब इस प्रकार बूंदें नहीं सूखतीं हैं तो अच्छी बारिश के आसार बनते हैं। वैसे इस बार अच्छी मानसूनी बारिश के आसार बन रहे हैं। उन्होंने बताया बुधवार को औसतन 18 किलोमीटर की

- बुधवार को 43.8 डि.से. दर्ज हुआ अधिकतम तापमान

**यह तापमान रहने की संभावना**

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 20 जून | 43 डि.से. | 30 डि.से. |
| 21 जून | 42 डि.से. | 31 डि.से. |
| 22 जून | 40 डि.से. | 30 डि.से. |

# जाली नोट मिलने पर बैंक प्रबंधक पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब नेशनल बैंक के बाद अब यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सर्वोदय नगर शाखा में 2 हजार के 12 जाली नोट मिले हैं। काकादेव थाने में भारतीय रिजर्व बैंक के दावा अनुभाग प्रबंधक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। तीन बैंकों में जाली नोटों की रकम जोड़कर 54 हजार पहुंच गई है।

काकादेव इंस्पेक्टर काली प्रसाद गौड़ ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक से मिली तहरीर के आधार पर शाखा प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। यहां पर 2,000 के 12 जाली नोट बरामद हुए थे। इंस्पेक्टर के अनुसार इस मामले की विवेचना वह खुद करेंगे। जाली नोटों का स्रोत क्या है, इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। इससे पूर्व नजीराबाद में बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 हजार के 7 जाली नोट और नवाबगंज में पंजाब नेशनल बैंक से 2 हजार के 8 जाली नोट बरामद किए गए थे। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम के अनुसार ये पता लगाया जा रहा है कि ये जाली नोट आ कहां से रहे हैं। गिरोह में कौन-कौन लोग शामिल हैं और वह नोट छापने की मशीन और कागज और नोट छापने की डाई का इंतेजाम कैसे कर रहे हैं।

### सेंट्रल बैंक शाखा प्रबंधक पर भी रिपोर्ट

**कानपुर।** शहर में नकली नोट जमा करने पर फीलखाना थाने में दावा अनुभाग के मैनेजर आईपीएस गहलौत ने बैंक के शाखा प्रबंधक पर नकली नोट जमा करने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कराचीखाना स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैंक के शाखा प्रबंधक ने छह नकली नोट दो हजार रुपये के जमा कराये थे।

# कारखाना संचालक की गोली मारकर हत्या में दो को उम्रकैद

## एडीजे-1 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, साक्ष्यों के अभाव में दो आरोपी बरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्नलगंज में कतरन कारखाना संचालक की गोली मार कर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साक्ष्यों के अभाव में दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। हत्यारों ने वर्ष 2015 में घटना को अंजाम दिया था। कर्नलगंज निवासी फैयाज हुसैन के मुताबिक बजरिया निवासी नसीर उर्फ लाल बादशाह उसके बड़े भाई कतरन कारखाना संचालक सरफराज हुसैन उर्फ मुन्ने से आए दिन पैसों की मांग करता था। जिसकी शिकायत सरफराज ने कर्नलगंज थाने में की थी। पुलिस ने रंगदारी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी नसीर को जेल भेजा था। जिसके बाद से नसीर सरफराज से खुन्नस रखने लगा था। फैयाज ने बताया कि 18 अप्रैल 2015 को वह, भाई सरफराज व एक महिला लाजों घर के नीचे स्थित कारखाने में काम कर रहे थे। इसी दौरान नसीर अपने

- वर्ष 2015 में पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कर्नलगंज थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा



एलनगंज निवासी साथी तफसीर व हीरामन का पुरवा निवासी मो. समी उर्फ पापे के साथ आया और गोली मारकर सरफराज की हत्या कर दी। फैयाज ने नसीर, तफसीर, समी, नूर आलम व मो. नईम के खिलाफ कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी नईम की पत्रावली अलग कर दी गई थी, जबकि अन्य आरोपियों की सुनवाई एडीजे-1 राजेश चौधरी की कोर्ट में चल रही थी। एडीजीसी प्रदीप साहू ने बताया कि कोर्ट ने नसीर व तफसीर को उम्र कैद व 22-22 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई, नूर आलम व मो. समी को दोषमुक्त करार दिया।

### रेप के आरोपी बैंक मैनेजर को जमानत नहीं

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र निवासी युवती को शादी का झांसा देकर रेप व गर्भपात कराने के आरोपी असिस्टेंट बैंक मैनेजर की जमानत याचिका एडीजे 20 की कोर्ट ने खारिज कर दी। कार शोरूम में कार्यरत युवती के मुताबिक उसकी मित्रता चकेरी, घाऊखेड़ा निवासी केनरा बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत अतीत कुमार रवि से वर्ष 2012 में हुई थी। आरोप है कि शादी का झांसा देकर अतीत पिछले 12 सालों से उसके साथ रेप कर रहा था। वर्ष 2022 में गर्भवती होने पर युवती ने अतीत के परिजनों से शादी को कहा तो उन्होंने बहला-फुसला कर उसका गर्भपात करा दिया। दोबारा गर्भवती होने पर शादी का दबाव डाला तो आरोपी समेत उसके परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी अतीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### दवा कारोबारी की हत्या में आरोपी को जमानत नहीं

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी दवा कारोबारी को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर हत्या करने वाले आरोपी जमानत याचिका एडीजे 20 की कोर्ट ने खारिज कर दी। 6 मार्च 2024 को आरोपी ने दवा कारोबारी की पत्नी के साथ मिल कर घटना को अंजाम दिया था। वाई ब्लॉक किदवई नगर निवासी पुनीत कुमार शर्मा का इकलौता बेटा प्रतीक शर्मा (35) आवास विकास नौबस्ता निवासी आयुष शर्मा के साथ दवा का कारोबार करता था। 6 मार्च को प्रतीक पत्नी नेहा व दो बच्चे मान्या (5) व अभिराज (3) के साथ फैजाबाद स्थित अपनी ससुराल गया था। 12 मार्च को नेहा अपने दोनो बच्चों के साथ वापस लौट आई और प्रतीक के बाराबंकी में रुकने की बात कही। 16 मार्च को नेहा घर से चली गई और वापस न लौटी। शक होने पर पुनीत ने नौबस्ता थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि नेहा ने आयुष के साथ मिलकर लखनऊ के होटल में शराब में नशीला पदार्थ मिला कर उसकी हत्या कर दी और अंतिम संस्कार भी कर दिया था।

## महिला से रेप की आशंका पर बनाई गई स्लाइड

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में कांशीराम अस्पताल के परिसर में मिले महिला के शव की शिनाख्त पांच दिन बाद भी नहीं हो पाई है। इस मामले में चौथे दिन मंगलवार रात को पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। डॉक्टर के अनुसार शव 4-5 दिन पुराना है। महिला से दुष्कर्म की आशंका को लेकर डॉक्टर ने स्लाइड बनाई है। साथ ही बिसरा सुरक्षित किया है। पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

- कांशीराम अस्पताल के परिसर में मिला था शव

15 जून की सुबह कांशीराम अस्पताल में निर्माणधीन एमआरआई बिल्डिंग के पास झाड़ी में महिला का शव पड़ा मिला था। डीसीपी पूर्वी समेत फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र कर जांच की थी। शिनाख्त न हो पाने के बाद शव को मार्चुरी में रखवा दिया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। महिला की मौत कैसे हुई, यह खुलासा भी नहीं हो पाया है। कई टीमें जांच में लगी हैं।

# नाले पर बने पक्के-कच्चे मकान ढहाए

- महापौर ने नौबस्ता पश्चिम क्षेत्र वार्ड-65 में चलवाया अभियान
- नगर निगम की एक महिला कर्मचारी अभियान रुकवाने को करती रही फोन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में नालों के ऊपर कब्जों की वजह से नाला सफाई बुरी तरह प्रभावित है। इसको लेकर महापौर प्रमिला पांडेय ने अभियान छेड़ रखा है। बुधवार को महापौर ने नौबस्ता पश्चिम क्षेत्र वार्ड-65 में नाले के ऊपर बने एक दर्जन से अधिक कई पक्के-कच्चे निर्माण पर बुलडोजर चलवा दिया। यहां करीब एक किलोमीटर नाले के ऊपर लोगों ने कब्जा कर रखा था। जिसके चलते नाला सफाई कार्य नहीं हो पा रहा था। महापौर ने बताया कि 40 फिट चौड़ा नाला अब अतिक्रमण मुक्त हो गया है।

क्षेत्रीय पार्षद योगेंद्र शर्मा ने नाले के ऊपर कब्जों की शिकायत महापौर प्रमिला पांडेय से की थी। जिसके बाद बुधवार को महापौर प्रमिला पांडेय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी के साथ दलबल लेकर मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बुलडोजर बुलाकर तत्काल अतिक्रमण स्वयं खड़े होकर गिरवाया। इस दौरान क्षेत्र के कई लोग विरोध पर उतर आए। जिसको प्रवर्तन दल से लाठी पटककर खदेड़ दिया। महापौर ने बताया कि चतुर्वेदी बिल्डिंग से लेकर गोल्डन आर्मी पब्लिक स्कूल तक करीब आधा किलोमीटर पर लोगों ने कच्चे पक्के निर्माण करा रखे थे। गोल्डन आर्मी पब्लिक स्कूल से लेकर परिहार स्क्रैप तक नाले के ऊपर एवं ग्रीन बैल्ट में काबिज कब्जे को अतिक्रमण को अपने सामने ध्वस्त कराया। कई लोग तो घर बनवाकर रह रहे थे। इससे नाला पूरी तरह से बंद हो गया। इसके अलावा नगर निगम ने ग्वालटोली, परेड, गड़रियनपुरवा में नाले के ऊपर किये गये अवैध निर्माण को तोड़ दिए।

महापौर ने कहा कि नाले के ऊपर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिये हर रोज एक घंटा अभियान चलेगा। बुधवार को अभियान में सिद्धार्थ सिंह, हरी जी वर्मा, नानक चन्द्र एवं जेडएसओ आशीष बाजपेई मौजूद थे।



नौबस्ता में नाले के ऊपर अवैध निर्माण को गिरवातीं महापौर प्रमिला पांडेय।

### आउटसोर्स कर्मचारी कब्जे के समर्थन में रही

नगर निगम जोन पांच में तैनात एक आउटसोर्स महिला कर्मचारी सोनी ने अभियान को रुकवाने की भरपूर कोशिश की। महापौर ने बताया कि आउटसोर्सिंग में तैनात कर्मचारी ने कई बार फोन किया और कहा अभियान रोक दीजिए। महापौर ने कहा कि नगर निगम कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के लिये जोनल अधिकारी को निर्देश दिये हैं।

## पुरानी पेंशन की जाए बहाल

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की ओर से बुधवार को सर्वोदय नगर कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक के दौरान शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली पर चर्चा की। मांग की कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

इस दौरान यह तय किया गया कि नए सत्र के पहले दिन से ही स्कूलों में जाकर कर्मचारियों के बीच संगठन की इस मांग पर प्रचार किया जाएगा। इसके लिए संगठन के सदस्य हर सप्ताह के तीसरे दिन स्कलों में जाएंगे।

बैठक के दौरान पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदेश के अन्य जिलों में भी मौजूद सदस्यों के साथ भी संपर्क बनाए रखने की सीख दी गई। बैठक के दौरान संतोष तिवारी, विपिन शुक्ला, विभांश त्रिपाठी, विनोद निगम, अतुल तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।



छावनी में सांसद रमेश अवस्थी ने 10 दुकानों का लोकार्पण किया। अमृत विचार

# छावनी के घाटों का सुंदरीकरण होगा

संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** सांसद रमेश अवस्थी ने बुधवार को छावनी में 10 नंबर कैंटीन के पास 10 दुकानों का लोकार्पण किया। सांसद ने उद्घाटन की रस्मअदायगी की।

सांसद अवस्थी ने कहा की कानपुर नगर के साथ साथ छावनी क्षेत्र में भी विकास पर जोर दिया जाएगा। यहां के घाटों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कर छावनी क्षेत्र की अलग पहचान बनाई जाएगी।

इस अवसर पर कैंट के ब्रिगेडियर विजय कुमार पुनिया (बोर्ड के सीईओ) अनुज गोयल नव नियुक्त सीईओ स्टीफिन पीडी (छावनी परिषद के नामित सदस्य) भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमीत तिवारी लखन लाल ओमर निवर्तमान सभासद प्रस्तावना तिवारी राजू अपना छावनी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। देर शाम सांसद रमेश अवस्थी जम्मू में तीर्थ यात्रियों की बस में आतंकी हमले में घायल जवाहर नगर के निवासी दिनेश चंद्र गुप्ता के आवास पर पहुंचकर पारिवारिक सदस्यों को ढांढस बंधाया।

# ई-केवाईसी होने पर ही एक्टिव रहेगा राशन कार्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राशन कार्ड में दर्ज सभी लोगों को लगाना होगा अंगूठा, नहीं तो कार्ड रिजेक्ट
- विवाहिता बेटी और मृतकों की देनी होगी जानकारी, नई बहुओं के जुड़ेंगे नाम
- कोटेदार घर-घर भी जा सकते हैं केवाईसी कराने

**अमृत विचार।** हर माह अगर राशन लेना है तो राशन कार्ड धारक को ई-केवाईसी कराना होगा। राशन कार्ड पर परिवार के जितने सदस्यों का नाम दर्ज है, सभी को ई-केवाईसी के तहत अंगूठा लगाना होगा। जरूरत पड़ने पर कोटेदार घर-घर जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। अगर ई-केवाईसी नहीं हुई तो राशन कार्ड रिजेक्ट हो जाएगा। यह व्यवस्था हर प्रकार के राशन कार्ड धारकों पर लागू होगी।

नई गाइड लाइन के तहत ई-केवाईसी जरूरी है। शहर में 20 जून गुरुवार से यह प्रक्रिया शुरू होगी। इस संबंध में हर कोटेदार को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि ई-केवाईसी की अंतिम डेट अभी निर्धारित नहीं की गई है। सभी प्रकार के कार्ड धारकों को ई-केवाईसी करानी है। अगर कार्ड के पांच लोगों का नाम दर्ज हैं, उसमें अगर कोई बच्चा भी है तो उसे भी ई-केवाईसी के तहत मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। यह जिम्मेदारी कोटेदारों को दी गई है। निगरानी के लिए टीम बनाई गई है। राशन कार्ड धारकों को ई-केवाईसी के लिए कोटेदार से संपर्क करना होगा। अगर जरूरत पड़ी तो कोटेदार घर-घर जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही ई-केवाईसी की अंतिम तारीख निर्धारित कर दी जाएगी। इस काम में तीन-चार माह का समय लग सकता है। उसके बाद अगर किसी ने ई-केवाईसी नहीं कराई है तो उसका राशन कार्ड निरस्त हो जाएगा।



### ई-केवाईसी कराने का उद्देश्य

- ई-केवाईसी के आदेश विभाग से इसलिए दिए गए हैं, क्योंकि राशन कार्ड में कई ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जो कार्ड के राशन का उपयोग नहीं करते हैं। मसलन जैसे किसी लड़की की शादी हो चुकी है, वह अपनी ससुराल में है और राशन लिया जा रहा है। किसी का निधन हो चुका है और नाम राशन कार्ड में चढ़ा है। ऐसे सदस्यों का नाम कार्ड से हटवाने के लिए ई-केवाईसी कराई जा रही है। जो एक्टिव सदस्य हैं उन्हें ही राशन दिया जाएगा। इस प्रक्रिया में नई बहुओं का नाम जोड़ा जा सकता है।

### ई-केवाईसी के लिए जरूरी प्रपत्र

- ई-केवाईसी में पहचान की पुष्टि और पर्सनल जानकारी डिजिटल रूप में प्राप्त की जाती है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि पात्रों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा करनी होगी। ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। हर राशन कार्ड के इस डाटा को सुरक्षित रखा जाएगा। इसी के साथ यह प्रक्रिया निर्धारित समय पर दोहराई जाएगी। राशन लेने के लिए यह प्रक्रिया अनिवार्य है।

# आरोप, थाने से फरार हुआ हत्यारोपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीसीपी साउथ से शिकायत, पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया
- मृतक के भाई का आरोप, हत्यारोपी को सिम देने वाले को भी थाने से छोड़ा

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार पुलिस ने कैब चालक पुष्पेंद्र हत्याकांड में किशोर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा, लेकिन बुधवार को उसी पुलिस की कार्यशैली पर मृतक कैब चालक के परिजनों ने उंगली उठा दी। परिजन डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचे और एक आरोपी को क्लीन चिट व मुख्य आरोपी के थाने से फरार होने के गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण उन्हें शव देखने तक को नहीं मिला।

बांदा, तिंदवारी थानाक्षेत्र के बैंदा गांव निवासी कैब चालक पुष्पेंद्र सिंह की 13 जून को गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को हनुमंत विहार पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी निखिल व उसके किशोर साथी को हिरासत में लिया था।

खुलासे से असंतुष्ट परिजन बुधवार को डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार के कार्यालय पहुंचे। मृतक के छोटे भाई एयरफोर्स कर्मी रणवीर सिंह ने बताया कि 13 जून को गुमशुदगी दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि उसी दिन पनकी पुलिस ने पुष्पेंद्र का शव कपली अंडरपास के पास अज्ञात के रूप में बरामद कर लिया था। इसके बाद भी हनुमंत विहार पुलिस 17 जून को शिनाख्त कर पाई। रणवीर ने बताया कि 15 जून को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से हनुमंत विहार पुलिस की लापरवाही की शिकायत करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। आरोप है कि जिस सिम से पुष्पेंद्र को हत्यारोपी विशाल ने फोन किया, वह सिम विशाल के घर में किराए पर रहने वाले बीएससी के छात्र का है। आरोप है कि पुलिस ने छात्र को हिरासत में लेकर कुछ समय बाद छोड़ दिया। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि विशाल ने बीएससी छात्र की आईडी से एक वर्ष पूर्व सिम लिया था। जांच में प्रथम दृष्टया छात्र दोषी नहीं पाया गया, आरोपों की जांच की जाएगी।

# शहर में 50 दिन में मिले 226 अज्ञात शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 1 मई से लेकर 31 मई तक शहर में कुल 84 अज्ञात शव पड़े पाए गए। 1 जून से लेकर 19 जून तक 142 शव अलग-अलग क्षेत्रों में पड़े मिले हैं। इनमें से एक की भी शिनाख्त नहीं हो सकी। कुल मिलाकर 50 दिनों में कानपुर कमिश्नरेट में 226 अज्ञात शव पड़े मिले। आखिर इतनी बड़ी संख्या में अज्ञात शव क्यों मिल रहे हैं, इसका जवाब पुलिस अफसरों के पास नहीं है।

इन लोगों की मौत का कारण जिला प्रशसन ने बीमारी और अन्य कारण बताए लेकिन हीट स्ट्रोक और प्रचंड गर्मी से पुष्टि नहीं मान रहा है। पोस्टमार्टम से लेकर मार्चुरी तक चारों ओर शवों से उठती सड़ांध है। बुधवार को आठ अज्ञात शवों का पोस्टमार्टम किया गया। वहीं अभी भी तकरीबन 30 के आसपास शव मार्चुरी में रखे हैं। सूत्र बताते हैं कि शहर के 52 थानाक्षेत्रों में कहीं भी अज्ञात शव मिल रहे हैं तो पुलिस शिनाख्त कराने का प्रयास छोड़ सीधा मार्चुरी भिजवा रही है। नियमानुसार 72 घंटे का समय काटकर पंचनामा भरकर कागजी कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम करा देती है। इसके बाद भैरव घाट विद्युत शवदाह गृह में अंतिम संस्कार करा देती है।

# 1.57 करोड़ की ठगी में दो पर गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र की घटना, प्रभारी निरीक्षक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में रियल स्टेट कारोबारी को असली सोना दिखाकर नकली सोना बेचने के मामले में गुजरात के दो ठगों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ये कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने की है। उनके अनुसार आरोपी अंतरराज्यीय स्तर का गिरोह संचालित कर रहे हैं।

गड़रिया मोहाल निवासी रियल स्टेट कारोबारी संतोष के साथ 1.57 करोड़ रुपये की ठगी होने के बाद उन्होंने हरबंशमोहाल थाने में 16 अप्रैल 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। क्राइम ब्रांच ने जांच की थी। तत्कालीन डीसीपी क्राइम सलमान ताज पाटिल और वर्तमान एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर की टीम ने 3 दिसंबर 2023 को मुस्लिम चौकड़ी खसरा ग्राउंड भुज सिटी कच्छ गुजरात निवासी इशाक समा और आसापुर मंदिर खावड़ा कच्छ भुज गुजरात निवासी समा अली मामद जकरा को भुज से गिरफ्तार किया था।




उन्होंने बताया कि इशाक ने कारोबारी संतोष से हंसमुख भाई पटेल और समा अली मामद जकरा ने संजय पटेल बनकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया था।

हरबंश मोहाल इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि इशाक समा और समा अली मामद जकरा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों नाम बदलकर कारोबारियों को ठगने का काम करते हैं। असली सोना दिखा उन्हें पीतल बेच देते हैं। नाम बदलकर ठगी करने के कारण कोई अन्य कारोबारी इनका पता लगाकर एफआईआर दर्ज नहीं करा पाया है। इनका बाकायदा संगठित गिरोह है जिसने दर्जनों लोगों को ठगा है। दोनों की संपत्तियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपियों की संपत्तियों का जब्तीकरण होगा।

अवसर | सेवायोजन विभाग के रोजगार मेले में 9 निजी कंपनियों ने किया प्रतिभाग

# नर्वस हो गए युवा, नौकरी का मौका गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेवायोजन विभाग में बुधवार को लगे रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं के हाथों से रोजगार का मौका निकल गया। इसकी वजह युवाओं का साक्षात्कार के समय नर्वस हो जाना रहा। कई युवा निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष अपना कॉलेज बताने में भी झिझक गए। कई युवाओं ने शहर के बाहर नौकरी करने के लिए इनकार कर दिया।

रोजगार मेले में 9 कम्पनियों से आए प्रतिनिधियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए। मेले में 266 युवाओं ने शिरकत की। इनमें 76 युवाओं को ही रोजगार हासिल हो सका। इसकी वजह युवाओं की साक्षात्कार के लिए तैयारी न होना बताया जा रहा है। निजी कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि साक्षात्कार के लिए आए युवा बगैर किसी तैयारी के थे। तैयारी न होने से वे नर्वस हुए जिससे नौकरी नहीं हासिल कर सके। कई युवा इतनी बेहतर तैयारी के साथ थे कि बगैर किसी शैक्षिक योग्यता के उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। सहायक निदेशक उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि विभाग के अगले रोजगार मेले से तीन दिन पहले सीवी देने वाले युवाओं की काउंसिलिंग की जाएगी। उन्हें साक्षात्कार का मॉक ड्रिल भी कराया जाएगा। इससे एकदम से साक्षात्कार देने आए युवाओं के भीतर हुई हिचक दूर की जा सके।



रोजगार मेले में साक्षात्कार देता युवा। अमृत विचार

- अहमदाबाद की कंपनी में जाने के लिए युवाओं ने कर दिया मना, नहीं गए दूर

### 150 पद थे

रोजगार मेले में गुजरात व अहमदाबाद के लिए भी युवाओं ने साक्षात्कार दिया। इस कंपनी ने युवाओं को वेतन के अलावा रहना व खाना की भी व्यवस्था को ऑफर किया। खास बात यह रही कि एचआर एक्जिक्यूटिव, लाइन ऑपरेटर एसोसिएट पदों पर साक्षात्कार के दौरान 26 युवा ऐसे थे जिन्होंने गुजरात जाकर नौकरी करने से मना कर दिया। इस कंपनी को शहर से सिर्फ 19 युवा ही मिल सके जबकि कंपनी 150 पदों पर भर्ती करने आई थी।



पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण करते नगर आयुक्त व अन्य अधिकारी।

# पोस्टमार्टम हाउस के शेल्टर होम में 3 एसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर कई सुविधाएं बढ़ाईं

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को बेनाझाबर रोड स्थित पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस में दो हाईमास्क जल्द लगाने के निर्देश दिये। पोस्टमार्टम हाउस के अन्दर बैठने वाले स्थान पर एक कूलर लगाने के साथ ही वॉटर कूलर भी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस के अन्दर शेल्टर होम में तीन एसी लगाने, खिड़कियों, दरवाजों को सही करते हुए मरम्मत कराने के साथ ही अन्दर के पंखों को भी ठीक करने को कहा। बैठने के लिये बेंच, डेड बॉडी को रखने के लिये चबूतरे को ऊंचा करने एवं डेड बॉडी अर्थी को बंधने हेतु सबमर्सिबल पम्प के पास लोहे के एंगल लगाने, शौचालय की मरम्मत करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान महाप्रबन्धक जलकल आनन्द त्रिपाठी, प्रभारी मुख्य अभियन्ता आरके पाल, जोनल अभियन्ता आरके तिवारी, विमलापति एवं अन्य रहे।

## युवती से की छेड़छाड़, रिपोर्ट

**कानपुर।** सीसामऊ निवासिनी युवती ने अपने मालिक समेत उसके मां और पिता के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, धमकी व वसूली संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता के अनुसार वह सनी के घर में काम करती है। आरोप है कि सनी ने छेड़छाड़ की और झांसा देकर उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिये। आरोप है कि काम छोड़ने पर आरोपी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। आरोप है कि सनी ने ब्लैकमेल करके दो हजार रुपये की मांग भी की। पीड़िता का आरोप है कि सनी के पिता और मां भी इसमें शामिल हैं। इस संबंध में सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# जैन दर्शन के उन्नयन में प्लेटफार्म बनेगा सीएसजेएमयू

## कैंपस में स्थापित होगी आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोध पीठ, जैन दर्शन, इतिहास, साहित्य व धरोहर पर चलेंगे कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जैन दर्शन के उन्नयन में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय प्लेटफार्म बनेगा। शिक्षा के साथ ही अध्यात्म के क्षेत्र में भी महती भूमिका निभाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय कैंपस में आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोध पीठ स्थापित होगी। जिसमें जैन दर्शन, इतिहास, साहित्य व धरोहर पर पाठ्यक्रम संचालित होंगे साथ ही दो विषयों में पीएचडी भी होगी। जैन शोध पीठ की स्थापना का समारोह 20 जून को दोपहर 1 बजे विश्वविद्यालय के सीनेट हाल सभागार में कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में होगा।

सीएसजेएमयू में अन्य विषयों के अलावा प्राच्य विद्यायों के अध्ययन पर व्यापक जोर दिया जा रहा है। इस क्रम में अध्यात्म के क्षेत्र में कार्य करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय में जैन शोध पीठ की स्थापना की जा रही है। यह जानकारी देते हुए प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि यह पीठ जैन साहित्य के अध्ययन, उनकी पूजा पद्धतियों और ज्ञान को समाज में प्रचारित तथा प्रसारित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। पीठ द्वारा जैन दर्शन तथा इतिहास के उत्थान के लिए पाठ्यक्रमों को विकसित कर, उनका संचालन करेगी। जैन गणित के प्रचार-प्रसार के लिए पाठ्यक्रमों को विकसित कर उनका संचालन होगा। सभी पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय के नियमानुसार सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक स्तर पर वैकल्पिक या मुख्य विषय के रुप में संचालित किया जाएगा। जैन धर्म, दर्शन तथा इतिहास पर शोध करने वाले शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के दो विषयों पर पीएचडी के लिए विद्या परिषद की बैठक में प्रस्ताव पास कराया जाएगा। जैन धर्म, दर्शन तथा पूजा आदि को पढ़ने वाले या शोध करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मौके पर प्रो. सुधांशु पाण्डिया, कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, प्रदीप जैन, सुधीन्द्र कुमार जैन(सी.ए.), अरविन्द कुमार जैन(सी.ए.), महेंद्र कटारिया आदि उपस्थित रहे।



सीएसजेएमयू में जानकारी देते प्रति कुलपित प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी डॉ. राजतिलक, डॉ. अनिल। अमृत विचार

### ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा कारण है मांसाहार

**कानपुर।** वरिष्ठ चिकित्सक डा. राज तिलक ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग में बड़ा कारण मांसाहार है। 78 फीसद भूमि पर चारा उगाने का कार्य किया जाता है। जो चारा पशु खाते हैं फिर इन पशुओं को खाया जाता है। जिससे करीब 15 फीसद ग्रीन हाउस गैस उत्पन्न हो रही है जो कि ग्लोबल वार्मिंग में अपना योगदान दे रही है। वे सीएसजेएमयू में चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन धर्म शाकाहार पर जोर देता है। जैन समाज के लोग पर्यावरण हितैषी हैं और प्रकृति से गंभीरता से जुड़े हैं। सोने के तीन घंटा पूर्व भोजन करना चाहिए, जिससे व्यक्ति सेहतमंद रहता है। इसलिए समाज के ज्यादातर लोग सूर्यास्त के पूर्व ही भोजन कर लेते हैं। 2011 के आंकड़ों के आधार पर उन्होंने बताया कि जैन समाज में 34 फीसद डिग्री धारक हैं। जैन समाज में 98 फीसद पुरुष एवं 92 फीसद महिलाएं साक्षर हैं। उन्होंने कहा कि शाकाहारी व्यक्ति अधिक स्वस्थ रहते हैं क्योंकि प्रकृति से जुड़े रहते हैं।

## दक्ष होकर युवा बनेंगे एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ

**कानपुर।** जैन शोध पीठ के अध्यक्ष-सचिव आचार्य सुमित कुमार जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय में संचालित होने वाली पीठ से पाठ्यक्रमों का संचालन ऑनलाइन और आफलाइन दोनों तरीकों से होगा। जिससे देश-विदेश के युवा इसका लाभ उठाएंगे।

उन्होंने दावा किया कि जैन दर्शन में विविध परंपराएं हैं। जिनमें में कुछ ऐसी परंपराएं हैं जिनका सीधा संबंध एक्यूप्रेशर से है। जिससे पाठ्यक्रम में प्रवीण युवा भविष्य में एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ भी बन सकेंगे। बताया कि अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकांत, कर्मसिद्धांत आदि मानवीय मूल्यों और शिल्प, वास्तु, आयुर्वेद, भूगोल, योग, खगोल, ज्योतिष, पदार्थ विज्ञान, आहार विज्ञान आदि विज्ञानों तथा कलाओं का साहित्य छात्रों को विशेष रूप से पढ़ाया जायेगा। प्राचीन जैन साहित्य से शोध और अनुसन्धान करके इन विषयों पर सर्वग्राही नीतियां बना कर एक बेहतर जीवन पद्धति द्वारा मानवता की सेवा की जा सकती है। ये पहल की जा रही है कि इस विषय को ऐच्छिक विषय के रूप में विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में सम्मिलित करके तथा शोधार्थियों को प्रोत्साहन देकर इसको रोजगारपरक बनाया जाये।

**ये हैं 6 कोर्स :** उन्होंने बताया कि कम से कम 6 माह और अधिकतम दो वर्ष की अवधि वाले 18 क्रेडिट के तीन पाठ्यक्रमों में जैन दर्शन, प्राकृत एवं अपभ्रंश भाषा के सर्टीफिकेट कोर्स चलाए जाएंगे। जैन दर्शन, प्राकृत एवं अपभ्रंश भाषा में कम से कम एक वर्ष एवं अधिकतम चार साल का डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित होगा। शोध पीठ में 300 छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा, प्रति छह माह की फीस 500 रुपये निर्धारित की गई है।

## भीषण गर्मी में बिजली संकट से शहरी त्रस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती होने पर लोग रोने को मजबूर है, लेकिन केस्को का सिस्टम शहरवासियों को रहम नहीं कर रहा है। कही फाल्ट तो कही अनुरक्षण कार्य तो कही पर एबीसी डालने के नाम पर बिजली कटौती हो रही है। हेल्प लाइन नंबरों पर भी कॉल करने पर लोगों की समस्या जस के तस बनी हुई है।

शहर में मंगलवार शाम करीब छह बजे आलूमंडी फीडर क्षेत्र की बिजली ऐसी गुल हुई कि पूरी रात नहीं आई। इसी तरह यशोदा नगर क्षेत्र में रात को बिजली संकट रहा। जबकि बुधवार को एचटी लाइन आपस में टकराने की वजह से सीसामऊ फीडर, नौबस्ता पारेषण उपकेंद्र के यार्ड में अनुरक्षण कार्य की वजह से बाबूपुरवा फीडर व हैरिसगंज, , तीन जगह 11 केवी एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से साउथ फीडर, कृष्णा नगर पारेषण उपकेंद्र के यार्ड में अनुरक्षण कार्य, एचटी लाइन में फॉल्ट होने से सिद्धभवन फीडर, एबीसी लाइन क्षतिग्रस्त होने से फेथफुलगंज, एचटी लाइन में फाल्ट होने पर न्यू आजाद नगर और एबी केबल डालने के कारण रावतपुर गांव में बिजली संकट रहा। बिजली न आने की वजह से भीषण गर्मी में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और पेयजल का भी संकट रहा। लोगों का पूरा दिन पसीना पोछते हुए बीता। आरोप है कि केस्को के हेल्प लाइन नंबरों पर कॉल करने पर भी समय पर बिजली की समस्या का समाधान नहीं हो सका। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक जिन क्षेत्रों में जो भी समस्या या फाल्ट हुए उनको दुरस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल की गई। आ रही सभी शिकायतों का संज्ञान लिया जा रहा है।

### यहां नहीं रहेगी बिजली

गुरुवार को कृष्णा विहार, टेलीफोन एक्सचेंज, पुराना पशुपतिनगर, सैनिक नगर, 80 फीट रोग गुरुद्वारा, पोखरपुर, डिफेंस कॉलोनी, परदेमनपुर व निहुरा गांव में सुबह बिजली नहीं रहेगा। केस्को अधिकारियों के मुताबिक इन क्षेत्रों में बिजली सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक नहीं रहेगी। इनके अलावा खपरा मोहाल, शांति नगर, कर्रही सरदार पटेल स्कूल के आसपास का क्षेत्र, बर्रा तीन व सात, गोविंद नगर मार्केट, भवानी नगर, गद्दीयाना, आर्दश विहार, जवाहरपुरम, रतनपुर नीम चौराहा, डुडा कॉलोनी और कल्यानपुर आवास-विकास एक, साहब नगर, जी व एच सेक्टर के आंशिक भाग में बिजली संकट रहेगा।

## एक नजर

### कुटीर उद्योग के लिए किया जागरूक

**कानपुर।** श्रम बंधु समिति की ओर से बुधवार को जाजमऊ क्षेत्र की महिलाओं को कुटीर उद्योग के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को सब्जी और फलों से विभिन्न सामग्रियां बनाएं जाने के प्रति प्रोत्साहित किया गया। समिति के अध्यक्ष सुबोध दीक्षित ने महिलाओं को कुटीर उद्योग से जुड़ी सामग्रियों के प्रशिक्षण के लिए विभिन्न संस्थानों की जानकारियां भी दीं। घरेलू महिलाओं को प्रशिक्षण की जानकारी देने के लिए जरूरी पाठ्य सामग्री भी वितरित की गई।

### जल्द हो समस्या का समाधान

**कानपुर।** यूपी सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश चंद्र जैन ने दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार में उन्हें दोबारा रक्षामंत्री बनाए जाने की बधाई दी। इसके साथ ही उनसे सर्राफा व्यवसाय की समस्याओं पर चर्चा की। कस्टम ड्यूटी, पीएमएलए सहित अन्य रुके हुए भुगतान का भी समाधान कराने का आग्रह किया। महेश चंद्र जैन ने बताया कि रक्षामंत्री ने सहयोग का पूरा आश्वासन दिया है। इस दौरान उनके साथ उनके पुत्र प्रशांत जैन भी मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के आवास विकास निवासी 35 वर्षीय कुलदीप पाल ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी उसके भाई संदीप पाल ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की।

### बैराज पर चली सघन चेकिंग

**कानपुर।** डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम के नेतृत्व में थाना नवाबगंज व थाना कोहना पुलिस के साथ संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अभियान चलाकर गंगा बैराज पर प्रेसर हॉर्न, हूटर आदि चेक कि गए। इस दौरान कई लोगों ने भारी पुलिस बल देखा तो दूसरे रास्तों से होकर गुजरने लगे।

## योग नीलम तो वृक्षारोपण अभियान देखेंगे जसविंदर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने आगामी कार्यक्रमों को जारी कर दिया। भाजपा दक्षिण जिला इकाई के जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में आगामी कार्यक्रमों की तैयारी संबंधी बैठक की। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मण्डल स्तर पर मनाया जाएगा। इसके अलावा 23 जून को बूथ स्तर पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए बलिदान दिवस मनाया जाएगा और इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान शुरू किया जाएगा।

शिवराम सिंह ने बताया कि 25 जून को आपातकाल दिवस पर जिला स्तर पर पार्टी के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। 30 जून रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन दोबारा शुरू होगा। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए नीलम गुप्ता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के लिए जिला महामंत्री राम बहादुर यादव, वृक्षारोपण अभियान के लिए जिला मंत्री जसविंदर सिंह,आपातकाल संगोष्ठी के लिए जिला उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा, मन की बात के लिए शिवम मिश्रा को संयोजक बनाया गया है। बैठक में राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, गणेश शुक्ला, अर्चना आर्य, राजन चौहान, मनीष त्रिपाठी, शिवपूजन सविता, संजीव बेरी, अंकित शर्मा, नीलम गुप्ता,तेज बहादुर उपस्थित रहे।



भाजपा दक्षिण जिले के कार्यालय में बैठक करते जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह। अमृत विचार

- भाजपा ने आगामी कार्यक्रमों को जारी किया

## आयकर से छूट को पंजीयन

**कानपुर।** धर्मार्थ और धार्मिक संस्थाएं आयकर से छूट के लिए 30 जून तक पंजीयन करा लें। बगैर पंजीकरण के आयकर से छूट का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

यह बात कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की संगोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट गोविंद कृष्ण ने कही। उन्होंने बताया कि धर्मार्थ एवं धार्मिक संस्थाओं को आयकर के अंतर्गत प्राप्त छूट के प्रावधानों के संबंध में अध्ययन संगोष्ठी में उन्होंने बताया कि सभी धार्मिक या धर्मार्थ संस्थाओं को यदि आयकर अधिनियम के अंतर्गत छूट लेना है तो ऐसी सभी संस्थाओं को आयकर अधिनियम की धारा 12 (एबी) के अंतर्गत पंजीयन करना होगा या धारा 10 (23सी) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त करनी होगी।

## सार-संक्षेप



इंग्लैंड से आए डॉ.जयंत गुप्ता को पत्र देतीं उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी, डॉ.एसी गुप्ता व डॉ.जेएस कुशवाहा। अमृत विचार

### सांस फूले, चक्कर व पसीना आए तो कराएं दिल की जांच

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के सभागार में बुधवार को गेस्ट लेक्चर का आयोजन हुआ। इंग्लैंड से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.जयंत गुप्ता ने हार्ट अटैक पर विस्तृत से चर्चा की। बताया कि सीने में दर्द, गर्दन में दर्द, जबड़े में दर्द, हाथ व पीठ में दर्द और एसी में बैठने पर भी पसीना आना एक गंभीर समस्या हो सकती है, जिसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह हार्ट अटैक आने का संकेत हो सकता है। हार्ट अटैक आने के चार से तीन दिन पहले से यह समस्या संबंधित व्यक्ति में देखी जाती है। युवाओं और महिलाओं में सांस फूलती है, चक्कर व पसीना आता है और चेहरे पर सूजन भी आती है। यह सब लक्षण नजर आने पर व्यक्ति को सावधान रहने की विशेष जरूरत है। हार्ट अटैक आने में 70 प्रतिशत जिम्मेदार हमारी जीवनशैली होती है। वही, इन दिनों फॉस्ट फूड व जंक फूड का चलन भी काफी तेजी से बढ़ा है, जिसमे ट्रासफैटी एसिड काफी अधिक होता है, जिससे लोगों को परहेज करना चाहिए। वहीं, उन्होंने हार्ट अटैक के उपयोग में होने वाली दवाओं के संबंध में जानकारी दी। उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, विभागाध्यक्ष डॉ.एसी गुप्ता, डॉ.बीपी प्रियदर्शी, डॉ.सौरभ अग्रवाल, डॉ.एसके गौतम, डॉ.बृजेश कुमार, डॉ.विशाल गुप्ता, डॉ.समीर गोविल समेत आदि विशेषज्ञ डॉक्टर, सीनियर व जूनियर रेजीडेंस रहे।




स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में रैली निकालतीं डॉक्टर।

### योग के प्रति जागरूक करने को निकाली रैली

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। योग पखवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, मेडिसिनि विभाग, बाल रोग, जच्चा-बच्चा अस्पताल, मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल समेत आदि अस्पतालों में जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान डॉक्टरों ने अस्पताल में मौजूद स्टाफ, कर्मचारियों, तीमारदारों व मरीजों को योग करने की शपथ भी दिलाई। योग से होने वाले लाभों को भी अवगत कराया। बताया कि गर्मी में उचित खानपान के अलावा योग की सही मुद्राएं प्रचंड गर्मी से बचा सकती है। इस दौरान उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, डॉ. यशवंत राव, डॉ. सुनीति पांडेय, डॉ. संजय कुमार, डॉ. प्रेम शंकर, डॉ. अरुण आर्या, डॉ.मधु यादव, डॉ. सीमा द्विवेदी, डॉ. अनुपमा डॉ.नीना गुप्ता आदि डॉक्टर, स्टाफ, जेआर, एसआर, कर्मचारी, तीमारदार मौजूद रहे।



जेआर-2 डॉ.प्रीति को सम्मानित करतीं विभागाध्यक्ष प्रो. नीना गुप्ता और साथ में प्रो. पाविका लाल।

### शोध पर पेपर प्रस्तुत किए

**कानपुर।** देहरादून में 15 व 16 जून को एफओजीएसआई एफडीसीसी कॉन में नेशनल कांफ्रेस आयोजित हुई, जिसमे जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पीजी छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। कॉलेज की छात्राओं ने अपने शोध कार्य पर पेपर व पोस्टर प्रस्तुत किए। बेहतरीन प्रदर्शन करने पर अलग-अगल प्रतियोगिता में जेआर-2 डॉ.प्रीति को द्वितीय, जेआर-3 डॉ.अनामिका को तृतीय व जेआर-2 डॉ.सौम्या कुशवाहा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। देहरादून से स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग आने पर विभागाध्यक्ष प्रो. नीना गुप्ता, प्रो. रेनू गुप्ता, प्रो. शैली अग्रवाल, प्रो.पाविका लाल व प्रो.गरिमा समेत फैकल्टी व संकाय सदस्यों ने तीनों जेआर को बधाई दी।

## कानपुर के बेकरी वाले ने लखनऊ में ज्वैलरी शोरूम में की लूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपी नौबस्ता क्षेत्र का है रहने वाला, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- अपनी बहन को लखनऊ दिलाने गया था यूपीएससी की परीक्षा

**अमृत विचार।** नौबस्ता के रहने वाले बेकरी संचालक फहीम अहमद ने लखनऊ भूतनाथ मार्केट स्थित सुनार ज्वैलर्स से सोने की दो चेन और दो ब्रेसलेट लूटा था। वारदात वाले दिन वह अपनी बहन को यूपीएससी की परीक्षा दिलाने के लिए लखनऊ गया था। पुलिस ने उसके पास से लूटी चेन और ब्रेसलेट, कार बरामद कर ली है। अब पुलिस उसका आपराधिक इतिहास पता करने में लगी है।

लखनऊ में खुलासा करते हुए डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि लूटे गये माल की कीमत चार लाख रुपये थी। ऑपरेशन त्रिनेत की मदद से सीसीटीवी खंगालने शुरू किए गए तो फहीम की तस्वीर कैद हुई थी। मंगलवार देर रात को टीम ने नौबस्ता में छापेमारी करके उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि फहीम अपनी बहन को यूपीएससी की परीक्षा दिलाने वर्धमान इंटर कॉलेज इंदिरानगर, लखनऊ आया था। बहन को परीक्षा केंद्र पर छोड़ने के बाद वह इधर-उधर टहल रहा। दोपहर 12:46 बजे सुनार ज्वैलर्स की दुकान में पहुंचा था। एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि आरोपी फहीम वारदात के बाद भूतनाथ मार्केट के आसपास की गलियों से होता हुआ निकल गया। इसके बाद उसने रविंद्रपल्ली के पास एक ओला कैब किया। इस कैब से वह करीब तीन घंटे तक इधर-उधर घूमता रहा। शाम 5 बजे के करीब दोबारा पंचवटी रेस्टोरेंट के पास पहुंचा। जहां से अपनी क्रेटा कार उठाई और बहन को लेकर कानपुर नौबस्ता निकल गया। सीसीटीवी फुटेज में उसे ओला से जाते हुए देखा गया। ओला चालक की तलाश की गई तो उसने पूरी जानकारी दी। इसके बाद क्रेटा कार के पंजीकरण में दर्ज पते पर पुलिस ने दबिश देकर उसे दबोच लिया। उनके अनुसार इस मामले में पुलिस ने 250 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद सफलता मिली।

## सप्ताह भर में पनकी धाम पुल पर फर्राटा भरेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी धाम वाले पुल का 98 प्रतिशत कार्य पूरा
- थर्मोप्लास्ट, पट्टी, कैट आई व स्ट्रीट लाइट का कार्य शुरू

**अमृत विचार।** भाटिया तिराहा से पनकी धाम तक 32 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला करीब 700 मीटर लंबे पुल पर अगले सप्ताह से वाहन फर्राटा भरने लगेंगे। पुल का 98 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पुल पर कैट आई, स्ट्रीट लाइट कार्य किया जा रहा है। पुल के दोनों ओर रैंप का कार्य पूरा कर दिया गया है। वहीं पनकी पावर हाउस पुल का कार्य जारी है।

वर्ष 2021 में सेतु निगम ने पनकी पावर हाउस व कालपी रोड के भाटिया तिराहे से पनकी धाम मंदिर रोड पर पुल का निर्माण शुरू कराया था। एक पुल की लंबाई 700 मीटर व दूसरे की करीब 726 मीटर है। इन पुलों का निर्माण दो वर्ष में पूरा होना था, लेकिन अफसरों की लापरवाही के कारण पुल का निर्माण समय पर नहीं हो सका था। अब पुल स्लैब व दोनों ओर रैंप व दोनों ओर व्यू कटर का कार्य पूरा होने के साथ करीब 98 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर एके सिंह ने बताया कि पुल पर कैट आई, स्ट्रीट लगाने व थर्मोप्लास्ट पट्टी लगाने का काम किया जा रहा है। सप्ताह भर में कार्य पूरा करने के बाद आमजन के लिए पुल को शुरू कर दिया जाएगा।

**योग जागरुकता** — राजभवन के अभियान में प्रदेश के 34 विश्वविद्यालयों ने दिखाया उत्साह

## 26 .22 लाख से अधिक लोगों ने ली ऑनलाइन शपथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से पहले योग की ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने में जुटे राजभवन के अभियान प्रदेश के 34 विश्वविद्यालयों ने उत्साह दिखाया। ऑनलाइन शपथ के पोर्टल पर 26,22,467 शपथ पत्र दाखिल हुए।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय योग की ऑनलाइन शपथ में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित की है। यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने बताया कि 2,88,134 ऑनलाइन शपथ से राजभवन के अभियान में सीएसजेएमयू अव्वल रहा है। उन्होंने बताया कि 18 जून 24 तक कुल 26,22,467 योग संबंधी ऑनलाइन शपथ सबमिट हुईं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की एडजूडिकेटर जो कि जापान से आ रही हैं, वह 20 जून को ऑनलाइन शपथ से जुड़े हुए सभी डाक्यूमेंट्स एवं प्रमाण का परीक्षण कर 21 जून को राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में ऑनलाइन शपथ के सबसे बड़े रिकॉर्ड को दर्ज करने की घोषणा करेंगी।

एसजीपीजीआई लखनऊ से सबसे कम 1355 योग की ऑनलाइन शपथ सबमिट हुईं। कानपुर की बात करें तो सीएसए से 5005 एवं एचबीटीयू से 3776 लोगों ने सहभागिता दर्ज कराई।




**2,88,134**

ऑनलाइन शपथ से सीएसजेएमयू अव्वल

### रिकार्ड बनाने की कवायद आज

**कानपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सीएसजेएमयू द्वारा योगोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत 20 जून को 'दिव्यांग योग कार्यक्रम' विश्वविद्यालय के मल्टीपरपज हाल में आयोजित किया जा रहा है। इस बार की अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग द्वारा महिला सशक्तिकरण है। थीम के अनुसार दिव्यांग योग कार्यक्रम में दिव्यांग महिलाओं द्वारा ही योगाभ्यास किया जायेगा। महिलाओं के दिव्यांग योग को इंडिया बुक रिकार्डस् में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। यह जानकारी देते हुए कुलानुशासक डा. प्रवीन कटियार ने बताया कि इस कार्यक्रम में इंडिया बुक आफ रिकार्डस् की एडजूडीकेटर सुश्री लता टाक भी उपस्थित रहेंगी।

### रामादेवी सैनिक पार्क में होगा योग

**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सैनिक पार्क रामादेवी विमाननगर में सुबह 5 .30 से 7 बजे तक योग महोत्सव होगा। योग महोत्सव के मुख्य आयोजक पतंजलि योग परिवार, भारत स्वाभिमान न्यास, पूर्व जज डॉ. आरएन सिंह, पूर्व सीएमओ डॉ. वीसी रस्तोगी, बीएल कोठीवाल, आरके यादव, आरवी सिंह, केके सिंह, मुन्ना लाल यादव, राम बाबू यादव, शिव प्रसाद कुशवाहा, पीएन पाण्डेय, पार्षद विजय लक्ष्मी यादव आदि होंगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## शादी का दबाव बनाया इन्कार पर धमकी

**कानपुर।** बांदा निवासी युवती ने गांव के तीन लोगों पर जबरन शादी करने का दबाव बनाने और इन्कार करने पर मारपीट व धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार वह काकादेव में रहकर पढ़ाई कर रही है। गांव के छोटा यादव, श्रीराम यादव और रज्जु यादव उसका जबरन विवाह कराना चाहते हैं। आरोप है, कि 17 जून को वह घंटाघर जा रही थी इसी दौरान तीनों ने उसे रोक लिया। आरोप है, कि गाली गलौज की और शादी का दबाव बनाया। न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। विरोध पर हाथ मरोड़ दिया। इस संबंध में कलक्टरगंज थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# हिंदू बन किशोरी को फंसाया, पुलिस बचाती रही

संवाददाता, घाटमपुर

**गिरफ्तार**
- बेटी को घर नहीं ले जाने पर बाप को पुलिस ने हवालात में डाला
- सोशल मीडिया पर सुर्खी बनने के बाद आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर पहले किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर उसे बहलाकर अपने साथ ले गया। पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया, लेकिन बिना कार्रवाई आरोपी को छोड़ने से नाराज पिता ने बेटी को अपनाने से इंकार कर दिया तो पुलिस ने उसे ही हवालात में डाल दिया। मामला सोशल मीडिया की सुर्खी बनने के बाद पुलिस ने बुधवार को फिर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया।

साढ़ थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के रहने वाले रहीस के 21 वर्षीय पुत्र नहीम पड़ोसी गांव की एक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाने के लिए अंकित बन गया। इसके बाद वह 9 जून को किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। 10 जून को किशोरी के पिता ने साढ़ थाने पहुंचकर शिकायत की तो पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई। युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उसके पिता को हिरासत में ले लिया और बरामदगी का दबाव बनाया।

बताते हैं कि 15 जून को पुलिस ने किशोरी के साथ युवक को बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने किशोरी के पिता को थाने बुलाया और समझौते का दबाव डाला, लेकिन पिता समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ। आरोपी युवक पर कार्रवाई के बगैर पिता ने अपनी बेटी को अपनाने से इंकार किया तो पुलिस ने उसे हवालात में डाल दिया। इसके बाद पुलिस ने किशोरी की मां को थाने बुलाया और बेटी को घर ले जाने का दबाव बनाया। पुलिस तीन दिन तक मामले को रफा-दफा करने के प्रयास में जुटी रही। पुलिस के दबाव में मां अपनी बेटी को घर ले जाने के लिए तैयार हो गई। पुलिस ने उसे मां के साथ भेज दिया और आरोपी युवक को भी छोड़ दिया। इसके बाद बुधवार (19 जून) को पुलिस ने हवालात में बंद किशोरी के पिता को थाने से छोड़ा तो पूरा मामला सोशल मीडिया की सुर्खी बन गया। इसके बाद अफसरों की कार्रवाई से बचने के लिए पुलिस ने फौरन आरोपी युवक नहीम को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

### अपहरण, रेप और पॉक्सो एक्ट लगा

मामला मीडिया में आने के बाद पुलिस ने फौरन आरोपी युवक को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ लिखा-पढ़ी की। पुलिस ने 363/366/376(3) और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि बरामदगी के बाद किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस की ओर से आरोपी नहीम को कुंदौली भट्ठा के पास से गिरफ्तार करने की बात कही गई है।

### पिता ने हल्का इंचार्ज पर लगाया आरोप

इस पूरे मामले में हल्का इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगे हैं। लड़की के पिता का कहना है कि दोनों की बरामदगी के बाद हल्का इंचार्ज ने समझौता करने का दबाव डाला। जब उसने आरोपी पर बिना कार्रवाई के समझौता करने से मना किया तो दरोगा ने उसे हवालात में डाल दिया। बुधवार को उसे हवालात से बाहर निकाला गया। उधर, हल्का इंचार्ज जितेंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने समझौता करने का दबाव डालने के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

# ट्रेन से कटकर महिला के जान देने पर ससुरालियों पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिठूर

- दहेज के लिए उत्पीड़न करने का लगाया गया आरोप
- मां के कटने के बाद जीवित मिली थी अबोध बच्ची

**अमृत विचार:** बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना कोठी के पास 30 मई को ट्रेन के आगे कूदकर महिला के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए मजबूर करने की एफआईआर लिखी है।

30 मई को मंधना कोठी के पास एक महिला ने ट्रेन से कटकर जान दे दी थी। उसके शव के पास 4 वर्षीय बेटी रोती मिली थी। ट्रैकमैन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, जबकि बेटी काजल का अस्पताल में उपचार कराया था। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला का नाम संध्या है और वह उमेदपुर गांव के राजेश की पत्नी है।

इसके बाद पुलिस ने उसके पति व परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन पोस्टमार्टम होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए घाट ले गये थे। मंगलवार की शाम संध्या के भाई राघवेंद्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। भाई राघवेंद्र ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन संध्या की शादी 2016 में हुई थी। शादी में हैसियत के अनुसार उपहार दिया था, लेकिन ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देते हुए आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। इस बीच बेटा हर्ष (6) और बेटी काजल (4) पैदा हुईं।

बीते वर्ष ननद की शादी तय हो जाने के बाद जीजा राजेश, ससुर राजेलाल, सास कलावती, ननद सुनैना व काजल और देवर अनूप व देवरानी सारिका ने मायके से एक लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। इससे आहत होकर संध्या ने आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# एक रात की दुल्हन बनने वाली लुटेरिन गिरफ्तार

## ककवन क्षेत्र के विषधन गांव के युवक को बनाया शिकार, सात फेरे लेकर घर पहुंची और रात में ही लूटकर हुई थी फरार

संवाददाता, बिल्हौर



ककवन पुलिस के हाथ लगे शातिर गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ककवन थाने की पुलिस ने बंटी-बबली गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह एक ऐसा गिरोह है, जो शादी का झांसा देकर लोगों को फंसाता है और फिर एक रात की दुल्हन बनकर लूटपाट करता है। विषधन के एक युवक के साथ मंदिर में सात फेरे लेकर घर पहुंची दुल्हन रात में ही जेवरात समेट कर निकल गई, लेकिन पुलिस ने न सिर्फ लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार कर लिया बल्कि पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने लुटेरी दुल्हन के साथ गिरोह के तीन सदस्यों को जेल भेजा है।

इस मामले का तब खुलासा हुआ, जब विषधन गांव के देवेश सिंह पुत्र राजेश सिंह पुलिस से इंसाफ मांगने ककवन थाने पहुंचे। पीड़ित देवेश सिंह के मुताबिक उसकी शादी वर्ष 2012 में हुई थी। शादी के लगभग सात माह बाद ही उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई। कुछ दिन पहले सर्वेश नाम के व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई। सर्वेश ने उसे वैवाहिक जीवन के हसीन सपने दिखाते हुए झांसे में लिया और उसकी शादी कराने का वादा किया। देवेश उसके झांसे में आ गया और शादी कराने के लिए लड़की दिखाने का प्लान तैयार किया।

देवेश के मुताबिक सर्वेश ने लड़की दिखाने के लिए उसे इसी महीने कानपुर सेंट्रल स्टेशन बुलाया, जहां मुस्कान नाम की लड़की से मिलाने के बाद बातचीत कराई। शादी कराने के लिए 70 हजार रुपये लिया और फिर 15 जून को रसूलाबाद के धर्मगढ़ बाबा मंदिर में सात फेरे दिलाकर शादी करा दी। शादी के बाद वह मुस्कान को विदा कराकर अपने घर ले गया। साथ में उसका एक कथित भाई भी आया। देर रात मुस्कान और उसके कथित भाई ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर घर से जेवर समेटा और भाग निकली।

इसके बाद देवेश ने ककवन थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी बात बताई, जिसके बाद पुलिस ने गिरोह को पकड़ा। इस गिरोह का खुलासा करने में चौकी इंचार्ज शैंकी त्यागी और थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने कामयाबी पाई। बुधवार को डीसीपी पश्चिम विजय कुमार ढुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

### 70 हजार रुपये और जेवर लेकर हुई थी फरार

आरोपित मुस्कान और गैंग के सदस्यों ने शादी का झांसा देकर 70 हजार रुपये शादी से पहले ही ले लिए थे। शादी होने के बाद मुस्कान उसी रात घर में रखे जेवरात और रुपये लेकर फरार हो गई। पुलिस के मुताबिक आरोपित मुस्कान पहले से ही शादीशुदा है। इससे पहले भी वह कई लोगों को शादी का झांसा देकर चपत लगा चुकी है।

### रसूलाबाद के मंदिर में सात फेरे लेकर की थी शादी

आरोपी इतने शातिर हैं कि जब व्यक्ति विश्वास में आकर पूरी तरह से इनके जाल में फंस जाता, तब उनसे कुछ दिन का समय मांगकर शादी की व्यवस्था करना और फिर आस-पास के किसी मंदिर में ले जाकर जयमाला डलवाकर और सात फेरे कराकर शादी करा देते थे। फिर उससे अपनी तय रकम लेकर महिला को साथ भेज देते थे।

### सुहागरात में खिलाई नींद की गोली

मुस्कान ने बताया कि सुहागरात में वह नींद की गोली खिला देती थी। अगर उसी रात हाथ कुछ नहीं लगा तो रुकी रहती थी और जब नकदी व जेवर हाथ में आ जाता, तब घरवालों को खाने के साथ नींद की गोली खिलाकर सुला देती और माल लेकर रात में ही चुपचाप फरार हो जाती थी। चुराई गई ज्वैलरी को बेचने के बाद रुपये आपस में बराबर बांट लेते थे और फिर नए शिकार की तलाश में जुट जाते थे।

### झांसी-औरैया में भी की वारदात

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने सजेती थाना क्षेत्र के ग्राम रैपुरा में भी धोखाधड़ी कर शादी करने की बात कबूली। इसके साथ ही औरैया व झांसी में वारदात की बात स्वीकार की। पुलिस का कहना है कि औरैया व झांसी पुलिस से संपर्क किया गया है। इनके अपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में भी इनके गृह जनपदों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### शातिर गैंग के ये सदस्य गिरफ्तार किए गए

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए गिरोह के सदस्यों में दीपक उर्फ रुद्रेश कुमार निवासी बिच्छीपुर थाना रेउना जनपद कानपुर नगर, रजनीश उर्फ पंडित निवासी मौदहा जिला हमीरपुर, राजकुमार साहू निवासी हैबतपुर पोस्ट कोड़ी थाना कोतवाली जनपद बलिया, मुस्कान यादव निवासी हल्दी पश्चिम टोला, थाना हल्दी जनपद बलिया शामिल हैं। इनमें मुख्य किरदार दीपक और मुस्कान का होता था, जबकि बाकी सदस्य शिकार ढूंढते थे।

### गिरोह के पास जेवर के साथ यह माल बरामद

पुलिस ने शातिर गिरोह के सदस्यों के पास से 19,210 रुपये नकद, एक कमरबंद पेटी, दो जोड़ी पायल, एक मंगलसूत्र, एक टैबलेट, तीन मोबाइल, दो लेदर पर्स, दो एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक वोट आईडी कार्ड और एक आधार कार्ड बरामद हुआ है। पुलिस अभी जांच कर रही है।

**जरूरतमंद की करते तलाश:** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों की तलाश करते थे, जिनकी शादी नहीं हुई है या जिनकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे लोगों की तलाश करके सम्पर्क करना, उन्हें जिन्दगी में सहारे का वास्ता देकर कुछ पैसे खर्च कर शादी को तैयार करते थे।

## सार-संक्षेप


सिपाहियों ने बाप-बच्चों को कटने से बचाया। अमृत विचार

### सिपाहियों ने तीन बच्चों और पिता को बचाया

**घाटमपुर।** पतारा क्षेत्र के रघुनाथपुर रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार को सिपाहियों ने ट्रेन से आत्महत्या करने जा रहे एक बाप और उसके तीन बच्चों को बचा लिया। पुलिस के मुताबिक रघुनाथपुर निवासी राघवेंद्र सिंह अपनी मां से झगड़ा होने के बाद बच्चों को लेकर ट्रेन के आगे कूदने जा रहा था। ट्रेन करीब आ गई, तभी पतारा चौकी के सिपाही कायम रजा और मोनू कुमार वहां पहुंच गए और उन्हें ट्रेन के आगे कूदने से बचा लिया। इसके बाद सिपाही पिता और तीनों बच्चों को लेकर उसके घर पहुंचे तो पता चला कि घर से झगड़कर वह ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने पहुंचा था।

### नहर में अधेड़ का नग्न शव मिला

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर नहर कोठी के पास बुधवार की सुबह एक शव बहता दिखा, जो फतेहपुर की तरफ बहता हुआ जा रहा था। ग्रामीणों ने नहर में शव उतराता देखा तो डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची साढ़ पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साढ़ थाने के कार्यवाहक प्रभारी जितेंद्र ने बताया कि नग्न हालत में शव मिला है। उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष के आसपास है। शव चार-पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर छानबीन कराई गई है। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### दुराचार के आरोपी बुजुर्ग को भेजा गया जेल

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 जून को एक किशोरी के साथ रेप करने वाले दुराचारी 65 वर्षीय बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। बुधवार को पुलिस ने बलात्कार के आरोपी मड़ेपुर निवासी रामबली को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### मालवाहक वाहनों पर यात्री बैठाने पर मुकदमा

**चौबेपुर।** पाबंदी के बावजूद माल वाहक वाहनों में सवारियां बिठाकर चल रहे चार चालकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर वाहनों को किया गया। इसके अतिरिक्त वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस द्वारा 13 अन्य वाहनों का चालान कर सम्मन शुल्क वसूला गया। विशेष चेकिंग अभियान में बुधवार को उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, विपिन कुमार, अरविंद कुमार व वीरेंद्र कुमार की टीम ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर सघन पेट्रोलिंग, फुट पेट्रोलिंग व ग्रैंड वाहन चेकिंग के दौरान माल वाहक वाहनों पिकअप लोडर व छोटा हाथी लोडर में सवारियां भरकर जा रहे राजीव गुप्ता, निवासी लाल बंगला, चकेरी कानपुर नगर, नरेंद्र ग्राम रमेशपुर चौबेपुर ,अनिल निवासी शुक्लागंज, गंगा घाट , उन्नाव वबशोभित तिवारी निवासी रामकृष्ण नगर ,नजीराबाद कानपुर नगर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर वाहनों को सीज किया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 13 अन्य वाहनों के कागजात न दिखा पाने पर एम वी एक्ट के तहत चालान कर 12,500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# सेमीफाइनल में पहुंची सुपर स्ट्राइकर

संवाददाता, घाटमपुर



मैच जीतने के बाद खुशी जताते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्बे के सुखवासी सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में बुधवार को टास जीतकर एडी सुपर स्ट्राइकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सभी विकेट खोकर 184 रन बनाए, जिसके जवाब में रियल फाइटर की टीम सिर्फ 148 रन ही बना सकी और 36 रनों से मैच हार गई। यह मैच जीतने के साथ ही एडी सुपर स्ट्राइकर ने सेमी फाइनल मैच में जगह सुरक्षित कर ली है।

एडी सुपर स्ट्राइकर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए समर्थ ने शानदार 62 रन और उमेश वर्मा ने 23 रन बनाए। रियल फाइटर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिषेक पाल ने 2 विकेट, आरुष ठाकुर ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रियल फाइटर की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सभी विकेट खोकर महज 148 रन ही बना सकी। रियल फाइटर की तरफ से राजऋषि पांडेय ने 52 रन और अभिषेक पाल ने 21 रन बनाए।

एडी सुपर स्ट्राइकर की तरफ से बालिंग करते हुए अमृतराज ने 2 विकेट, अब्बास अली ने 3 विकेट झटके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अमृतराज निषाद को दिया गया। यह पुरस्कार मनोज परमार ने दिया। इस मौके पर रोहित सिंह एडी, आदित्य सचान, सचिव भूप किशोर, आदित्य सचान, राकेश बाबू, तनवीर आलम, सभासद विवेक शुक्ला, मुकेश दीक्षित, आमिर जैदी, विकास तिवारी, चंद्रवीर, शिवम साहू, आर्यन, स्वालेह, मुन्ना, राहुल राजावत, संकल्प सचान, आदर्श तिवारी, रोशन, शैल सोनी, नीरज प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# किशोरी का शव लटकता मिला

**शिवराजपुर।** बुधवार को शाम क्षेत्र के सुजान निवादा गांव में अज्ञात संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का शव कमरे के अंदर कुंडे मे लटकता मिला। सूचना मृतक के पिता ने पुलिस को दी पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच पड़ताल की।

सुजान निवादा निवासी अशोक की पुत्री पारस (16) का शव शाम 7 बजे कमरे के कुंडे से रस्सी के सहारे लटकता मिला। परिवार के लोग काम से बाहर गए थे। वापस आने पर जब उसे बुलाया तो जिंगले से देखा कि पारस का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से लटक रहा है। पारस के पिता अशोक किसान हैं। घटना की सूचना पिता ने पुलिस को दी। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल की बारीकी से जांच पड़ताल की व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रसूलाबाद में अधेड़ को फावड़े से काट डाला

संवाददाता, रसूलाबाद

- दुकान से घर जाते समय पीछे से किए ताबड़तोड़ वार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ढभारी ग्राम में आपसी रंजिश के चलते एक अधेड़ की सिर में फावड़ा मारकर हत्या कर दी गई । घटना से गांव में सनसनी फैल गई । सूचना पर कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी ने मौके पर पहुंच अभियुक्त की तलाश में छापेमारी की।

ग्राम ढभारी में बुधवार शाम 7 बजे के करीब 48 वर्षीय अनिल कुमार यादव उर्फ नेता गांव की दुकान से बीड़ी का बंडल लेकर अपने घर की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आए औसान सिंह यादव ने फावड़ा से सिर में हमला कर दिया, जिससे अनिल वही गिर गया। इसके बाद औसान सिंह ने लगातार सिर पर कई प्रहार कर उसकी नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गया। पता चला है कि औशान सिंह शराबी है और आए दिन वह अनिल को जान से मारने की धमकी देता था। अनिल शराबी समझकर उसकी बातों को कभी गम्भीरता से नही लेता था। क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही ने बताया कि औसान सिंह यादव का अनिल यादव से अकारण ही झगड़ा हो गया। झगड़ा के बाद औसान सिंह ने अनिल यादव पर फावड़े से सिर काट दिया, जिसकी सूचना पर पुलिस टीम मौके पर मौजूद है। घटना की जांच के साथ पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर अभी नहीं मिली है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# ग्रामीणों ने प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता, पतारा

- पंचायत भवन में घेराव कर जताया गया विरोध

**अमृत विचार:** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मूसेपुर के ग्रामीणों ने बुधवार को पंचायत भवन में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव का घेराव किया। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग उठाई।

पतारा ब्लॉक क्षेत्र के मूसेपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में बनी गौशाला में गोवंशों को बिना चारा-पानी के तड़पाया जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को ग्राम प्रधान की मुखालफत करते हुए पंचायत भवन पहुंचकर विरोध जताया। इस दौरान प्रधान पति और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्रामीणों से आवास और शौचालय दिलाने के नाम पर वसूली की गई है और ग्रामीणों को अभी तक आवास और शौचालय उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि हर रोज गौशाला में एक दो गोवंश भूख-प्यास से दम तोड़ रहे हैं, परंतु ग्राम प्रधान शव दफन कराकर कोई उचित व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। ग्राम पंचायत में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया है। यहां तक कि पंचायत भवन के बगल में महिला कॉम्प्लेक्स भी अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा है। इसकी समुचित व्यवस्था न होने के कारण महिलाएं खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**सहूलियत** प्रधान ने नलकूप से भराया तालाब, पशुपालकों ने जाहिर की खुशी

# तालाब भरा तो नहाने लगे बच्चे

संवाददाता, चौबेपुर


भीषण गर्मी के दौरान तालाब में नहाते बच्चे व युवा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण तपिश के दौरान सूखे पड़े तालाबों व हैंडपंपों के जवाब दे देने से पशुपालकों को मवेशियों की प्यास बुझा पाना मुश्किल हो रहा है। समस्या को देखते हुए विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरगपुर के प्रधान द्वारा निजी नलकूप से तालाब को भराने से पशुपालकों में भारी खुशी व्याप्त है।

पर्याप्त बारिश न होने से क्षेत्र के अधिकांश तालाब अप्रैल माह में ही पूरी तरह से सूख गए थे । वहीं इसके कारण लगातार गिर रहे जलस्तर से ज्यादातर हैंडपंप भी जवाब दे चुके हैं। ऐसे में पशुपालकों के समक्ष मवेशियों की प्यास बुझा पाना मुश्किल हो रहा है। समस्या को देखते हुए ग्राम प्रधान खरगपुर रामेंद्र तिवारी द्वारा गाँव स्थित तालाब को निजी नलकूप से भरवाये जाने से पशुपालकों को भारी राहत पहुंची है। ग्राम प्रधान ने बताया कि समस्या को देखते हुए उन्होंने तालाब को भरवाऐ जाने का फैसला लिया।

बताया कि विगत दो दिनों से लगातार तालाब में पानी भरवा रहे हैं। मंगलवार को तालाब में लबालब पानी भर जाने से ग्रामीणों में भारी खुशी नजर आई। भीषण तपिश के दौरान जहां बच्चों व युवाओं ने तालाब में स्नान कर अठखेलियाँ कीं वहीं पानी की उपलब्धता से पशुपालक भी खुश नजर आए। तालाब में पानी भर जाने से अब पशुओं के अलावा पशु ,पक्षी व जंगली जानवरों की भी प्यास बुझ सकेगी। ग्राम प्रधान की इस पहल की क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की है।

# रेप के विचाराधीन बंदी की हुई मौत

**कानपुर देहात।** दुष्कर्म के मामले में विचाराधीन बंदी की हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान बंदी की मौत हो गई।

कानपुर नगर के सचेंडी थाना क्षेत्र के लाल्हेपुर गांव निवासी राजा पुत्र सुरेश बाल्मीकि के खिलाफ साढ़ थाने में 24 जुलाई 2022 को दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह इस समय माती जिला कारागार में निरुद्ध चल रहा था। 12 जून को उसकी तबीयत खराब होने पर जेल अस्पताल में उपचार कराया गया, जहां हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया था। यहां से मंगलवार को बंदी को कानपुर हैलट अस्पताल भेजा था, जहां बुधवार को इलाज के दौरान राजा की मौत हो गई।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### विद्युत लाइन की चपेट में आने से दो सारस की मौत

**रसूलाबाद।** तहसील क्षेत्र के बरिगौं गांव के समीप बुधवार को एक सारस का जोड़ा एचटी विद्युत लाइन के पास से गुजर रहा था। दोनों सारस करंट की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वन क्षेत्राधिकारी एसएन सिंह ने बताया कि दोनों सारसों का डॉक्टर कमलेंद्र ने पोस्टमार्टम किया है।

### मारपीट में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के हारामऊ निवासी गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप है। पीड़िता ने बताया गांव के रहने वाले हुकुम सिंह, राम सनेही, अमित, छोटी किसी बात को लेकर गालीगलौज कर रहे थे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है।

### बहू और जेठ के बीच मारपीट

**रूरा।** क्षेत्र के अंदाया गांव निवासी राम गोपाल ने बताया कि उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। तभी पुरानी खुन्नस के चलते भाई सुरेंद्र और उसकी पुत्री ने गालीगलौज कर मारपीट कर पत्नी को घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### बहू से मारपीट में ससुर पर रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अमौली निवासी महिला ने अपने ससुर पर मारपीट करने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमौली निवासी रेखा ने बताया कि उसके ससुर भगवान दीन शराब के लती हैं। उसके घर के बाहर लगे नल से पानी भरने के दौरान आए दिन ससुर गालीगलौज करते हैं। बीते सोमवार की शाम फिर से ससुर ने गालीगलौज की। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो ससुर ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**संदलपुर।** डेरापुर थाना क्षेत्र के कांधी गांव के ओवरब्रिज के पास एक युवक मृत अवस्था में पड़ा मिला। लोगों का कहना है कि मानसिक रूप से बीमार युवक पिछले दो महीने से इधर-उधर भटक रहा था। उसकी बुधवार की रात मौत हो गई। कांधी चौकी इंचार्ज अमरेंद्र प्रताप सिंह ने शव का पंचनामा भरा। उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। ग्रामीणों के अनुसार वह मांग कर खाता था।

### विवाद में चार लोग घायल

**रूरा।** थाना क्षेत्र डगरहा निवासी महिला ने गांव के लोगों पर पानी भरने के विवाद में घायल कर देने के आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता उर्मिला ने पुलिस को बताया कि घर बाहर लगे सरकारी नल से पानी भरने के दौरान पड़ोसी चिराग मना करने लगा। विरोध किया तो चिराग, अवनीश, अमित, दीपू, गुड्डू और उनके घर की महिलाएं आकर उससे और उसके पुत्र से मारपीट करने लगी।

# जाना गांव में 25 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** जाना गांव में 25 मेगा के सोलर प्लांट को स्थापित करने के लिये नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोलर प्लांट को लगाने के लिये नगर निगम फिजिबिलटी (व्यवहार्यता) अध्ययन करेगा। इसमें अधिकारी परियोजना या प्रणाली की व्यावहारिकता का आकलन करेंगे। इसके साथ ही प्लांट की ताकत, कमजोरियों के साथ ही प्राकृतिक वातावरण में मौजूद अवसरों और खतरों को भी जानेंगे। शासन के निर्देश पर म्यूनिसिपल बांड से स्थापित होने वाले सोलर प्लांट के लिये नगर आयुक्त ने 21 जून को केस्को, एनएचएआई, एयरपोर्ट, नेडा समेत संबंधित विभाग के साथ नगर निगम में बैठक बुलाई है।

नगर निगम सदन की 19 फरवरी को हुई बैठक में बिजली बचाने के उद्देश्य से 25 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट लगाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था। इस प्लांट के लिए जाना गांव सीवेज फार्म की जमीन पर 60 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि प्लांट को स्थापित करने में आने वाला खर्च म्यूनिसिपल बांड से प्राप्त होने वाले 100 करोड़ रुपये से कराया जाएगा। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सदन के स्वीकृत प्रस्ताव का हवाला देते हुए नगर विकास विभाग को इस संबंध में रिपोर्ट भेजी थी। जिसके बाद शासन ने फिजिबिलटी अध्ययन करने के निर्देश दिये हैं। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने केस्को को इस संबंध में पत्र लिखकर सोलर प्लांट की विस्तृत जानकारी बिजली उत्पादन, बिजली उपयोगिता व खपत के संबंध में प्लांट की उपयोगिता की जानकारी देने के लिये किसी एक अधिकारी को नामित करने के लिये कहा है। ताकि वह 21 जून को बैठक में भाग लेकर प्लांट की उपयोगिता और संचालन से अवगत करा सके। नगर आयुक्त ने क्षेत्रीय अधिकारी एयरपोर्ट, एनएचआई, यूपीपीटीसीएल, पीडब्ल्यूडी, वन अधिकारी, नेडा, म्यूनिसिपल बांड के कंसलटेंट अनुराग अरुण समेत सभी नगर निगम अधिकारियों से बैठक में रहने के लिये पत्र लिखा है, ताकि योजना को जल्द शुरू करने के लिये निर्णय लिया जा सके।

**21** जून को केस्को, एनएचएआई, एयरपोर्ट, आदि विभागों के साथ होगी बैठक

### नेशनल ग्रिड में होगी सप्लाई, नौ करोड़ की बचत

- सोलर मेगा प्लांट में हर महीने 25 मेगावाट बिजली उत्पादन होगा, जिसे नेशनल ग्रिड में सप्लाई किया जाएगा। नेशनल ग्रिड को जितनी बिजली दी जाएगी, उतनी ही बिजली घटाकर नगर निगम और जलकल विभाग केस्को को भुगतान करेगा। अभी हर महीने 9 करोड़ रुपये की बिजली खर्च करता है। सभी पंपिंग स्टेशन, जल शोधन संयंत्र व नलकूप के संचालन में हर महीने करीब 19000 किलोवॉट बिजली खर्च होती है। जलकल बिजली के मद में केस्को को हर महीने करीब 4 करोड़ रुपये भुगतान करता है। वहीं, नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसार शहर में 1.24 लाख स्ट्रीट लाइटें जलाने में हर महीने करीब 5 करोड़ रुपये की बिजली खर्च होती है।

- सोलर सिटी योजना के अंतर्गत नगर निगम म्यूनिसिपल बांड से स्थापित होगा सोलर प्लांट

### आईआईटी के सुझाव पर प्लांट होगा स्थापित



नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए आईआईटी कंसलटेंसी करेगा। उनके दिशा-निर्देश पर यूपीनेडा प्लांट स्थापना करेगा। इस काम में आने वाले खर्च को म्यूनिसिपल बांड से मिलने वाले पैसे से पूरा किया जाएगा। सरकारी एजेंसी से कार्य कराने के निर्देश दिए गये हैं, यूपीनेडा की एक टीम ने प्लांट के लिए चिह्नित जमीन का निरीक्षण कर सैद्धांतिक सहमति दे दी है। माना जा रहा है कि जुलाई में डीपीआर बन जाएगा और अगले एक साल में प्रोजेक्ट स्थापित हो जाएगा।

## सार-संक्षेप



शर्बत वितरित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार। अमृत विचार

### केक काटकर राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन


**कानपुर देहात।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अकबरपुर स्थित पार्टी कार्यालय में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर जिलाध्यक्ष नरेश कटियार ने केक काटा और राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया। उसके बाद डेरापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों व तीमारदारों को फल वितरित किए गए। सिकंदरा में शर्बत वितरण कर पूर्व अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में राहुल गांधी जननायक के रूप में उभरे हैं और समाज के हर तबके का समर्थन मिला है। इस जन्मोत्सव पर जनपद के किसान, मज़दूर, छात्र, नौजवान, महिलाएं उनकी दीर्घ आयु की कामना करती हैं। इस मौके पर समीम कुरैशी, रोहित कटियार, सगीर अहमद, सुरेंद्र कटियार, शेष नारायण गुप्ता, आदर्श कटियार, रामबाबू कटियार, राजेंद्र सचान, अजय यादव, राजू कटियार, रामऔतार दीक्षित, अजीत यादव, अनिल कटियार, ब्रजेंद्र स्वरूप कटियार, कल्लू, शरीफ समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



कोटेदार चयन की खुली बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

### पुलंदर में कोटेदार का निर्विरोध चयन

**मूसानगर।** मालसा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पुलदंर में कोटेदार की मौत हो जाने के बाद से रिक्त चल रही राशन की दुकान का बुधवार को खुली बैठक में निर्विरोध निर्वाचित कोटेदार का आवंटन हुआ। ग्राम पंचायत पुलदंर के पूर्व कोटेदार शंकर सिंह की मृत्यु हो जाने के बाद से लगातार राशन की दुकान रिक्त चल रही थी। राशन उपभोक्ताओं को जरसेन से संबंध कर दिया गया था। बुधवार को ब्लॉक से पहुंचे पर्यवेक्षक एडीओ कृषि बृजेंद्र यादव, एडीओ पंचायत आदित्य कुमार शुक्ला की मौजूदगी में ग्राम पंचायत में खुली बैठक आहूत की गई। जिसमें ग्रामीणों के समक्ष सर्वसम्मति से गांव के देवेंद्र सिंह को निर्विरोध कोटेदार चुना गया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) आदित्य कुमार शुक्ला ने बताया कि राशन की दुकान के लिए केवल एक आवेदन आया था। जिसको सर्वसम्मति से निर्विरोध चुन लिया गया है। आवंटन की प्रक्रिया में ग्राम प्रधान प्रीति, ग्राम पंचायत अधिकारी नम्रता राव, समाजसेवी बीके तिवारी समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।



शिक्षक की पुस्तक का विमोचन करती बीएसए रिद्धी पांडेय। अमृत विचार

### बीएसए ने काव्य पताका पुस्तक का किया विमोचन

**कानपुर देहात।** विकासखंड मलासा के संविलियन विद्यालय सुखसौरा में कार्यरत शिक्षक आलोक श्रीवास्तव द्वारा रचित कविताओं के संकलन काव्य पताका का विमोचन बुधवार को कार्यालय में बीएसए रिद्धी पांडेय ने किया। बीएसए ने पुस्तक में लिखित रचनाओं, जीवन, शिक्षक व बेटियां नामक पाठ की सराहना की। आलोक श्रीवास्तव वह वर्ष 2003 से परिषदीय शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। आदर्श शिक्षक के रूप में उन्हें जिला स्तरीय शिक्षक दिवस पर 2014 व 2018 में सम्मानित भी किया जा चुका है। इसके अलावा कई विधाओं में राज्य स्तरीय पुरस्कार भी जीत चुके हैं। इस मौके पर आरएसएस के जिला सह कार्यवाह रवि द्विवेदी, जिले में निपुण भारत अभियान के ध्वजवाहक एसआरजी अनंत त्रिवेदी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्कूल में पहले दिन बच्चों को मिलेगा हलवा और खीर

**कानपुर देहात।** भीषण गर्मी एवं हीटवेव के दृष्टिगत ग्रीष्मावकाश के बाद 28 जून से परिषदीय विद्यालयों को खोलने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके पहले ही शिक्षकों को 25 से 27 जून तक विद्यालय खोलकर साफ-सफाई कराने को कहा गया है। विद्यालय खुलने पर चाइल्ड फ्रेंडली वातावरण सृजित कर छात्र-छात्राओं का स्वागत रोली और टीका लगाकर किया जाएगा। पहले दिन बच्चों को हलवा और खीर मिलेगी। शासन द्वारा भेजे गए पत्र के क्रम में शिक्षकों को विद्यालय खोलते ही 28 और 29 जून को विद्यालय स्तर पर समर कैंप आयोजित करने होंगे। इस दौरान गर्मी के मद्देनजर बच्चों को 07 :30 से 10 बजे तक ही विद्यालय बुलाया गया है। वहीं एक जुलाई से विद्यालयों का संचालन नियमित रूप से सुबह 07 .30 बजे से दोपहर 01 .30 बजे तक चलेगा। नियमित कक्षाएं पूर्व के जारी समय सारिणी के अनुसार चलाई जाएंगी। 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान दोबारा संचालित किया जाएगा। इसके तहत विद्यालय द्वारा क्षेत्र में रैली निकालकर जागरूक किया जाएगा।

### इटैली झील में अवैध खनन करते दो डंपर पकड़े

**रसूलाबाद।** मंगलवार देर रात इटैली झील पर चल रहे अवैध खनन पर भगवंतपुर उसरी में ग्रामीणों ने डंपरों को घेर कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर कहिंजरी चौकी प्रभारी योगेंद्र शर्मा पहुंचे और दोनों डंपरों को थाने में खड़ा कराते हुए अधिकारियों को सूचना दी। चौकी प्रभारी ने बताया कि इटैली झील में चल रहे अवैध खनन पर ग्रामीणों की सूचना पर दो डंपरों को पकड़ा गया है। मामले में एसडीएम नीलिमा यादव ने बताया कि सूचना मिली है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट और फायरिंग के बाद झींझक पुलिस चौकी का घेराव

## सफाई कर्मचारी से मारपीट के बाद भड़का गुस्सा, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, मंगलपुर

- मंगलवार रात नुमाइश में दोनों पक्षों में हुई थी मामूली कहासुनी
- फायरिंग से इलाके में फैली दहशत, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** झींझक कस्बे में सफाई कर्मचारी से मामूली कहासुनी के बाद पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने मारपीट के साथ फायरिंग की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तो गोली चलाने वाले फरार हो गए। सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट और फायरिंग को लेकर सफाईकर्मियों में गुस्सा भड़क गया। एकजुट हुए सफाई कर्मियों ने पुलिस चौकी का घेराव कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के झींझक कस्बे के वार्ड नंबर एक गांधी नगर निवासी सफाई कर्मचारी रामचंद्र मंगलवार की रात अपने भांजे को नुमाइश दिखाने के लिए प्रदर्शनी में गया था, जहां किसी बात को लेकर गढ़ी महेरा के रहने वाले रवि से मामूली कहासुनी हो गई। उस समय कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कराकर वहां से घर भेज दिया था। बुधवार को रामचंद्र और उसके साथी सफाई करने के लिए वार्ड नंबर 14 और वार्ड नंबर 21 पहुंचे। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे चार युवकों ने रामचंद्र और अजय कुमार पर फायरिंग करते हुए गालीगलौज और मारपीट की।

अचानक फायरिंग होने से इलाके में दहशत फैल गई। लोग माजरा समझने के लिए घरों से बाहर निकले। लोगों को आता देखकर गोली चलाने वाले युवक मौके से भाग निकले। इसकी खबर फैलते ही नगर पालिका परिषद के सभी सफाईकर्मी एकजुट हो गए। गुस्साए सफाई कर्मियों ने काम बंद कर दिया और सीधे झींझक पुलिस चौकी पहुंच गए। वहां आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़ित सफाई कर्मी रामचंद्र ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया।



मारपीट व फायरिंग के बाद एकजुट हुए सफाई कर्मी। अमृत विचार

### सफाईकर्मियों ने नहीं किया काम

मारपीट और फायरिंग की घटना के बाद सफाईकर्मियों ने काम ठप कर दिया। घटना के बाद पुलिस चौकी में एकत्र हुए सफाईकर्मियों ने तहरीर देने के साथ ही कार्रवाई की मांग उठाई और फिर काम ठप कर दिया। पुलिस के आश्वासन पर सफाईकर्मी पुलिस चौकी से चले गए, लेकिन देर शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। माना जा रहा है कि कार्रवाई की मांग को लेकर सफाईकर्मी आंदोलन का रुख अख्तियार कर सकते हैं।

### फायरिंग नहीं, दोनों के बीच मारपीट हुई

मंगलपुर थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि सफाई कर्मियों से मारपीट की जानकारी मिली है। शुरुआती छानबीन में पता चला है कि दोनों के बीच मामूली मारपीट हुई है, फायरिंग की बात गलत है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

## रुपये मांगते सहायक शोध अधिकारी का वीडियो वायरल

**कानपुर देहात।** सीएमओ कार्यालय के सहायक शोध अधिकारी द्वारा काम के लिए पांच सौ रुपये मांगने का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सीएमओ ने आरोपी को डेरापुर सीएचसी से संबद्ध करते हुए कार्रवाई के लिए परिवार कल्याण निदेशालय पत्र भेजने की बात कही है।

सीएमओ कार्यालय में जन्म-मृत्यु पटल पर सहायक शोध अधिकारी की तैनाती है। बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सहायक शोध अधिकारी एक व्यक्ति से दस्तावेज में मुहर लगाने के नाम पर पांच सौ रुपये मांगते दिखाई दे रहा है, जिसमें वह दो सौ रुपये नकद और तीन सौ रुपये खाते में डालने की बात कह रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। रुपये मांगते सहायक शोध अधिकारी का वीडियो वायरल होने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया। इस मामले में सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली है। जिस पर संबंधित सहायक शोध अधिकारी को सीएमओ कार्यालय से हटाते हुए डेरापुर सीएचसी से संबद्ध कर दिया गया है। जांच के लिए परिवार कल्याण निदेशक को पत्र भेजा जा रहा है।



घंटाघर में कांग्रेसियों ने केक काटा।

## राहुल गांधी का जन्मदिन मना

**कानपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को केक काटकर सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया।

घंटाघर चौराहा को गुब्बारे और झंडियों से सजाया गया। शहर के वार्डों में भी फल, मिष्ठान व शरबत वितरण किया गया। पौधरोपण का संकल्प लिया गया।

कांग्रेसियों ने स्ट्रीट वेंडर की बेटी के हाथों से केक कटवाया और आने-जाने वालों को शरबत पिलाया।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी व लोकसभा प्रत्याशी रहे आलोक मिश्रा संजीव दरियाबादी, मदन मोहन शुक्ला, दिलीप शुक्ला, पवन गुप्ता रहे।

# जिले में इस साल खोदे जाएंगे 54 खेत तालाब

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- विशेषज्ञों ने किसानों को खेती-बाड़ी की जानकारी दी
- विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बाद किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को धान नर्सरी तैयार करने समेत खेतीबाड़ी संबंधित अन्य जानकारियां दी गई।

बुधवार को जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने दिवस में आए किसानों को धान नर्सरी की तैयारी, नैनो उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। भूमि संरक्षण अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा ने खेत तालाब योजना के बावत बताया कि जनपद में इस वर्ष 54 खेत तालाब खोदे जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसका आकार 22 गुणा 20 गुणा 3 मीटर निर्धारित है।

इसकी अनुमानित लागत प्रति खेत तालाब एक लाख पांच हजार रुपये है। कृषि विभाग द्वारा प्रति खेत तालाब 50 प्रतिशत अनुदान 52,500 रुपये दो किश्तों में अनुदान के रूप में लाभार्थी किसान को प्रदान की जाएगी। पहली किस्त का भुगतान किसान को खुदाई पूर्ण करने पर अनुदान की 75 प्रतिशत धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। शेष 25 प्रतिशत धनराशि पक्का कार्य पहली किस्त का भुगतान खुदाई पूर्ण करने पर मिलेगी। उन्होंने बताया कि तालाब खोदे जाने पर भूमिगत जल स्तर बढ़ने के साथ-साथ तालाब में मत्स्य पालन, सिंघाडा उत्पादन आदि कार्य कर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। योजना अंतर्गत किसानों का चयन पहले-आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

जिला उद्यान अधिकारी बलदेव प्रसाद ने सब्जी उत्पादन, ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से होने वाले लाभ व देय विभागीय अनुदान के बावत जानकारी दी। सीईओ मत्स्य अवनीश कुमार यादव ने मत्स्य पालन में बरती जाने वाली सावधानियों व तैयारियों के बारे में बताया।

कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के कृषि वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, मुर्गी पालन, बकरी पालन, उप कृषि निदेशक राम बचन राम ने विभागीय योजनाओं, कृषि यंत्रों पर देय अनुदान, सोलर फोटो वोल्टाईक इरीगेशन पंपों पर अनुदान, 31 जुलाई तक फसलों का बीमा कराने समेत अन्य जानकारी दी। इस मौके पर उपायुक्त मनरेगा प्रेम प्रकाश त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**योग दिवस कल** 20 वर्षों से संजय वन में निशुल्क योग सिखा रहे हैं मनोज त्रिपाठी

# योग से सामाजिक समरसता का रास्ता

विशेष संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' है। यह इसलिए है, क्योंकि योग न सिर्फ शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में मदद करता है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देता है।

योग के माध्यम से सामाजिक समरसता के उद्देश्य को सफल बनाने में लगे हैं, किदवई नगर के मनोज त्रिपाठी। वह बीते 20 साल से लोगों को निशुल्क योग सिखाते हैं। आठ साल से संजय वन में योग सिखा रहे हैं। बाबा रामदेव की पतंजलि पीठ से प्रशिक्षित मनोज ने सम्पूर्ण जीवन योग सिखाने में समर्पित कर रखा है। वह योगासन से लाभ, कैसे नित्य योग करें, यह बताने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी ज्ञान देते हैं। मनोज 21 जून को योग दिवस की तैयारियों में जुटे हैं। उनका कहना है कि इस दिन हर साल बड़ी संख्या में लोग संजय वन आते हैं। एलआईसी में काम करने वाले 55 वर्षीय मनोज त्रिपाठी स्थानीय पतंजलि योग समिति के सह प्रभारी हैं। वह कहते हैं कि समूह योग सत्र सामाजिक बंधन और आपसी सहयोग को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, योग के सिद्धांत, जैसे करुणा, अहिंसा और सभी प्राणियों के प्रति सम्मान, नैतिक व्यवहार और सामाजिक सद्भाव को प्रेरित करते हैं। योग का ध्यान और आत्मअनुशासन पर जोर अधिक होता है। प्रत्येक आसान के लाभ हैं। व्यक्तिगत स्तर पर योग शरीर के लचीलेपन, शक्ति और संतुलन में सुधार के माध्यम से स्वास्थ्य को बढ़ाता है। साथ ही तनाव, चिंता और अवसाद को कम करके मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। उनका कहना है कि नियमित अभ्यास से आत्मजागरूता और आंतरिक शांति बढ़ती है।



संजय वन में योग का अभ्यास कराते योगाचार्य मनोज त्रिपाठी।

## 'दस्तक' को सफल बनाने के निर्देश

**राजपुर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर डिप्टी सीएमओ ने राजपुर पीएचसी में समीक्षा बैठक कर सफल बनाने के निर्देश दिए। आभा आईडी में खराब प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए एमओआईसी को नियमित प्रगति जांचने के लिए निर्देशित किया।

डिप्टी सीएमओ डॉ डीके सिंह ने बैठक की। सबसे पहले आशा संगिनी से आभा आईडी प्रगति की समीक्षा की। खराब प्रगति मिलने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 1 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग अभियान चलेगा। साथ ही घर घर दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा।

# अस्पताल में प्रसूता की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर के निजी अस्पताल में प्रसव के लिए आई गर्भवती की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। देर शाम तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

कानपुर नगर के ककवन थाना क्षेत्र के कौरू ताहरपुर निवासी सपना (24) की शादी शिवली कोतवाली क्षेत्र के चौथियाई गांव निवासी मुकेश के साथ हुई थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने बुधवार को अकबरपुर के पुष्पेय नर्सिंग होम में सपना को भर्ती कराया था। पति मुकेश ने बताया कि निजी अस्पताल में इंजेक्शन लगाने के बाद सपना की हालत बिगड़ गई और बाद में उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया।

जानकारी मिलने पर अकबरपुर कोतवाली पुलिस व सदर चौकी इंचार्ज विकल्प चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन शाम तक निजी अस्पताल में ही डटे रहे। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों ने अभी तक तहरीर नहीं दी है।



निजी अस्पताल में हंगामे पर लोगों को समझाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# आसमान से बरसे 'अंगारे', लोग हुए बेहाल

## मंगलवार शाम को बादल छाने से मिली थी राहत, बुधवार को फिर मौसम बदला और गर्मी ने ढाया सितम

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** जून माह की भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सुबह से ही आसमान से चटकी धूप के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। आलम यह रहा कि धूप की तपिश से बचने के लिए लोग छाता लगाकर निकले। वहीं शाम तक लू के थपेड़े चलने के कारण आने जाने वाले लोग मुंह ढक कर निकल रहे हैं।

मंगलवार शाम से आसमान में बादल छाये रहे। जिसके बाद रात के समय चली हवाओं से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी लेकिन बुधवार सुबह एक बार फिर मौसम बदला और सुबह नौ बजे के बाद ही गर्मी का असर दिखायी पड़ने लगा। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया गर्मी का प्रकोप भी बढ़ता दिखायी पड़ा। दोपहर करीब बारह बजे ही दुकानों पर लोग की भीड़ कम हो गई। सड़कों पर भी धूप के कारण लोगों की चहल कदमी कम रही। जो लोग सड़क पर नजर आये वह भी सिर पर अंगौछा व छाता का सहारा लिये रहे। गर्मी के कारण घरों में रहने वालों को भी खासी दिक्कत का सामना रहा। क्योंकि बिजली के आने व जाने का सिलसिला जारी रहा। देर शाम तक चली गर्म हवाओं के कारण मुख्य मार्गों पर सन्नाटा देखने को मिला।


तेज धूप में अंगौछे से मुंह ढक कर जाते बाइक सवार। अमृत विचार

### रेलवे स्टेशन पर मिला अधेड़ का शव, नहीं हुई पहचान

**उन्नाव।** उन्नाव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर बने मुख्य द्वार के पोर्टिको के पास एक अधेड़ का शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। काफी प्रायस के बाद उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। इस पर शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। जीआरपी दरोगा मनोज कुमार ने बताया आस पास के लोगों को उसका फोटो दिखाया गया तो जानकारी हुई कि अधेड़ बीते कई दिनों से स्टेशन के पास ही घूमता देखा गया था।

# बहन की अंत्येष्टि में शामिल होने गए भाई की गर्मी से मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- मृतक की मां आईसीयू में भर्ती भाई का हुआ कैंसर का ऑपरेशन

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के प्रेम नगर निवासी एक युवक मंगलवार को अपनी बहन की अंत्येष्टि में शामिल होने गया था, तभी अधिक गर्मी होने के कारण उसकी तबियत बिगड़ गई। आनन फानन परिजन उन्हें इलाज के लिये कानपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

प्रेम नगर निवासी 48 वर्षीय भरत श्रीवास्तव की पोनी रोड में रहने वाली बहन का मंगलवार को निधन हो गया था। जिस पर परिवार और मोहल्ले के लोग उनका अंतिम संस्कार कराने के लिये शव लेकर मिश्रा कॉलोनी घाट पर पहुंचे। इस दौरान क्रियाकर्म चल रहा था, तभी तेज धूप होने के कारण भरत घाट पर ही गश खकर गिर गया। यह देख परिजन दौड़े और उसे उठाया। जिसके बाद इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। बुधवार सुबह कानपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मां ही हालत गंभीर है। वह आईसीयू में भर्ती है। जबकि बुधवार को भाई का कानपुर के एक निजी कैंसर अस्पताल में ऑपरेशन हुआ है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया।


भरत श्रीवास्तव।

# बेरोजगारों की डूडा करेगा आर्थिक मदद

**उन्नाव।** नगरीय विकास अभिकरण रोजगार बढ़ाने के लिए दो से 10 लाख रुपए तक ऋण उपलब्ध कराएगा।

पीओ डूडा अरविंद सिंह ने कि दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के उपघटक स्वरोजगार ऋण कार्यक्रम के तहत चालू वित्तीय वर्ष के लिए शासन स्तर से नगर पालिका परिषद उन्नाव, गंगाघाट व बांगरमऊ के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किए हैं। इन निकायों के निवासी सूक्ष्म उद्यम शुरू करने वालों के साथ स्वरोजगार (व्यवसाय) की वृद्धि को बैंक के माध्यम से ऋण के तौर पर आर्थिक मदद कराई जाएगी। व्यक्तिगत व सामूहिक ऋण (दो से 10 लाख रुपए तक) पर सात फीसदी ब्याज की धनराशि अनुदान के रूप में शासन द्वारा वहन किया जाएगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, एक लाख रुपए से कम वार्षिक आय का प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, राशन कार्ड की छायाप्रति, चार नवीनतम फोटो आदि देना होगा।

# अस्थियां विसर्जन करने आए नाती की मार्ग दुर्घटना में मौत

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- लखनऊ के रहने वाले दो सगे भाई चंदनघाट पर अस्थि विसर्जन करने पहुंचे थे

**अमृत विचार।** लखनऊ के थाना हसनगंज क्षेत्र के रहने वाले दो सगे भाई अपनी दादी की अस्थियां विसर्जन करने के लिये जाजमऊ चंदन घाट पर पहुंचे। जहां मौजूद पंडों ने अधिक पैसे मांगे। जिस पर दोनों भाई बाइक से वापस जाने लगे। इस दौरान हाइवे पर अज्ञात डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। इस पर पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान एक नाती की मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिये भेजा। जहां जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की है। लखनऊ के हसनगंज थाना क्षेत्र के डालीगंज निवासी राज श्रीवास्तव (48) पुत्र स्व. कोमल श्रीवास्तव बुधवार सुबह अपने भाई मनोज श्रीवास्तव के साथ बाइक से अपनी दादी की अस्थियां विसर्जित करने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी क्षेत्र के चंदनघाट पर पहुंचे। जहां घाट पर मौजूद पंडों से अस्थियां विसर्जन करने को कहा। जिस पर पंडों ने विधि विधान से विसर्जन कराने के लिये अधिक पैसे मांगे। जिस पर उन्होंने पैसे कम करने के लिये पंडा से कहा तो उनका विवाद हो गया। विवाद होने पर राज और मनोज बिना अस्थियां विसर्जित किये हुये वापस बाइक से जाने लगे, तभी हाईवे पर अज्ञात डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछल कर सड़क पर जा गिरे और घायल हो गये। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने राज को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि डंपर की तलाश की जा रही है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

# बंद टेनरी में संदिग्ध हालात में मिला शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- परिजनों ने अचानक हुई मौत पर जताई हत्या की आशंका

**अमृत विचार।** दही औद्योगिक क्षेत्र में बंद पड़ी एक टेनरी में सुरक्षा के लिए तैनात निजी गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुधवार सुबह ड्यूटी पर पहुंचे दूसरे गार्ड ने गेट काफी देर तक खुलवाने का प्रयास किया लेकिन अंदर से कोई जबाव न मिलने पर उसने प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां गार्ड मृत अवस्था में पड़ा था। वहीं बेटे ने पिता की मौत पर शक जताया है।


शिवबीर।

माखी थानाक्षेत्र के गांव रामसिंह खेड़ा गांव निवासी शिवबीर सिंह (62) पुत्र कंचन सिंह दही थानांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की साइड दो स्थित एक बंद टेनरी में सुरक्षा गार्ड की दो साल से नौकरी कर रहा था। मंगलवार को उसकी रात शिफ्ट में ड्यूटी थी। शाम को वह घर से टेनरी पर आया था। बुधवार सुबह जब दिन की ड्यूटी करने वाला गार्ड सौरभ शुक्ला पहुंचा और गेट खटखटाया तो वह नहीं खुला। काफी प्रायस के बाद भी गेट नही खुलने पर उसने प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। किसी तरह गेट फांदकर अंदर जाकर देखा तो शिवबीर मृत पड़ा था। उधर उसके आठ बजे तक घर न पहुंचने पर भतीजे अखिलेश ने पहले फोन मिलाया। जब वह नहीं उठा तो टेनरी के सामने एक दुकानदार को फोन मिलाया तो उसे घटना का पता चला। मौत की सूचना से घर में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर पहुंचे तब तक शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा चुका था। पति की मौत से पत्नी माया, दो बेटी शांति सिंह मोनिका सिंह और बेटा विक्रम हत्या का आरोप लगाया है।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**बांगरमऊ, उन्नाव।** अपने रिश्तेदार के यहां रह रहे अधेड़ ने गांव के बाहर पेड़ में फंदे से लटक कर खुदकशी कर ली। पुलिस ने जांच के बाद शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हरदोई जिला के कछौना थानांतर्गत कस्बा गौसगंज निवासी भैयालाल( 50) पुत्र गयारी कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में अपने भाई की ससुराल में अलग रहता था। बुधवार को दोपहर उसका शव गांव के बाहर एक पेड़ में रस्सी के के फंदे से लटका मिला ग्रामीणों में चर्चा रही कि अधेड़ अविवाहित था। वह काफी समय से मुस्तफाबाद गांव में रहता था। था। दो दिन पूर्व उसका गांव के कुछ लोगों से विवाद भी हुआ था। चर्चा यह भी है कि गांव निवासी एक महिला से उसकी नजदीकी थी। इसी चक्कर में वह यहां रह रहा था।

# विवाहिता ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पिता ने लगाया दहेज के लिए हत्या करने का आरोप

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के जवाहर नगर मोहल्ला निवासी विवाहिता ससुलारियों की प्रताड़ना से तंग आकर फंदे से लटक गई। पति उसे जिला अस्पताल लेकर आया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंचे पिता ने दामाद सहित अन्य ससुरालियों पर दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने के साथ ही उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। विवाहिता की सूचना पर नायब तहसीलदार ने पंचनामा की कार्रवाई की। बुधवार को दो डाक्टर के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।कानपुर के बजरिया थानांतर्गत सीसामऊ मोहल्ला निवासी एनटीसी से रिटायर्ड वीरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि उनकी छोटी बेटी हेमलता (27) की शादी 18 अप्रैल 2018 को सदर कोतवाली के जवाहर नगर मोहल्ला निवासी राजकुमार शर्मा के बेटे गोविंद के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल में बेटी के साथ मारपीट होती थी। मार्च में ससुराल वालों ने गलती मानी और कानपुर के बजरिया थाने उन्नाव पुलिस की मौजूदगी में समझौता के बाद बेटी अपनी ससुराल आ गई। मंगलवार रात दामाद ने उन्हें फोन पर बताया उनकी बेटी ने फांसी लगा ली।


हेमलता

# निर्माण लागत की डीएम ने की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- कहा लेट-लतीफी से नहीं बढ़नी चाहिए निर्माण लागत
- अनिमितताओं के लिए दोषियों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी ने विकास भवन सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की वित्तीय व भौतिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के निर्देश दिए। कहा कि अनियमितता साबित होने पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

निर्माण एजेंसियों के उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि 50 लाख रुपए से अधिक निर्माण लागत वाली विकास परियोजनाओं का स्वयं स्थलीय निरीक्षण करते हुए प्रगति की नियमित मानटरिंग करें, जिससे गुणवत्ता में किसी तरह की कमी न रहे। निर्माण कार्य में कन्हीं किसी तरह की वित्तीय अनियमितता नहीं होनी चाहिए, धांधली पाए जाने पर कार्यदायी संस्था के साथ जिम्मेदार पाए जाने वाले अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। निर्माण कार्य पूर्ण होते ही संबंधित परियोजाएं बिना बिलम्ब के हस्तगत किए जाएं।

साथ ही नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों को शुरू कराने में भी तेजी लाई जाए। साथ ही कार्यदायी संस्थाओं के प्रभारियों को निर्माण परियोजनाओं में आवश्यकतानुसार पौध रोपण कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सीएमओ डा सत्यप्रकाश, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार व अधिशासी अभियंता जल निगम अजित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


बड़ी निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

# सरैयां रेलवे ट्रैक के किनारे फिर धधकी आग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सरैयां रेलवे क्रासिंग के अप और डाउन लाइन के दोनों ओर पिछले कई दिनों से लगातार आग लग रही है। बुधवार को भी एक बार फिर झाड़ियों में आग लग गई। आग को मौजूद रेल कर्मियों ने किसी तरह बुझाया। वहीं आग की सूचना पर आरपीएफ मौके पर पहुंची। जहां उन्होंने मौजूद लोगों से पूछताछ की।

बुधवार सुबह करीब नौ बजे सरैयां क्रासिंग स्थित डाउन लाइन के ट्रैक के किनारे झाड़ियों में आग लगा दी गई। तेज हवाएं चलने के कारण आग दूर तक फैल गई और करीब तीन सौ मीटर तक आग धू धू कर जलने लगी। यह देख रेल कर्मी दौड़े और किसी तरह आग बुझाने में जुटी रही। वहीं एक मालगाड़ी भी प्रभावित रही। कानपुर लखनऊ रेल रूट के अप और डाउन लाइन पर छह दिनों से लगातार आग लगने पर मामला संदिग्ध लग रहा है। वहीं आग लगने की जानकारी दमकल को भी नहीं दी जाती है। मौजूद रेल कर्मी खुद ही आग बुझाते हैं। ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि रेलवे कर्मी ही झाड़ियों में आग लगाते हैं। आग की सूचना पर मौके पर गंगाघाट स्टेशन से आरपीएफ पहुंची और रेल कर्मियों से पूछताछ की है।


ट्रैक के किनारे आग लगने के कारण जली पड़ी झाड़ियां।

# दर्द दे रही मोतीनगर की आधी बनी सड़क

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- वाहन सवार गिरकर हो रहे चुटहिल, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**अमृत विचार।** प्रतिदिन हजारों लोगों के आवाजाही वाली मोतीनगर की हरदोई मार्ग को बंद रेलवे फाटक से जोड़ने वाली दुर्दशाग्रस्त सड़क आवागमन करने वालों को दर्द दे रही है। पालिका ने बंद फाटक की ओर से कुछ दूर तक मार्ग निर्माण कराया है, जिससे आधी से अधिक लंबी सड़क क्षतिग्रस्त पड़ी है। वाहन सवार व राहगीर इस रास्ते से आवागमन करते हुए गिरकर चुटहिल होते रहते हैं। जिम्मेदारों के मुताबिक जल निगम ने अमृत पेयजल योजना के तहत खुदाई की है। इसलिए जल निगम शीघ्र ही निर्माण शुरू कराएगा।

बंद रेलवे फाटक के पास दशकों से सब्जी मंडी संचालित हैं। इसलिए दोपहर से देर शाम तक इस मार्ग पर सब्जी कारोबारियों सहित खरीदारों की आवाजाही बनी रहती है। इसके अलावा विभिन्न मोहल्लों के लोग इस सड़क से होकर कम दूरी तय कर स्टेशन, कलक्ट्रेट व कचहरी पहुंच जाते हैं। इस तरह यह सड़क लगातार व्यस्त बनी रहती है। इसके बावजूद पालिका प्रशासन ने स्थानीय सभासद के प्रस्ताव को दरकिनार कर आधी सड़क बनाने का टेंडर करा निर्माण भी पूरा करा दिया। ओवरब्रिज की ओर से आधी से कम लंबी सड़क का निर्माण कराया जा चुका है, जबकि अधिक लंबा हिस्सा खुदा पड़ा है।

बन चुकी सड़क का कार्य शुरू कराने से पहले जल निगम ने इस रोड पर अमृत पेयजल योजना की पाइप लाइन बिछाई है। इसलिए अब पालिका जल निगम द्वारा बाकी सड़क निर्माण कराने की बात कह रहा है, जबकि पालिका सभासद ने पूरी सड़क निर्माण का प्रस्ताव दिया था। इसी प्रस्ताव के तहत पालिका ने मनमाने ढंग से अधूरा निर्माण करा दिया है।

खुदी पड़ी सड़क पर प्रतिदिन कोई न कोई गिरकर चुटहिल होता रहता है। राहगीर तो किसी तरह बचते-बचाते निकल जाते हैं, लेकिन कुछ दोपहिया वाहन सवार लाख कोशिशों के बाद भी गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। पालिका के निर्माण विभाग के मुताबिक जल निगम के ठेकेदार को पाइप लाइन बिछाने की शर्त पर ही खुदाई की स्वीकृति दी गई थी। इसलिए बाकी बची सड़क का निर्माण भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। इस संबंध में पालिका ने जिल निगम अधिकारियों को पत्र भेज दिया है।


हरदोई मार्ग रेलवे फाटक के बीच क्षतिग्रस्त मार्ग। अमृत विचार

# ओएचई की हुई मरम्मत झाड़ियां साफ करवाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित सहजनी से गंगा रेलवे पुल के बीच ओएचई की मरम्मत के लिये बुधवार को सुबह एक घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान मरम्मत कार्य किया गया। वहीं इसी ब्लॉक अवधि में सरैयां से सहजनी के बीच झाड़ियों की साफ सफाई की गई। ब्लॉक के चलते ट्रेनों का संचालन ठप रहा।

बुधवार सुबह 10:50 बजे से 11:50 बजे के बीच सहजनी से गंगा पुल के बीच अप लाइन की ओएचई लाइन की मरम्मत का कार्य होना था। ब्लॉक अवधि के दौरान ओएचई की मरम्मत और पोल में लगे ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य किया गया। इसके साथ ही ओएचई में जमा कार्बन भी हटाया गया। वहीं इसी ब्लॉक के दौरान सरैयां क्रासिंग से सहजनी के बीच डाउन लाइन के ट्रैक के किनारे झाड़ियों की साफ सफाई की गई। जहां रेल कर्मियों ने झाड़ियों को काटने का काम किया। ब्लॉक के चलते एक घंटे तक रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक अवधि समाप्त होने के बाद संचालन शुरू हो सका।


सरैयां क्रॉसिंग के पास ओएचई ट्रांसफार्मर का होता मरम्मत कार्य।

**खेती-बाड़ी** | जिले में खरीफ अभियान 2024 के तहत फसलों की बीमा प्रक्रिया शुरू

# फसल बीमा कराकर योजना का ले सकते हैं लाभ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- गैर ऋणी कृषकों को आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण देना होगा

**अमृत विचार।** मौसम की मार जिसमें बारिश तो कभी ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान होता है। फसल बीमा कराने के बाद किसान प्राकृतिक आपदा से होने वाले आर्थिक नुकसान से बच सकेंगे। जिले में खरीफ अभियान 2024 के तहत फसलों की बीमा प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिले में खरीफ अभियान 2024 के तहत फसलों की बीमा प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो किसान फसलों का बीमा कराना चाहते हैं, उन्हें दस्तावेजों के साथ जनसेवा केंद्र संपर्क करना होगा। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा ने बताया बीमित होने वाली फसलों की सूची जारी की है। फसल बीमा कराने से किसान आपदा की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान से बच सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिलों में फसल बीमा यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से होगा। अधिसूचित फसलों का प्रीमियम दो फीसदी, औद्यानिक फसलों का पांच फीसदी है। बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। गैर ऋणी कृषकों को आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, बोई गई अधिसूचित फसलों का क्षेत्रफल, खतौनी, मोबाइल नंबर आदि के साथ जनसेवा केंद्र, संबंधित बैंक शाखा में संपर्क करें या पोर्टल पीएमएफबीवाई-जीओवी. ईएन पर बीमा कर सकते हैं। कृषि विभाग अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा ने किसानों से फसल बीमा योजना का लाभ लेने की अपील की है ताकि प्राकृतिक आपदा में बाढ़, सूखा, असफल बुआई को ग्राम पंचायत स्तर पर कवर किया जाता हैं। वहीं खड़ी फसलें, ओलावृष्टि, जलभराव, भूस्खलन बादल फटना व आकाशी बिजलीं के उत्पन्न आग के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान से बच सकें। फसल बीमा कराने में कोई अड़चन है या कोई जानकारी चाहिए तो किसान कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन (टोल फ्री) 14447 या संबंधित विकास खंड के कृषि बीज भंडार प्रभारी, कृषि रक्षा इकाई व जिला कृषि अधिकारी और बैंक से संपर्क कर सकते हैं। जिले के 16 विकास खंड में पिछले वर्ष खरीफ 2023 में 14 हजार 533 किसानों को फसल नुकसान पर 12 करोड़ 39 लाख 29 हजार 285 रुपये किसानों को हरजाना मिला।

### कौन सी फसलों का किसान करा सकते हैं बीमा

जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि किसान धान, अरहर, मूंगफली, ज्वार, मक्का, मूंग, तिल, उर्द जैसी फसलों का बीमा करा सकते हैं।

### यह हैं बागवानी फसलें

केला, मिर्च, पान की बागवानी करने वाले किसानों को भी तेज धूप के कारण नुकसान पहुंच रहा है। सूर्य की तेज तपिश के चलते समय से पहले बागवानी की फसले सूख रही हैं।

# वाहन की टक्कर युवक की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत पंचूपुरवा गांव के सामने अज्ञात ने वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के नगर के मोहल्ला टेढ़ी बाजार निवासी प्रशांत (29) पुत्र अनूप कुमार मंगलवार देर शाम बाइक से बिल्हौर मार्ग स्थित पंचूपुरवा गांव जा रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिये सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे लखनऊ रेफर किया लेकिन परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत से छोटे भाई राम जी और बहन टूटू का रो-रो कर बेहाल हो गई।

# मां पिता ही अगर घर में, भूखे हों तो...

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** हिन्दू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार देर रात साकेतपुरी नेहरू नगर में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां दूर दराज से आये कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों पर कविता के माध्यम से प्रकाश डाला।

कवि सम्मेलन के दौरान कवि अनूप एकलव्य ने कहा कि भूलना भी मत वीरों कि शहादत भूल जायेंगे, एक दिन ऐसे ही मंजर तुम्हारे घर भी आयेंगे। चनरेज अंबुज ने कहा कि ये नज़रें नज़र से चुपाचुप कराती, मुहब्बत किसी से अदावत किसी से। दीप चंद्र गुप्ता ने कविता के माध्यम से कहा कि मां पिता ही अगर, घर में, भूखे हों तो। तेरे पकवान खाने का, क्या फायदा, हो फटी एक चादर, अगर उनकी जो, तेरे मखमल में सोने का, क्या फायदा। कुलदीप सिंह नबाव सत्य पथ अविराम होना चाहिए था। त्याग भी निष्काम होना चाहिए था। चाहते लक्ष्मण के जैसा भाई हो तो। आपको भी राम होना चाहिए था। कवि रवि शर्मा ने कहा जिन्दगी का फलसफा यही है दोस्त, जिंदादिली से आज को जी लीजिए। चुपके से आ जाता कोई, आधी रात जगता कोई। सपनों में मेरे मुस्का कर, मेरी नीद चुराता कोई महेन्द्र मधुकर ने कहा कि पिय अंक में अंकुर फुटि रहे जस चदनी फुटि रही कान से कविता सुनाई। वहीं जय हिंद सिंह, अभिषेक अस्थाना, अजय मदहोश आदि कवियों ने कविता पाठ किया। इस मौके पर आयोजक कवि महेन्द्र मधुकर, अंजनी अग्निहोत्री, रामजी गुप्ता, राजेश बाजपेई, एन वी सिंह, सभाजीत विश्वकर्मा के अलावा शिल्पी राकेश दीक्षित, श्याम सुंदर पांडे, मान सिंह, गजेन्द्र मिश्रा, अजय बाजपेई आदि ने कविता पेश की।


कवि सम्मेलन के दौरान कवियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

# 28 से गुलजार होंगे परिषदीय विद्यालय एक से शुरू होगा स्कूल चलो अभियान

## डीजी स्कूल शिक्षा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



**अमृत विचार।** डीजी स्कूल शिक्षा के निर्देश पर 28 जुलाई से शिक्षण कार्य शुरू होने के साथ ही परिषदीय विद्यालय गुलजार हो जाएंगे। वहीं एक जुलाई से दूसरे चरण का स्कूल चलो अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा एसएमसी (विद्यालय प्रबंध समिति) पदाधिकारी, प्रतिष्ठित निवासी व स्वैच्छिक संगठनों के लोगों का सहयोग लिया जाएगा।

डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा द्वारा जारी पत्र में शिक्षक-शिक्षकाओं को 25 जून से विद्यालयों में उपस्थिति दर्ज कराने को कहा गया है। वहीं छात्र-छात्राएं 28 जून से पठन-पाठन करने विद्यालय पहुंचेगे। विभागीय अधिकारी ने पहले दिन विद्यालयों में बच्चों का तिलक करते हुए स्वागत कराए जाने का निर्देश भी जारी किया है। ग्रीष्मावकाश समाप्त होने पर एक बार फिर परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाएगी। साथ ही सुबह प्रार्थना के स्वर भी विद्यालयों के आसपास वातावरण में गूंजना शुरू हो जाएंगे। बच्चों को भी बेसब्री से विद्यालयों का संचालन शुरू होने का इंतजार है, जिससे वह प्राप्त हो चुकी नई पाठ्य पुस्तकों वाले बैग सहित विद्यालय पहुंचकर अध्ययन शुरू कर सकें। इसी तरह एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। डीजी ने ग्रीष्मावकाश समाप्त होते ही एसएमसी पदाधिकारियों के मौजूदगी में पीटीएम (शिक्षक अभिभावक मीटिंग) कराने के निर्देश भी दिए हैं। स्कूल चलो अभियान में न सिर्फ शिक्षक-शिक्षिकाएं घर-घर जाकर छह से 14 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को जागरूक बनाएंगे, बल्कि एसएमसी पदाधिकारी, ग्राम पंचायत के प्रतिष्ठित लोग और स्वैच्छिक संगठनों से भी स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए सहयोग लिया जाएगा। अभियान के अंतर्गत कक्षा एक के अलावा किन्हीं कारणों से विद्यालय जाना बंद कर चुके बच्चों को फिर से विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा, जिससे परिषदीय विद्यालयों के ड्राप आउट को समाप्त किया जा सके।

### विद्यालयों में 25 से शुरू होगा सफाई अभियान

- शिक्षण शुरू कराने से पहले शिक्षक-शिक्षिकाओं को अभियान के तहत विद्यालयों की साफ-सफाई करानी होगी। कक्षा कक्ष के अलावा एमडीएम रसोई की सफाई कराने पर अधिक जोर दिया जाएगा। साथ ही विद्यालय परिसर में ग्रीष्मावकाश के दौरान जम आई जंगली झाड़ियों आदि को समाप्त कराना होगा। साथ ही विद्यालयों में लगे वृक्षों की बेतरतीब डालों की झंटाई भी कराई जाएगी, जिससे बारिश शुरू होने पर जीव-जंतु बच्चों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचा सकें।

# चोरी के साढ़े तीन क्विंटल गेहूं के साथ चार गिरफ्तार

**फतेहपुर।** चोरी के मामले में फरार चल रहे चार चोरों को मलवां पुलिस ने बुधवार को चोरी के भारी मात्रा में गेहूं व नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है।

मलवां पुलिस ने थाना क्षेत्र के सहिली गांव निवासी प्रेम पुत्र राजेन्द्र गौतम उर्फ दउवा, फूलचन्द पुत्र सुदर्शन, शेरखान पुत्र खलील और अनूप पुत्र शिवकरन के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद आरोपी फरार चल रहे थे।

बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरसवां मोड़ के पास से चारों आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के दस बोरी में कुल 353.8 किलो गेंहू व तलाशी दौरान 440 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया है।

# रोडवेज बसों के शीशे खराब होने से भीषण गर्मी में यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बस स्टैंड में खड़ीं रोडवेज बसें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर स्थित बस स्टैंड पर अवस्थाओं की भरमार होने के साथ ही बसों में भी कई प्रकार की समस्याएं हैं। अधिकांश बसों में खिड़कियों के शीशे खराब और टूटे होने के कारण भीषण गर्मी में यात्रियों को धूप और लू का सामना करना पड़ रहा है।

रोडवेज बसों के किराए में वृद्धि होने के बाद भी लोग सबसे ज्यादा इन्हीं बसों में यात्रा करते हैं। यात्रियों को इनके चालक-परिचालक के साथ ही व्यवस्थाओं पर भी विश्वास है। इसके बाद भी स्थानीय स्तर पर बसों के रखरखाव पर कम ध्यान दिया जा रहा है। जिसकी वजह से बसों के अंदर नहीं होती सफाई दिनभर पड़ी रहती है, गंदगी सवारियों को यात्रा के दौरान कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समय जिले में गर्मी चरम पर है, दिनभर लू चलती है। लोग घरों व कार्यालयों में बेहाल हो जाते हैं। वहीं जो लोग बाहर जाने के लिए डिपो की बस में सफर करते हैं, बुरी तरह परेशान हो जाते हैं।

नई बसों में तो किसी प्रकार की समस्या नहीं होती, लेकिन कुछ पुरानी बसों में खिड़की पर लगे हुए शीशे खराब हो गए हैं। इस कारण तपती दोपहरी में यात्रा के दौरान गर्म हवा यात्रियों को तपन महसूस कराती हैं। तमाम यात्रियों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एआरम गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया डिपो में अधिकांश बसे नई आ चुकी हैं और पुरानी बसों को भी सही कराया गया है। अगर किसी बस के शीशे को लेकर कोई दिक्कत है तो सही कराए जाएंगे।

# एबीसी केबल डालने को लेकर सैकड़ों घरों की बिजली रही गुल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार को नगर के ब्रम्ह नगर मोहल्ले में कार्यदायी संस्था की ओर से नई एबीसी केबिल डालने का काम किया गया। जिस कारण सैकड़ों घरों की बिजली सुबह से शाम तक गुल रही। बिजली न आने पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। नगर में जर्जर तारों को बदलने का कार्य इन दिनों कार्यदायी संस्था करा रही है। उसी को लेकर बुधवार सुबह 10 बजे बिजली कर्मी ब्रम्ह नगर मोहल्ले में पहुंचे। जहां कर्मियों ने शट डाउन लिया। जिसके बाद पोल से पुराने तार हटाने का काम किया। जिसके बाद नई एबीसी केबिल डाली। कार्य के चलते शाम छह बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। कार्य समाप्त होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी।

### ब्रेक डाउन होने से घंटों गुल रही बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। बुधवार सुबह विद्युत आपूर्ति चालू होने के कारण लाइन ब्रेक होने से शक्तिनगर फीडर की सप्लाई कई घंटा बंद रही। जिस कारण शक्तिनगर से लेकर मिश्रा कालोनी व सरैयां गांव तक घंटों बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली न आने पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बुधवार सुबह लगभग सवा 7 बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान शक्ति नगर फीडर को जाने वाली एचटी लाइन ब्रेक हो गई। जिसस कारण शक्तिनगर, मनोहर नगर, सीताराम कालोनी, मिश्रा कालोनी, चंपा पुरवा, गोताखोर, राजीव नगर खंती, गगनीखेड़ा, सरैयां समेत कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने की जानकारी विभाग को दी गई। जिस पर कर्मचारियों ने फाल्ट ढूंढने के लिये पेट्रोलिंग की। इस दौरान हजारों घरों की बिजली गुल रही। सुबह करीब दस बजे फाल्ट मिलने के बाद उसकी मरम्मत की गई।

# ज्योतिर्लिंग मंदिर में हुआ सामूहिक जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



शंकर के द्वादश स्वरूपों का श्रृंगार करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के कल्याणी माता मंदिर परिसर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदसी पर आचार्य जुगल किशोर तिवारी के आचार्यत्व में भोलेनाथ का सामूहिक जलाभिषेक कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर के विविध स्वरूपों को श्रृंगार भी किया।

आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए मौजूद शिव भक्तों से पूजन-अर्चन शुरू कराया। साथ ही यजमानों में शामिल मनीषा सिंह, रिया, निधि, सिद्धान्त, समृद्धि अवस्थी, अनामिका मिश्रा, मनीषा, आयुषी वाजपेयी, काजोल, कोमल वर्मा, आर्यन मिश्रा, अंकित मिश्रा, मनीषा श्रीवास्तव, ऊषा त्रिवेदी, नीलम व नमन पाण्डेय आदि ने भक्ति भाव से जलाभिषेक किया। इसके बाद भक्तगणों ने विश्वनाथ, सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, केदारनाथ व घृष्णेश्वर स्वरूपों का श्रृंगार किया। मंदिर समिति की ओर से सर्वेंद्र सिंह चौहान व गोपाल तिवारी ने भक्तों को पूजन सामग्री उपलब्ध कराई। मंदिर सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा के मुताबिक अगला जलाभिषेक व श्रृंगार तीन जुलाई को दोपहर 12 बजे शुरू होगा।

# महमदपुर में आग से जल कर राख हो गए 6 छप्पर

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- लेखपाल ने गांव में पहुंचकर किया क्षति का आकलन

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के महमदपुर में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से करीब एक पक्का मकान सहित छह छप्पर राख हो गए। पुलिस की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। बुधवार सुबह लेखपाल ने गांव पहुंच कर क्षति का आकलन किया।

महमदपुर गांव में मंगलवार की देर रात करीब एक बजे अचानक लगी आग से की चपेट में आकर एक पक्का घर और करीब आधा दर्जन छप्पर जलकर राख हो गए। आग से ग्रामीणों में सुरेश,विमलेश उर्फ बबन,नोखेलाल,सुरेश,राकेश,गुड्डू,संदीप का कीमती सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ।सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने आग से हुए नुकसान का आंकलन किया और रिपोर्ट अफसरों देने की बात कही।

### धू-धू कर जली कार

**उन्नाव।** लखनऊ - कानपुर हाईवे स्थित मंडी परिषद परिसर में खड़ी एक कार में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने पहले मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। इसपर दमकल और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव ने बताया कि अभी तक की जांच में गाड़ी पुरवा निवासी संतोष कुमार के होने का पता चला है। लेकिन वह आरसी नहीं दिखा पाए हैं। उनसे जब गाड़ी का नंबर पूछा गया तो वह भी सही नहीं बता पाए। आग लगने से गाड़ी का नंबर भी उसी में जला गया। फिलहाल कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है।

# 39 शिक्षक अंतर्जिला स्थानांतरित जिले में नहीं की जाएगी काउंसलिंग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- पसंदीदा विद्यालय का चयन करने की जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परस्परिक अंतर्जिला स्थानांतरण सूची जारी कर दी। जिले के 39 शिक्षक-शिक्षिकाएं अंतर्जनपदीय स्थानांतरण सुविधा का लाभ प्राप्त करने में कामयाब हुए हैं। इस बार विभाग ने स्कूल से स्कूल तबादला किया है, जिससे लाभांवित शिक्षकों को नए जिले में पसंदीदा विद्यालय चयन करने की जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी। हालांकि नए जिले में दूरस्थ ब्लाक में तैनाती मिलने पर शिक्षकों को मायूस होना पड़ सकता है।

परिषदीय शिक्षक बीते काफी समय से पसंद के जिले में स्थानांतरण कराने की कवायद में जुटे थे। बुधवार को शिक्षकों का इंतजार समाप्त करते हुए उच्चाधिकारियों ने तबादला सूची जारी कर दी। इसी के साथ स्थानांतरित शिक्षकों की सूची परिषदीय अध्यापकों के बीच वायरल होने लगी।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक इस बार स्कूल से स्कूल तबादला किया गया है। यानी यहां स्थानांतरण पर आने वाले शिक्षकों को काउंसलिंग में शामिल होकर स्कूल चयनित करने का अवसर नहीं मिलेगा। इसके बजाए स्थानांतरण से रिक्त हुए विद्यालय में ही उन्हें तैनाती दी जाएगी। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) के प्रांतीय उपाध्यक्ष ने इसे शिक्षकों के लिए हितकर बताया। वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता मदन पांडेय ने बताया कि दूरस्थ ब्लाकों में तैनात किए जाने वाले शिक्षकों को मायूशी होगी।

स्थानांतरित शिक्षक अब अगले कार्य दिवस से रिलीविंग आदेश प्राप्त करने की जद्दोजहद में जुटेंगे। उन्हें विद्यालय के साथ बीईओ कार्यालय से नो ड्यूज के साथ रिलीविंग आदेश तैयार कराना होगा। बीएसए संगीता सिंह ने बताया शासन के निर्देशों के तहत 22 जून को रिलीविंग आदेश जारी किए जाएंगे।

# फर्जी तरीके से किसान से कराया जमीन का बैनामा

संवाददाता हसनगंज,उन्नाव

- मुख्यमंत्री पोर्टल पर पीड़ित ने की शिकायत

**अमृत विचार।** हसनगंज तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय में 11 बिसुवा जमीन की बेचने आए करने आए किसान से जलसाजों ने आगरा एक्सप्रेसवे किनारे उसकी करोड़ों रुपए कीमत की एक बीघे दो बिसुवा जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। प किसान को इसकी जानकारी हुई तो उसने सीएम को शिकायती पत्र देकर कर्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र पिलखना रसीदपुर गांव निवासी किसान छेदीलाल पुत्र भल्लर ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर बताया कि 21 मई को उसने 11 बिसवा जमीन को 14 लाख रुपए में गांव के ही छोटेलाल पुत्र शिवराज के हाथों बेची थी। किसान का आरोप है कि आठ दिन बाद 29 मई को आगरा एक्सप्रेसवे के किनारे अलीयारपुर गांव के पास स उसकी करोड़ों रुपए कीमत की एक बीघा दो बिसुवा जमीन को जलसाजो ने फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने रजिस्ट्री कार्यालय में जांच कराई जहां पर उसकी कोई भी सीसीटीवी फुटेज नहीं मिली।पीड़ित ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। वही रजिस्ट्री कार्यालय के कर्मचारियों पर भी सांठ गांठ का आरोप लगाया है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि पुलिस को किसान ने किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की है।

# अश्लील हरकतों का विरोध करने पर पति-पत्नी को पीटा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के एक मोहल्ले में रहने वाले पति पत्नी बाजार जा रहे थे, तभी तीन युवकों ने रोक लिया और अश्लील हरकतें करने के साथ ही मारपीट की। महिला ने कार्यवाही को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।

मोहल्ले में रहने वाले महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि बुधवार शाम वह पति के साथ घर का सामान लेने के लिये बाजार जा रही थी, तभी मोहल्ले के रहने वाले तीन युवकों ने रोक लिया और अश्लीलता करने लगे। जिसका पति ने विरोध किया। विरोध करने पर पति को मारा पीटा। बीच बचाव करने पहुंची तो उसे भी पीट दिया। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### मजिस्ट्रेट लिखी गाड़ी से उतरवाई लाल बत्ती और हूटर

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ पुलिस ने बुधवार को नगर के लखनऊ मार्ग चौराहे से वाहन चेकिंग का अभियान चलाया। इस दौरान एक मजिस्ट्रेट लिखी लग्जरी कार की लालबत्ती और हूटर उतरवा कर उसका चालान किया गया। एसएचओ राजकुमार ने बताया करीब एक दर्जन छोटे-बड़े भार वाहनों को रोका गया और उनमें लगा प्रेशर हॉर्न उतरवा कर वाहन चालकों चेतावनी दी गई। वैध कागजों में बिना दौड़ रहें कई वाहनों का चालान किया गया। जांच के दौरान रोकी गई एक एक लग्जरी कार पर मजिस्ट्रेट लिखा मिला और उसमें लालबत्ती और हूटर भी लगा था। इस पर उसका चालान काटने के साथ ही कार से लालबत्ती और हूटर भी उतरवा दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक हुआ घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के रानीपुर ग्रंट गांव निवासी कन्हैया (25) पुत्र टीकाराम घरों में रंग रोगन का काम करता है। बुधवार को काम पर जा रहा था।तभी पुरई खेडा गांव के पास मोड़ पर सामने से आए ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे सरकारी अस्पताल लाए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### रूरल बैकयार्ड योजना का लक्ष्य तय

**फतेहपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवल किशोर ने बताया कि जनपद में रूरल बैकयार्ड बकरी योजना के तहत 12 इकाइयों का लक्ष्य निधारित किया गया है। चयन प्रक्रिया निर्धारित गाइडलाइन्स के अनुसार किया जाना है। बताया कि पत्र के साथ निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार भुमिहीन महिला, पुरुष विधवा निराश्रित महिला एवं कोविड प्रभावित परिवार एवं अनुसूचित जाति, जनजाति, दिव्यांग जन के लिए आवंटित आरक्षण आदि को सम्मिलित करते नवीन चयन की सूची, विवरण शीघ्र-अतिशीघ्र निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराएं। जिससे कि लाभार्थियों की सूची निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग लखनऊ को प्रेषित करते हुये अग्रिम कार्यवाही की जा सके। जनपद में भेड़ पालन योजना के तहत पांच इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया है। चयन की सूची, विवरण निदेशक पशुपालन विभाग को भेजी जाएगी।

### आंधी व बारिश में ढहा पोल्ट्री फार्म, चूजे मरे

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के गहरूखेड़ा गांव निवासी बिपिन पटेल लगभग पांच वर्षो से गांव के दक्षिण दिशा में मुर्गी फार्म खोलकर जीविका चलाते हैं। बुधवार को तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। तेज आंधी के चलते अचानक पोल्ट्री फार्म भरभरा कर गिर गया। जिसमे लगभग डेढ़ हजार चूजों की दबकर मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर चूजों को बाहर निकाला गया। लेकिन अधिकांस चूजों की मौत हो चुकी थी। आंधी की तीव्रता इतनी तेज थी कि लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आसपास के पेड़ भी धराशायी हो गए। पोल्ट्री फार्म संचालक बिपिन पटेल ने बताया कि करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**बांगरमऊ, उन्नाव।** हरदोई जिला के कछौना थानांतर्गत कस्बा गौसगंज निवासी भैयालाल( 50) पुत्र गयारी कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में अपने भाई की ससुराल में अलग रहता था। बुधवार को दोपहर उसका शव गांव के बाहर एक पेड़ में रस्सी के के फंदे से लटका मिला ग्रामीणों में चर्चा रही कि अधेड़ अविवाहित था। वह काफी समय से मुस्तफाबाद गांव में रहता था। था। दो दिन पूर्व उसका गांव के कुछ लोगों से विवाद भी हुआ था। चर्चा यह भी है कि गांव निवासी एक महिला से उसकी नजदीकी थी। इसी चक्कर में वह यहां रह रहा था। परिजनों ने अभी कोई आरोप नही लगाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर पर कर्रवाई की बात कही है।

### कार और बाइक में टक्कर के बाद दो पक्ष भिड़े

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सबसे व्यस्त सड़क पत्थर कटा चौराहा के बीच बाइक सवार और कार में मामूली टक्कर लगने के बाद कार सवार और बाइक चालक में विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष में मारपीट शुरू हो गई। बीच सड़क शुरू हुई मारपीट को रोकने एक पक्ष की महिला पहुंची तो उसको भी पीट दिया गया। बीच सड़क हो रही मारपीट का किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची जब तक पुलिस पहुंची दोनों पक्ष भाग गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि आये दिन इस चौराहा पर मारपीट की घटना होती है। उसके बाद भी यहां पर पुलिस बल तैनात नहीं किया जाता है।

**सख्ती** लेट लतीफी की सूचना पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसीएमओ

# गैरहाजिर मिले डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव



निरीक्षण करते एसीएमओ डा.हरिनंदन प्रसाद। अमृत विचार

- एक दिन का काटा गया वेतन वार्ड में जाकर एसीएमओ ने लिया मरीजों का हाल

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य कर्मियों के देर से आने की शिकायतों की हकीकत परखने एसीएमओ सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्हे ओपीडी में एक डाक्टर और एक स्वास्थ्य कर्मी बिना सूचना के नदारद मिले। जिस पर उन्होंने दोनों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने हाजिरी रजिस्टर इमरजेंसी वार्ड का भी निरीक्षण किया और मरीजों से उनका हाल जाना।

नवाबगंज सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मियों के देर से आने का खमियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। इसकी शिकायत सीएमओ तक पहुंची तो उन्होंने बुधवार को एसीएमओ डा.हरिनंदन प्रसाद को इसकी जांच के लिए सीएचसी भेजा। बुधवार को औचक निरीक्षण करते हुए एसीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों का उपस्थित रजिस्टर, ओपीडी वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, क्षय रोग विभाग की जांच की। ओपीडी में उन्हें दन्त चिकित्सक डा.गरिमा तिवारी व डेंटल हाइजीनिस्ट स्वयंबर सिंह बिना नदारद मिले। जानकारी पर सीएचसी अधीक्षक डा.राजेश कुमार ने बताया कि दोनों ने उन्हे इसकी कोई सूचना नहीं दी। इस पर दोनों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। ओपीडी व इमरजेंसी वार्ड में जाकर मरीजों से उनका हाल लिया।क्षय रोग विभाग में मरीजो की जानकारी करने पर बताया गया कि केंद्र पर 140 रोगी पंजीकृत हैं। जिन्हें दवा समेत अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रहीं है।

एसीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों के देर से आने की जानकारी पर निरीक्षण किया गया। जहां एक महिला चिकित्सक व एक स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले। जिनका एक दिन का वेतन रोकने के आदेश दिया गया है। बताया कि चिकित्सकों को बाहर की दवायें न लिखने की हिदायत देने के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

# अनुपस्थित अभियंताओं से स्पष्टीकरण तलब किया

संवाददाता, फतेहपुर

- फसल बीमा का भुगतान न होने की शिकायत

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम व तृतीय एवं सहायक अभियन्ता-विद्युत भंडार गृह के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डीएम के समक्ष कृषकों के द्वारा सामूहिक रूप से फसल बीमा का प्रीमियम बैंकों द्वारा बिना कृषक स्वीकृति के काटे जाने की शिकायत की गयी। फसल बीमा कंपनी के द्वारा समय पर बीमा क्षतिपूर्ति का भुगतान न करने एवं उनके दावों को अकारण निरस्त किये जाने की शिकायत की गयी।

जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबन्धक को कृषक एवं बैकर्स के साथ एक आवश्यक बैठक समय निर्धारित कर यथाशीघ्र आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये एवं प्रकरण के निदान के लिए उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए। कहा कि उनके स्तर से पत्र तैयार कर शासन को पत्र प्रेषित किया जाये जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही फसल बीमा प्रतिनिधियों को बीमित कृषकों की सूची को उपलब्ध कराये जाने के साथ समस्त बीमित कृषकों से बोयी गयी फसल की जानकारी कर उनकी बीमा प्रीमियम कटौती की सहमति की सूचना एक सप्ताह के अन्दर अग्रणी जिला प्रबन्धक के माध्यम से बैंकों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं जिला उद्यान अधिकारी द्वारा केला एवं प्याज की खेती करने एवं लाभार्थी परख योजनाओं के अनुदान की विस्तृत जानकारी दी गई।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# ऊर्जा बदलाव की प्रगति

भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। हालांकि इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है। सूचकांक में भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश पिछले साल की तुलना में कम से कम तीन ऊर्जा प्रणाली प्रदर्शन आयामों - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में पिछड़ गए हैं। ऊर्जा संक्रमण को समझने के लिए समग्र सूचकांक एक उपयोगी उपकरण है। सूचकांक में भारत को प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में दर्शाया गया है। गौरतलब है कि डब्ल्यूईएफ वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग जगत की परियोजनाओं को आकार देने के लिए व्यापारिक, राजनीतिक, शिक्षा क्षेत्र और समाज के अन्य प्रतिनिधियों को शामिल करके विश्व की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। डब्ल्यूईएफ ने पिछले वर्ष अपने सूचकांक में भारत को विश्व स्तर पर 67 वें स्थान पर रखा था। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, अधिक न्यायसंगत, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली में ऊर्जा संक्रमण अभी भी प्रगति पर है, लेकिन दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता के कारण इसकी गति कम हो गई है। जबकि रिपोर्ट में शामिल किए गए 120 देशों में से 107 ने पिछले दशक में अपनी ऊर्जा संक्रमण यात्रा पर प्रगति का प्रदर्शन किया, संक्रमण की समग्र गति धीमी हो गई है और इसके विभिन्न पहलुओं को संतुलित करना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है।

वैश्विक ऊर्जा प्रणाली वर्तमान में एक मौलिक परिवर्तन से गुजर रही है, जो तकनीकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन शमन नीतियों और भू-राजनीतिक विकास जैसे कारकों से प्रेरित है। ऊर्जा बदलाव का क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को हमेशा के लिए मौलिक रूप से बदल देगा। 2023 में वैश्विक ऊर्जा बदलाव बाजार का मूल्य लगभग 3,000 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2030 तक 6,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। उसके बाद 2050 तक यह हर 10 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत के सफल ऊर्जा संक्रमण के लिए एक कुशल कार्यबल का निर्माण, सार्वजनिक-निजी सहयोग को बढ़ावा देने के साथ कार्बन न्यून प्रौद्योगिकी अनुसंधान तथा विकास में निवेश करना आवश्यक है। अडाणी समूह ने अगले दशक में ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है। समूह अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेगा। ऊर्जा संक्रमण एक महत्वपूर्ण नीतिगत चुनौती और व्यावसायिक जोखिम के रूप में उभरा है और ऊर्जा संक्रमण की प्रगति पर पारदर्शिता और तथ्य-आधारित समझ बढ़ाने की आवश्यकता है।

# दलहन उत्पादन में भी क्रांति की आवश्यकता



डॉ. अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी,वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत,जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है,वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हरित क्रांति ने जहां एक ओर भारत को गेहूं धान सदृश खाद्य पदार्थों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर खाद्य संकट से उबारने का काम किया, वहीं दूसरी ओर इसने एक महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ दलहन की उपेक्षा कर इसमें देश को बहुत पीछे कर दिया। वस्तुतः हरित क्रांति के संकर बीजों, रासायनिक खाद, कीटनाशक जहर व खरपतवार नाशी संसाधनों ने स्वावलंबी घर की खेती को न सिर्फ बिगाड़ दिया,बल्कि इससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य भी बिगड़ा। आम भारतीयों की थाली से दाल दूर होती चली गई।

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी,वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत,जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है,वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। चावल और गेहूं जैसे सामान्य अनाज की तुलना में दालों में प्रति ग्राम औसतन दो से तीन गुना प्रोटीन होता है। इसके अतिरिक्त दालों की खेती फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन) के जरिए जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायता देती है तथा लचीली और पारिस्थितिक रूप से संतुलित कृषि इकोसिस्टम को बढ़ावा देती है। आज भारत विश्व में भले ही दालों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया हो, फिर भी सबसे बड़ा उपभोक्ता और आयातक भी बना हुआ है। यह वैश्विक उत्पादन का 25 प्रतिशत,वैश्विक खपत का 27 प्रतिशत तथा वैश्विक आयात का 14 प्रतिशत हिस्सा धारण करता है। वर्तमान में फिर से दलहन उत्पादक क्षेत्रों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन में इसका योगदान लगभग 7-10 प्रतिशत है।

हरित क्रांति के दौर में दाल के क्षेत्र में गहन शोध,अनुसंधान की कमी के कारण उत्पादकता में वृद्धि नहीं हो पाई। वर्ष 1951 में कुल दालों की उपज 441 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी,जो करीब 70 वर्षों बाद 757 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पहुंच पाई है। 1951 से 2008 तक दालों के उत्पादन में केवल 45 प्रतिशत तक ही वृद्धि हुई,जबकि दूसरी ओर गेहूं का उत्पादन 320 प्रतिशत और

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं।

चावल का उत्पादन 230 प्रतिशत बढ़ा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 1951 में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दालों की उपलब्धता 60.7 ग्राम थी, जो 2020 में घटकर सिर्फ 47.9 ग्राम रह गई है। राष्ट्रीय कृषि आयोग ने संतुलित आहार में रोजाना 70 ग्राम दाल प्रति व्यक्ति उपलब्ध होने की सिफारिश की थी,लेकिन वर्तमान में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दालों की उपलब्धता महज 55 ग्राम है।

वर्ष 1947 में भारत में दलहन का क्षेत्र गेहूं से भी अधिक हुआ करता था। वर्ष 1972-73 तक गेहूं का क्षेत्रफल लगभग दुगुना हो गया,जबकि दलहन फसलों के क्षेत्रफल में मामूली सी वृद्धि हुई। साठ के दशक से वर्ष 2015-16 तक दलहन फसलों का क्षेत्रफल लगभग स्थिर रहा। वर्ष 1959-60 में भारत में 24.83 मिलियन हेक्टेयर में दलहन फसलों की खेती होती थी। वर्ष 2015-16 में भी इसका एरिया सिर्फ 24.91 मिलियन हेक्टेयर तक ही सीमित रहा। एक ओर दलहन फसलों की खेती नहीं बढ़ी तो दूसरी तरफ हमारे वैज्ञानिक अधिक उत्पादन देने वाली किस्में बनाने में असफल रहे। इससे दालों की मांग और आपूर्ति में काफी अंतर आ गया।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार धान की खेती वाले इलाके 34 प्रतिशत और अरहर की खेती वाले इलाके 65 प्रतिशत कम हो गए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 1951 में दालों की उपलब्धता प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 22.1 किलोग्राम की उपलब्धता थी,जो वर्ष 2021 में घटकर 16.4 किलोग्राम रह गई। वर्ष 1990 में गंगा के मैदानी भागों के किसानों ने दलहन के बजाए दूसरी फसलों का रुख किया था। उत्तर भारत के प्रमुख दाल उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब के किसानों ने पानी और सिंचाई की बेहतर व्यवस्था होते ही दूसरी फसलों का उत्पादन शुरू कर दिया जिसके चलते दालों की खेती मध्य और दक्षिण भारत की ओर शिफ्ट कर गई।

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं। पानी की अत्यल्पता के बावजूद जिन क्षेत्रों में नहरों से पानी की व्यवस्था हो जा रही है,गेंहू और धान उपजाने में लग गए हैं। महाराष्ट्र जैसे दाल उत्पादक राज्य में अब रबी और खरीफ के सीजन के बीच के समय में उगाई जाने वाली मूंग और उड़द की जगह सोयाबीन ने ले ली है। खरीफ मौसम के प्रारंभ में ही देश के कई हिस्सों में बाढ़-सुखा एवं असामान्य वर्षा ने पहले ही दाल की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाता है।

देश को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत अधिक उपज देने वाली किस्मों के बीज उत्पादन और वितरण,उन्नत कृषि मशीनरी और संसाधन,कुशल जलप्रयोग उपकरण,पौधों के संरक्षण उपाय,भूमि में पोषक तत्व प्रबंधन तथा मृदा सुधारक उपाय,प्रसंस्करण और कटाई के बाद के उपकरण,फसल प्रणाली आधारित प्रशिक्षण इत्यादि के माध्यम से किसानों को शिक्षित प्रशिक्षित कर रही है। किसानों को मुफ्त में बीज मिनीकिट के रूप में दालों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान से दालों पर अधिक खोज को बढ़ावा देने और पूरे भारत में दाल उत्पादन के लिए विशिष्ट कृषि-जलवायु क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली है। दालों के लिए 150 बीज केंद्रों की स्थापना की गई।

वर्ष 2014 से 2023 की अवधि के दौरान देश भर में व्यावसायिक खेती के लिए दालों की प्रभावशाली 343 उच्च उपज वाली किस्मों और संकर/हाइब्रिड को आधिकारिक मान्यता दी गई है। अपने अथक प्रयासों के चलते भारत पिछले एक दशक में दालों के उत्पादन को बढ़ाने में सफल रहा है। इसके पीछे बेहतर तकनीक और उत्पादन प्रणाली तथा दालों के उत्पादन को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों के कारण संभव हुआ है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्धशुष्क उष्ण कटिबंधों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान के बीच साझेदारी से अरहर और चना की उच्च उपज वाली फसलों को विकसित करने में मदद मिली है। दक्षिण भारत और मध्य भारत ने दलहन का क्षेत्रफल बढ़ाकर चने के उत्पादन की दुनिया को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले पांच वर्षों में कुल दालों के उत्पादन में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में दालों के प्रमुख उत्पादक छह राज्य हैं जिनमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों की दालों के कुल उत्पादन में 80 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। दालों में चना की लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के बाद सबसे ज्यादा हिस्सेदारी खरीफ में अरहर और उड़द की है। मूंग और मसूर की उपज देश में बेहद कम है। हालांकि दालें खरीफ और रबी दोनों सीजन में उगाई जाती हैं, दालों के कुल उत्पादन में रबी सीजन में उत्पादित दालों का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार अधिक क्षेत्रफल के कारण भारत वर्ष 2023-24 फसल वर्ष में मसूर का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा। निश्चित रूप से भारत को दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित क्रांति, पीली क्रांति, श्वेत क्रांति सदृश एक क्रांति की आवश्यकता है, जो न केवल जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संरक्षण के साथ साथ देश के आर्थिक संसाधनों के पर बोझ भी कम करें।

## प्रसंगवश

# आखिर खुशी है क्या

बहुत अजीब शै है ये इंसान भी। सारा जीवन मृग मरीचिका में फंसे प्यासे मृग के समान ही काट देता है। इस इंसान रूपी मृग की प्यास पानी नहीं, बल्कि खुशी है। सारा जीवन इसी खुशी की तलाश में भटकता रहता है। मैं जब छोटा बच्चा था तो अपने से बड़ों को तैयार होकर स्कूल जाते देखता था तो जिद करता था उनके साथ स्कूल जाने की। सोचता था वहां बहुत मजा आएगा।

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है,लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है।

शुरू-शुरू में मजा आया भी,लेकिन फिर स्कूल एक कैदखाना लगने लगा और घर आजादी। सोचा हाईस्कूल में मजा आएगा जहां अनुशासन इतना कठोर नहीं होगा,लेकिन वहां की बोझिल पढ़ाई और डबल बोझिल पढ़ाई के तरीके से दुखी हो गया। अब लगने लगा कि असली मजा तो कॉलेज में है। न किताबों का भारी बोझ,न स्कूल ड्रेस पहनने की झिकझिक और क्लास बंक करने की भी आजादी। कहां इस हाईस्कूल में फंसा हुआ हूं? एक बड़े बच्चे को भी थोड़ी ज्यादा आजादी तो मिलनी ही चाहिए। आखिर आजादी भी मिल गई। क्लास को बंक करने की सुविधा भी और ड्रेस का झमेला भी अब नहीं रहा। शुरू-शुरू में तो बहुत मजा मिला अपनी इस नई-नई आजादी का, लेकिन फिर लगा कि यहां तो किसी को फिक्र ही नहीं। पढ़े-पढ़े, नहीं पढ़े नहीं पढ़े। प्रोफेसर को इससे कोई मतलब ही नहीं। उसका काम क्लास में आना, पढ़ाना और चले जाना।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मुझे फिर स्कूल याद आने लगा। लगा कि एक वो जगह थी कि नहीं पढ़ने पर या होम वर्क नहीं करने पर सजा दी जाती थी। कभी-कभी मुर्गा भी बना दिया जाता था। मास्टर जी को अपने नहीं पढ़ने वाले मुर्गों से भी लगाव होता था। अपने इन मुर्गों का भविष्य संवारने को मास्टर साहब अपनी जिम्मेवारी समझते थे। इसलिए कभी-कभी जिम्मेवारी ज्यादा महसूस होने पर मुर्गों की छड़ी से बकायदा पूजा भी होती थी। मास्टर साहब की यही छड़ी कई मुर्गों को आदमी बना देती थी।

अब कॉलेज में वो छड़ी और मुर्गा बहुत याद आने लगा,लेकिन पीछे लौटना तो संभव नही था। इसलिए आगे देखने पर लगा कि पढ़ाई वढ़ाई से बढ़िया एक अदद सी नौकरी हो। असली मजा तो नौकरी वाले का ही है। महीने की ठीक पहली तारीख को जेब गर्म। न मांगने की शर्मिंदगी और न ही घर वालों को खर्चे का हिसाब देने की झिकझिक। रुपयों की गर्मी से रुआब अपनी जगह। असली राजा तो नौकरी वाला ही है। बाकी तो सब चाकर ही हैं तो चाकर बनना किसे पसंद होता। इसलिए सारा जोर नौकरी के लिए लगा दिया। बैंकिंग, रेलवे, एलआईसी। अब पढ़ाई का एक ही मकसद था,नौकरी कर राजा बन जाना। आखिर ऊपर वाले ने राजा भी बना दिया,लेकिन फिर समझ में आया कि यहां तो मुझसे भी ऊपर बहुत से बड़े-बड़े राजा हैं जिनकी निगाह में तो मैं प्रजा से भी बदतर था। जब दिल करता बुलाकर डांट देते कि टारगेट पूरा क्यों नहीं हो रहा? हर साल के टारगेट ने जिंदगी को एक रेस बना दिया।


रेस के नाम पर याद आया कि एक बार एक आदमी दौड़ के मैदान में उसके साथ हुए एक अजीब वाकये को बताते हुए बोला। यार,उस दिन तो गजब हो गया। मित्र -क्यों क्या हुआ? मैं घोड़ों की दौड़ देखने मैदान गया था। वहां घोड़ों की कतार के पीछे खड़ा होकर घुड़दौड़ देखने के लिए उतावला हो रहा था। मुझे लगा कि जैसे मेरे जूते का तस्मा ढीला हो गया है। मैं अभी झुककर अपने जूते का फीता बांध ही रहा था कि किसी ने मेरी पीठ पर जीन कस दी। मित्र हैरान होकर-फिर, फिर तुमने क्या किया? मैं और क्या करता। किसी तरह जान लगा कर भागा,लेकिन फिर भी दसवें स्थान पर रहा तो मित्रों यहां पर हम सबकी पीठ पर एक अदृश्य जीन कसी हुई है। जिस पर कोई न कोई सवार है। अगर और कोई नहीं तो हमारी ख्वाहिशें ही हमारी पीठ पर सवार हैं और हम भागे चले जा रहे हैं उन्हें पूरा करने के लिए।

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है,लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है। आखिर खुशी है क्या?

# सिल्ट का सिस्टम

देश में मानसून आने को है। सभी प्रदेशों में नगर विकास मंत्रियों ने प्राथमिकता के आधार पर शहरी नालों की सफाई का जन-लुभावना ऐलान कर रखा है। जिस प्रकार,विकास और शहरीकरण एक दूसरे का पर्याय हैं। इसी भांति नालों की सिल्ट और चोक सीवरेज के कारण जल भराव एक-दूसरे का पर्याय बन चुके हैं। प्रत्येक वर्ष नालों की सिल्ट साफ करने में पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण असंगठित क्षेत्र के मजदूर जहरीली गैस रिसाव की चपेट में आकर असामयिक मौत का शिकार बन जाते हैं। इस पूरी समस्या की जड़ में,अनियोजित कूड़ा प्रबंधन है। अनियंत्रित उपभोक्तावादी जीवन के कारण शहरीकरण के जन्मजात दोष के रूप में नागरिकों में "सिविक सेन्स" और नगर निगमों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियोजन के अभाव से महानगरों में कूड़े के पहाड़ समस्या बनते जा रहे हैं। इसके चलते हवा और पानी के माध्यम से मृदा और जीवन में जहर घुलता जा रहा है। भूजल की गुणवत्ता कुप्रभावित होने के बाद भूगर्भ जल भी तेजी से कूड़े के पहाड़ों के रिसाव से तेजी से जहरीला होता जा रहा है।

विश्व में सर्वप्रथम हड़प्पा-मोहनजोदड़ो की सभ्यता में नियोजित शहरीकरण का प्रमाण पाया जाता है। ग्रिड आधारित व्यवस्था पर समकोण पर बनी सड़कों और पकी ईंटों की बनी नालियां इस सभ्यता को पूर्व और समकालीन सभ्यताओं से श्रेष्ठ बनाती हैं। इसके साथ ही इन नाले-नालियों में कूड़ा-करकट और सिल्ट की सफाई के लिए बनाए गए सोकपिट की उपलब्धता इन सड़कों की सबसे बड़ी खासियत है। यह साबित करता है कि हम भारतीय ग्रामीण अतिरेक उत्पादन से विकसित हुए नगरों के नागरीय प्रबंधन के भी विशेषज्ञ रहे हैं।



अरविंद त्रिपाठी
सूचना एवं संचार विशेषज्ञ

देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है।

इसे यूं भी कह सकते हैं कि नगरीय कूड़ा और घरेलू एवं वर्षा जल प्रबंधन भी हमारे शहरी नियोजन का अनिवार्य भाग रहा है। किंतु दुर्भाग्यवश आज देश की सभी बड़ी नदियां मानव उत्सर्जित मल और अजैविक कूड़ा ढोने की मालगाड़ियां बन चुकी हैं। शाश्वत नगरी वाराणसी की वरुणा और असी नदियां पूरी तरह नाला बन चुकी हैं।

ब्रिटिश काल में ही महामना मदन मोहन मालवीय ने तत्कालीन सरकार को इन सहायक नदियों में घरेलू अपशिष्ट न मिलाए जाने का विरोध किया था। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने इस प्रयास के बाद इसकी पुनरावृत्ति न करने के लिए आश्वस्त किया था,इस आश्वासन को कालांतर में भुला दिया गया। इसी क्रम में कानपुर के गणेश शंकर विद्यार्थी ने विधानसभा में कानपुर और वाराणसी की गंगा में गिर रहे नालों के प्रबंधन पर सवाल किया था, जो कि आज भी विधानसभा की लाइब्रेरी में दर्ज है। विद्यार्थी जी के उठाए गए सवालों को सौ वर्ष हो रहे हैं। विदेशी ही नहीं स्वदेशी सरकार भी सभी राजनीतिक दलों की बन चुकी है। सिल्ट की सफाई के माध्यम से गंगा को घाटों पर लाने की जन जागृति अभियान की परिणति सरकारी योजना "गंगा एक्शन प्लान" के दो फेज के रूप में रह चुकी है। इसी तर्ज पर देश की तमाम नदियों की सफाई की करोड़ों धनराशि की सिविल इंजीनियरिंग की योजनाएं बनती और असफल होती रही हैं। देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है। यह कार्य केवल सरकारों के माध्यम से ही नहीं हो सकता है। जनजागरण और जनसहभागिता के लिए शहरों में बनी जनसमितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। साथ ही शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य भाग बनाकर छात्र-छात्राओं को कूड़ा-प्रबंधन का ज्ञान कराया जाना अत्यावश्यक है ताकि "मेरा कूड़ा जमीन नहीं छूता" जैसा जन सहभागी अभियान सार्थक रूप से संचालित किया जा सके। घरेलू निकासी जल और जलघुलित मल के प्रबंधन के साथ ही रासायनिक और औद्योगिक कचरे के प्रबंधन की शिक्षा के साथ ही सरकारों को ट्रीटमेंट प्लांट बनाने चाहिए।

इस दिशा में विश्व के विकसित देशों से सबक लेते हुए भारतीय संस्कृति और संसाधनों को देखते हुए सतत कार्ययोजना बनाकर नालों में गंदगी ठेलने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। बारिश के मौसम के आगमन के पूर्व नालों की सिल्ट साफ करने के साथ ही पानी के सभी कटोरों- यथा, झील, तालाब, सरोवरों आदि की सफाई भी कराना अति आवश्यक है ताकि बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजने में सफलता मिले। दरअसल आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक जीवन उपलब्ध कराने के लिए इन जलनिधियों में जमा सिल्ट की सफाई कर वर्षा जल संग्रह के लिए इन सभी का वास्तविक और ऐतिहासिक स्वरूप स्थापित करने के लिए सरकार को अभियान चलाना ही होगा।

## सोशल फोरम

# सारे संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है,लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है। मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा रहा है,लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं।

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभ के विकासकाल से ही मनुष्य जहां औजार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है,वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामूहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है,ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा,उत्तेजना से भर जाती है। ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं। पहली चीज समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज पीछे ले जाती है,लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है,मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है। यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# संस्कृति और सभ्यता

बहुधा मैं 'संस्कृति' और 'सभ्यता' शब्दों को समानार्थक शब्दों के रूप में प्रयोग किए जाते हुए देखता हूं,लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। इनमें अंतर है। संस्कृति किसी समाज के सामाजिक रूप से सोचने के तरीके, व्यवहार, व्यवहार के मानकों, नियमों, ज्ञान, विश्वासों, कला, रीति-रिवाजों, तौर-तरीकों, क्षमताओं और आदतों का संयुक्त नाम होता है। इसके घटकों में मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है। यह समाज के अ-पदार्थ पक्ष को दिखाती है।

संस्कृति एक बदलने वाली वस्तु होती है। मनुष्य के बदलते ज्ञान-विज्ञान और बदलती सोच के अनुसार इसमें अंतर आता रहता है। इसका एक उदाहरण है कि हम कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में बड़ों और गुरुजन के चरण स्पर्श किए जाते हैं,लेकिन संभव है कि बदलती सोच,बदलती परंपराओं और बदलते ज्ञान-विज्ञान के अनुसार चरण स्पर्श की परंपरा बदल जाए और लोग केवल हाथ जोड़कर ही बड़ों का अभिवादन करें। यह संभव है कि कभी केवल हाथ हिलाकर और 'हाय' कहकर यह अभिवादन हो। संभव है कि किसी देश की संस्कृति में गले लगकर अभिवादन होता हो तो कहीं हाथ मिलाकर और कहीं गाल या हाथ का चुंबन लेकर। अलग-अलग समाजों की अलग-अलग प्रकार की संस्कृतियां हो सकती हैं। ये डायनेमिक अर्थात् प्रवाहमयी अर्थात् बदलने वाली होती हैं। वहीं सभ्यता की बात करें तो सभ्यता एक ऐसे जटिल समाज को कहते हैं जिसमें नागरिक विकास, विभिन्न सामाजिक स्तर, जीवन जीने के स्तर, शासन का प्रकार और संचार एवं संवाद के प्रतीक,जैसे भाषा और लिपि आते हैं। इसमें संगठित संस्थान जैसे शिक्षा देने की व्यवस्था भी आते हैं। यह चीज समाज की ठोस संरचना पर केन्द्रित होती है। यह समाज के तकनीकी विकास,वहां के शासन और प्रशासन के तरीके,वहां की अर्थव्यवस्था और अनेक प्रकार के विकासों को दिखाती है। उदाहरण के लिए हम कहते हैं सिंधु घाटी की सभ्यता, बेबीलोनियन सभ्यता, मायान सभ्यता, मिस्री सभ्यता, ग्रीक और रोमन सभ्यता और वैदिक काल की सभ्यता आदि। समाज के गुणों को बताने के अतिरिक्त संस्कृति, संस्कार और सभ्यता शब्दों का प्रयोग किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत गुणों को बताने के लिए भी किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति सभ्य और नम्र है,उसका आचार-विचार अच्छा है तो हम यह कहेंगे कि वह एक सुसंस्कृत व्यक्ति हैं। हम कहेंगे कि उसके संस्कार अच्छे हैं। यह संस्कार किसी व्यक्ति के बचपन से प्राप्त विचार और अनुभव होते हैं,जो विचार करने के तरीकों और विश्वासों के रूप में उसके मन-मस्तिष्क में बैठ जाते हैं। यह उसकी शिक्षा-दीक्षा पर निर्भर करते हैं। यह संस्कार व्यक्ति द्वारा कलाओं और सामाजिक क्रियाकलापों जैसी अनेक बातों में भाग लेने और आपस में सामाजिक रूप से घुलने-मिलने से भी बनते हैं। माता-पिता और गुरुजन से प्राप्त विचार भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। कोई व्यक्ति दूसरों को आदर देता है अथवा नहीं,क्रोध करता है अथवा नहीं,वह बातों को समझता है अथवा नहीं,वह सामाजिक नियमों का पालन करता है अथवा नहीं,उसके नैतिक, सामाजिक और धार्मिक विश्वास क्या हैं,ये बातें उसके संस्कार और संस्कारों से बनी उसकी सोच पर निर्भर करती हैं। एक सभ्य व्यक्ति भी व्यवहार के अच्छे तौर-तरीके और शिष्टाचार रखेगा। वह नैतिक और मर्यादायुक्त व्यवहार रखेगा। वह ईमानदार होगा। अतः हम देखते हैं कि जहां समाज के रूप में देखने पर संस्कृति और सभ्यता में अंतर होता है,वहीं व्यक्तिगत गुणों के रूप में इनमें कोई विशेष अंतर नहीं होता है। वहां ये एक-दूसरे को 'ओवरलैप' करते हैं। एक आदमी को हम सभ्य और सुसंस्कृत- दोनों ही कह सकते हैं। हां,हम कह सकते हैं कि 'संस्कृत' और 'संस्कृति' में कुछ अंतर होता है। जहां 'संस्कृत' शब्द व्यक्ति के संस्कारजन्य गुणों को बताता है, वहीं 'संस्कृति' शब्द इन गुणों में विरासत का पुट भी दिखाता है।



डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है।

# हम सब मिलकर चलें

बात शहर या कस्बे की नहीं है,बात गांव की है। यह तो मैंने स्वयं देखा है कि गांव में गाय का दूध बेचना निषिद्ध माना जाता था। आज तो पानी का भी व्यापार अरबों, खरबों में है। क्योंकि अब हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं,किंतु उन गरीबी के दिनों में छाछ बेचना निषिद्ध था। गांव में यदि लड़की की शादी है तो दूधिए शहर नहीं जाते थे,वह दूध गांव में ही रहता था। आप गरीबी कहना चाहें तो कहिए,किंतु वे कठिनाई के दिन लोगों ने समष्टि भाव से व्यतीत कर लिए थे। आज व्यष्टिभाव का जमाना है। समष्टिभाव के बिना न तो समाजवाद का कोई अर्थ है और न राष्ट्रवाद का जिससे कम्यूनिज्म शब्द बनता है,वह कम्यून शब्द समष्टिभाव गर्भित है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

स्वतंत्रता के संग्राम की शक्ति इसी समष्टिभाव में निहित थी,जो समष्टिभाव को नहीं समझ सकता,उसके लिए देशभक्ति निरर्थक शब्द है। समष्टिभाव के बिना सामाजिक न्याय कदापि सिद्ध नहीं हो सकता,झंडे चाहे कितने ही लगा लो। लोकतंत्र तो समष्टिभाव से ही संचालित हो सकता है,व्यष्टिभाव आते ही वह तानाशाही बन जाएगी। वैदिक साहित्य में यजामहे का प्रयोग बार-बार आता है, हम सब जीवन का यज्ञ कर रहे हैं। संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। हम सब मिलकर चलें,हम सब परस्पर मिलकर संवाद करें और एक-दूसरे के मन को जानें।

# वन विभाग करेगा सारस के कुनबे की गिनती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** राजकीय पक्षी सारस का कुनबा इस साल कितना बढ़ा है, इसके लिए वन विभाग दो दिन जिले में इसकी गणना करेगा। विभाग ने इसके लिए टीमों का गठन किया है तो आम लोगों से सहयोग की अपील भी की है। सारस की गणना में वन विभाग का सहयोग करने वालों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. हेमंत कुमार सेठ ने बताया कि 20 व 21 जून को पूरे प्रदेश में सारस की गणना की जाएगी। इस कार्य में जो भी स्कूल-कॉलेज, छात्र-छात्राएं, प्रकृति प्रेमी व एनजीओ सहभागिता करेंगे, उनको विभाग की तरफ से प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। यदि वृहद पैमाने पर गणना कार्य में सहयोग दिया जाएगा जो वन मुख्यालय को संस्तुति कर शासन से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय वनरक्षक गणना टीम का लीडर होगा। उसके कार्यक्षेत्र में यदि कई वेटलैंड (नम भूमि) है तो वहां अतिरिक्त टीमों को लगाया जाएगा। सारस की गणना सुबह छह से आठ बजे तथा शाम को चार से छह बजे के मध्य एक-एक बार की जाएगी। दोनों में अधिकतम संख्या को वास्तविक माना जाएगा। प्रत्येक गणना स्थल पर सारस का डिजिटल फोटो भी लिया जाएगा।

# पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय दिनेश गौर ने पत्नी की हत्या करने के बाद उसके शव को यमुना में फेंक देने के एक साल पुराने मामले में पति को उम्रकैद की सजा सुनाई।

फिरोजाबाद जिले के नगला खंगर थाना क्षेत्र के गांव नगला जोरे निवासी ऋषिकेश यादव ने बलरई थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसने अपनी बहन प्रीति की शादी 2008 में आगरा जिले के चित्रहाट थाना क्षेत्र के गांव पुरा चौधरी निवासी हरकेश पुत्र इंद्रेश के साथ की थी। 16 जून 2023 को हरकेश अपनी पत्नी प्रीति के साथ ससुराल गया था। उसी दिन रास्ते में खंदिया पुल के पास हरकेश ने प्रीति की हत्या कर शव को यमुना में फेंक दिया।

# सैनिक की मौत, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

संवाददाता कुठौंद (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर कस्बा निवासी आर्मी जवान की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर कस्बे में पहुंचा, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।



जवान हरी सिंह।

आर्मी जवान हरी सिंह भास्कर पंजाब के भटिंडा में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान सीने में दर्द हुआ इस पर उन्हें आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से जवानों के द्वारा परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर पूरे गांव में मातम छा गया। हरी सिंह का छोटा भाई शिव सिंह पंजाब में ही रहता था, वह मौके पर पहुंचे तथा सेना द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई के बाद पार्थिव शरीर को बटालियन के जवान बुधवार सुबह पैतृक गांव मदारीपुर लेकर पहुंचे। जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो उनके अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। बटालियन ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। इस दौरान सभी लोगों की आंखें नम रहीं।

हरि सिंह के पिता छक्की लाल का रो-रोकर बुरा हाल हैं। मौके पर पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद नारायणदास अहिरवार, जालौन उपजिलाधिकारी अतुल कुमार व जालौन क्षेत्राधिकारी रामसिंह सहित पुलिस बल व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भारत सिंह आदि मौजूद रहे। परिजनों व ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की, कि फौजी हरि सिंह के नाम से समाधि स्थल एवं पार्क बनाया जाए।



सलामी देते सेना के जवान, एसडीएम अतुल कुमार व क्षेत्राधिकारी राम सिंह। अमृत विचार



जवान के दुधमुहे बेटे व पिता को अंतिम दर्शन कराते सीओ।


- पंजाब के भटिंडा में थी तैनाती जवानों ने दी सलामी
- कुठौंद थाना क्षेत्र के मदारीपुर के थे निवासी

# एसडीएम की लताड़ से क्षुब्ध किसान ने दी जान

## शव नहीं उठने दिया, डीएम को बुलाने की मांग पर अड़े परिजन

संवाददाता, खागा-फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक किसान का घर के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक के पुत्र ने आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग की शिकायत करने पर तहसील दिवस में एसडीएम ने फटकार लगाई थी। उसी से क्षुब्ध होकर पिता ने फांसी लगाकर जान दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।



रवीकरन सिंह।

खागा कोतवाली क्षेत्र के पाई गांव के रहने वाले किसान रवीकरन सिंह उर्फ मक्खन सिंह का शव घर के बाहर छप्पर की धन्नी में फंदे से लटका मिला। मृतक के पुत्र दरियाव सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए आरोप लगाया कि 15 जून को पिता जमीन के मामले में तहसील दिवस पर गए थे। यहां एसडीएम ने चकबंदी अधिकारी का पक्ष लेते हुए उन्हें फटकार दिया था। उसी को लेकर पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे ने कहा कि जब तक मौके पर डीएम नहीं आतीं हैं, तब तक शव को उठने नहीं दिया जाएगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिवार के लोगों से बातचीत के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों से परेशान होकर एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।



घर के बाहर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

> तहसील समाधान दिवस पर मृतक रवी करन सिंह की शिकायत जिलाधिकारी की उपस्थिति में सुनी गई थी। राजस्व विभाग को मौके पर जाकर निष्पक्ष पैमाइश कर निस्तारण कराने की बात कही गई थी। बीती रात हुई घटना को लेकर कुछ खबरें सोशल मीडिया में चल रही हैं जो राजस्व विभाग को बदनाम करने की एक साजिश भी हो सकती है।
>
> –अतुल कुमार गंगवार, एसडीएम

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में हुआ था विवाद

मृतक के पुत्र द्वारा आरोप लगाने के बाद एसडीएम खागा अतुल गंगवार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में आयोजित किया गया था। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एक प्रार्थना पत्र रवी करन सिंह उर्फ मक्खन सिंह पुत्र स्व. जागेश्वर सिंह निवासी पाई खागा कोतवाली द्वारा चकबंदी अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध दिया गया। प्रार्थना पत्र में चकबंदी विभाग के ऊपर आरोप लगाया गया था कि प्रार्थी की भूमिधरी की जमीन को चकबंदी अधिकारी रवींद्र नाथ पांडेय, कानूनगो लाल बहुदार व लेखपाल संदीप श्रीवास्तव द्वारा अवैध ढंग से विभाजित कर उस पर सड़क निकाल दी गयी है। कहा कि रवी करन सिंह उर्फ मक्खन सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सम्बंध में रवी करन सिंह को अवगत कराया गया था कि यदि चकबंदी अधिकारी के न्यायालय से निर्णीत वाद में आपको कोई आपत्ति है, तो बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के यहां वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त कर सकते हैं। अन्य फरियादियों की तरह इनके प्रार्थना पत्र पर सहायक चकबंदी अधिकारी से जानकारी कर चकबंदी अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई के लिए कहा गया था। रवी करन ने चकबंदी अधिकारी कार्यालय में 17 दिसम्बर 2023 को दिन में एक बजकर 25 मिनट में पत्नी कुसमा देवी के साथ पहुंचकर धमकी दी थी कि कुसमा देवी बनाम सरकार का वाद आपके विचाराधीन है। फैसला मेरे पक्ष में नहीं आता है तो आत्महत्या कर लूंगा। इस पर 18 दिसम्बर 2023 को चकबंदी अधिकारी द्वारा मृतक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# आंधी से गिरे पेड़, कानपुर-सागर हाईवे चार घंटे रहा जाम, नहीं पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** मंगलवार की देर शाम को आंधी के चलते जिले भर में जगह-जगह पेड़ टूटकर सड़कों पर गिरने से आवागमन बाधित रहा। वन विभाग की टीम रात में पेड़ काटकर हटाने में जुटी रही। सड़क पर पड़े पेड़ों को एक तरफ करके कई मार्गों को साफ कर दिया गया, लेकिन कानपुर-सागर हाईवे पर बरीपुरा और अलीपुरा के पास जाम लगा रहा। यहां सैकड़ों की संख्या में गिट्टी लदे और खाली ट्रकों के साथ अन्य वाहन पहले निकलने के चक्कर में इधर उधर घुस गए। बाद में बीच में फंस जाने से जाम लग गया। रात दस बजे तक हाईवे पर जाम लगा रहने से आवागमन चार घंटे तक प्रभावित रहा। सूचना के बाद भी कोतवाली पुलिस के न पहुंचने से जाम में फंसे यात्रियों और वाहन चालकों को घंटों जूझना पड़ा।

मंगलवार की शाम छह बजे तेज आंधी की चपेट में आने से जिले के कई मार्गों पर इक्का दुक्का पेड़ गिर गए, जबकि कानपुर सागर हाईवे में किड़ारी फाटक से लेकर अलीपुरा तक तमाम पेड़ टूटकर हाईवे पर डले रहे। सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने हाईवे बहाल करने के लिए सड़कों पर पड़े पेड़ों की कटान शुरू की, लेकिन पत्थर मंडी कबरई डहर्रा में सैकड़ों की संख्या में आने जाने वाले ट्रक, डंपर पेड़ न हटाए जाने के कारण हाईवे पर दोनों तरफ खड़े हो गए। जैसे ही मार्ग बहाल हुआ कि कुछ वाहन जल्दबाजी के चक्कर में ट्रकों के बीच से निकलने लगे।



जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# हीटस्ट्रोक से पांच लोगों की मौत

## इटावा में तीन की जान गई

**इटावा।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण हीटस्ट्रोक से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

पहली घटना बकेवर थाना क्षेत्र के लखना में हुई। कस्बे के कालका देवी मोहल्ला निवासी होम सिंह दोहरे पुत्र वीरेंद्र सिंह सब्जी मंडी में खुदरा सब्जी बेच कर अपने परिवार का पेट पालता था। दोपहर तीन बजे के समय वह बाईपास मार्ग स्थित अपने किसी दोस्त से मिलने जा रहा था। जैसे ही वह सूर्य वाटिका के पास पहुंचा कि अचानक तेज सूर्य की तपिश का शिकार होकर जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राह जाते पहचानने वाले एक व्यक्ति ने होम सिंह के मृत पड़े होने की सूचना उसके परिजनों को दी। मृतक की पत्नी सुशीला ने बताया कि उसके पति की मौत हीटवेव के शिकार हो जाने के कारण हुई है।




दूसरी घटना फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एकता कालोनी में हुई। जहां गर्मी के कारण एक युवक की मौत हो गई। उक्त मोहल्ला निवासी शिव मोहन 35 वर्ष पुत्र लज्जा राम किसी काम से शहर आया था। जब वह वापस जा रहा था तभी महेरा चुंगी के पास वह अचानक गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। इसके अलावा तीसरी घटना में ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव गपचिया में हुई, जहां औजान सिंह पुत्र भगवान सिंह की गर्मी के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराया है।

## फतेहपुर में भी दो ने दम तोड़ा

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के आबू नगर निवासी लोकेंद्र पाल सिंह का पुत्र अजय सिंह कल्यानपुर थाना क्षेत्र के रेवाड़ी गांव स्थित पंचखरीवा बाबा आश्रम में भंडारे में शामिल होने गया था। देर शाम को बाइक से वह घर जाने को निकाला था, लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह रेवाड़ी गांव के बाहर स्थित महुआ के एक बाग में उसका शव पड़ा मिला। इसके बाद ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। बाग के पास में ही उसकी बाइक और उसका मोबाइल पड़ा मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचित किया। पुलिस के मुताबिक युवक शराब पीने का आदी था। उसने शाम को अधिक मात्रा में शराब पी ली थी इसके बाद वह वही बाग में लेट गया। आशंका है कि अधिक शराब पीने और गर्मी के चलते युवक की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे परिजनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**धाता संवाददाता के अनुसार** थाना चौकी किशनपुर क्षेत्र के राजापुर महेवा घाट के रास्ते में एक शव पड़े होने की सूचना थाना धाता को मिली। थाना प्रभारी बृंदावन राय व किशनपुर चौकी प्रभारी केके यादव मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान शव में किसी प्रकार की चोट या घाव के निशान नही पाए गए। थाना प्रभारी ने शव की पहचान करवाने का काफी प्रयास किया लेकिन काफी समय तक कोई पहचान नही हो सकी। उसके बाद मृतक की फोटो सोशल मीडिया पर प्रकाशित होने पर पहचान हो सकी। मृतक की पहचान पवन प्रजापति पुत्र घनश्याम प्रजापति निवासी बम्हरौली धाता के रूप में हुई।

# अधिशासी अभियंता नेहा सिंह का कानपुर किया गया स्थानांतरण

**ककोर, औरैया।** औद्योगिक नगर दिबियापुर के बिजली डिवीजन में पिछले माह अधिकारियों की आपसी खींचतान के कारण बिजली विभाग में एक सप्ताह से अधिक कार्य प्रभावित था। अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह की कार्यशैली से सभी उपखंड अधिकारी, अवर अभियंता, मीटर रीडर ने सामूहिक कार्य बहिष्कार कर दिया था। जांच टीम की रिपोर्ट के बाद बड़ा फेरबदल कर दिया गया। देर रात उक्त आदेश में दिबियापुर की अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह को दिबियापुर से विद्युत भंडार गृह कानपुर में उत्तरदायित्व दिया गया है। वहीं भंडार गृह से अश्वनी कुमार सिंह को दिबियापुर डिवीजन का अधिशासी अभियंता बनाया गया है। बिधूना उपखंड अधिकारी उपेंद्र सिंह यादव का फिरोजाबाद ट्रांसफर किया गया है। दिबियापुर के एसडीओ अनुराग पांडे को अलीगढ़ भेजा गया है। जेई प्रभु दयाल को अलीगढ़ भेजा गया है।




नेहा सिंह।

# बार एसो. के पूर्व महासचिव की शाहजहांपुर जेल में मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शाहजहांपुर की जिला जेल में गैंगेस्टर में बन्द बार एसोसिशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की मौत हो गई। उनके मौत की खबर आते ही अधिकताओ में शोक की लहर दौड़ गई।



संजीव पारिया।

बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा ने जेल में हुई संजीव पारिया की मौत को दुर्भाग्य पूर्ण बताया है। उन्होंने अधिवक्ता जगत में इसे अपूर्णीय क्षति बताते हुए इस असहनीय दुख में 19 -20 जून को अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने प्रस्ताव पारित किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता शशिभूषण दीक्षित,सत्यपाल सिंह चौहान,राजीव राठौर सहित सैकड़ों ने पारिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।इसे अपूरणीय क्षति बताया है। बताते चले कि बरिष्ट अधिवक्ता संजीव पारिया 20 बार बार एसोसिएशन के महासचिव चुने गए। इस दौरान उन पर जानलेवा हमला का मुकदमा कायम हुआ। इसके बाद उन्हें गैंगेस्टर में गिरफ्तार कर जिला जेल शाहजहापुर भेज दिया गया। बुधवार को उनकी जेल में मौत हो गई।

### 36 करोड़ की संपत्ति कुर्क

- फतेहगढ कैंट में बंगला नंबर 10 में रहने वाले संजीव पारिया गैंगस्टर एक्ट में शाहजहांपुर जेल में करीब 7 महीने से बंद थे। गैंगस्टर अधिनियम के तहत जिलाधिकारी के आदेश पर करीब 36 करोड़ से अधिक की संपत्ति प्रशासन कुर्क कर चुका था। कुर्क की गई संपत्तियों में दो इंटर कॉलेज, दुकानें, मकान, प्लाट, कृषि भूमि आदि शामिल थे। संजीव पारिया के खिलाफ करीब एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। जिला प्रशासन ने उन्हें माफिया अनुपम दुबे गैंग का सक्रिय सदस्य घोषित किया था। वर्ष 2023 में अधिबक्ता राजीव बाजपेई ने संजीव पारिया, अनुपम दुबे व अन्य के खिलाफ कचहरी में जानलेवा हमला करने तथा गोला-बारूद इकट्ठा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# दरोगा ने मांगी दो लाख रिश्वत, सदमे से मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई थाने के एक दरोगा द्वारा मुकद्दमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने के नाम पर दो लाख रुपये मांगने और रिश्वत न मिलने पर आरोपी के घर चढ़ाई कर गाली गलौज करने, महिलाओं को बेइज्जत किए जाने से आहत आरोपी के पिता की मौत हो गई।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मामले की जांच बैठा दी है। जांच सीओ सैफई अतुल प्रधान को सौंपी गई है। यह मामला जसवन्तनगर इलाके के पीहरपुर गांव का है। यह गांव बलरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस गांव के निवासी अवधेश कुमार पुत्र गंधर्व सिंह ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 29 मई 2024 को उसके चाचा लायक सिंह के पुत्र मोहन आदि के विरूद्ध थाना बलरई में रामबाबू आदि ने अभियोग पंजीकृत कराया था।

## सार-संक्षेप

### एथलीट अंजलि एएफआई शिविर के लिए रवाना

**कन्नौज।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) मे चयन होने के बाद एथलीट अंजलि कटियार को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) शिविर के लिए रवाना किया गया तो कई खिलाड़ियों और लोगों ने उसे रेलवे स्टेशन पर विदाई दी। जिला एथलेटिक्स संघ ने भी माल्यार्पण किया और उसे देश का नाम रोशन करने को विदा किया। क्षेत्र के ग्राम नेरा निवासी एथलीट अंजलि कटियार ने जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) में अच्छा प्रदर्शन किया था और ऑल इंडिया में उसकी 19वीं रैंक आई थी। इसी आधार पर उसका चयन एसएआई के लिए कर लिया गया। उसे लखनऊ में एएफआई के शिविर में प्रशिक्षित किया जाएगा तथा जैवलिन थ्रो की बारीकियां बताईं जाएंगीं। मंगलवार की देर शाम को अंजलि कोच शिवम सिंह के साथ लखनऊ जाने के लिए शहर के रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो साथी खिलाड़ियों समेत गांव के कई युवाओं और बुजुर्गों ने माल्यार्पण कर अपनी बिटिया को विदा किया।



अंजलि कटियार को माला पहनाती खिलाड़ी।

### दुकान बंद नहीं की तो व्यापारी पर टूटा पुलिस का कहर

**चकरनगर, इटावा।** तहसील चकरनगर के सहसों थाना के कस्बा हनुमंतपुर चौराहा निवासी व्यापारी चंदन पोरवाल पुत्र विद्यासागर पोरवाल मंगलवार देर शाम करीब साढ़े नौ बजे पानी, कोल्ड ड्रिंक, चिप्स आदि की अपनी दुकान बंद करने के लिए सामान घर पर रख रहे थे। इसी दौरान चौराहे की तरफ से आई पुलिस व्यापारी से गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर पुलिस ने व्यापारी को घर पर चढ़कर जबरिंया पकड़ कर घसीटते हुए नीचे रास्ते में गिरा लिया और मारते पीटते हुए सरकारी कार से व्यापारी को थाने ले गए। इस दौरान व्यापारी भी कस्बा वासियों से बचाओ बचाओ की गुहार लगाता रहा। घटना के दौरान व्यापारी की पत्नी रंजना देवी, आठ वर्ष का बेटा दिव्यांश और पांच वर्ष की बेटी दिव्यांशी रोते बिलखते हुए पापा को छोड़ने की पुलिस से भीख मांगते रहे।

### बांदा से कानपुर जा रही रोडवेज बस खंती में गिरी

**औंग, फतेहपुर।** बांदा से कानपुर जा रही एक रोडवेज बस बुधवार दोपहर में हादसे का शिकार हो गई। हालांकि हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। अनियंत्रित बस रोड से उतरकर खंती में जा घुसी और हादसा होते ही चालक व परिचालक मौके से भाग निकले। बुधवार के दिन करीब 11 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब बांदा से कानपुर जा रही बांदा डिपो की एक रोडवेज बस तेज रफ्तार में अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा बस बहुत तेज रफ्तार में थी और जैसे ही बस तेंदुली के पास पहुंची तभी बस रोड से उतरकर खंती में जा घुसी। इस दौरान जहां यात्रियों में चीख पुकार मच गई वहीं चालक व परिचालक बस छोड़कर मौके से भाग निकले। स्थानीय लोग दौड़कर मदद के लिए मौके पर पहुंचे और सभी यात्रियों को किसी तरह से बाहर निकाला गया। बताया कि हादसे के समय बस में महिलाएं, पुरुष व बच्चों समेत करीब 40 सवारियां यात्रा कर रही थी। ग्रामीणों की सूचना पर फतेहपुर डिपो से बाबू अर्जुन सिंह मौके पर पहुंचे और बस का निरीक्षण किया।

### मक्का लदी ट्रालियों से जीटी रोड पर लगा तीन घंटे जाम

**कन्नौज।** बुधवार को मक्का लदीं ट्रालियों से जीटी रोड पर जाम लग गया। ट्रैक्टर ट्राली के अलावा बसें, ट्रक व अन्य वाहन आड़े तिरछे फंस गये। जाम खुलवाने के लिये यातायात में लगे पीआरडी जवानों ने प्रयास किया पर कोई नतीजा नहीं निकला। यातायात प्रभारी को कोतवाली पुलिस के साथ लगना पड़ा। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जा सका।

### महिला का इलाज न करने के विरोध में लगाया जाम

**जैतपुर महोबा।** थाना अजनार के ग्राम महुआ बांध मे पानी के टैंकर को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक महिला को कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया था। पैर में कुल्हाड़ी लगने से पीड़ित महिला थाने पहुंची। अजनर थाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए उसे भेजा गया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने रिपोर्ट में 35 साल और आधार कार्ड में 38 साल उम्र होने पर मेडिकल परीक्षण करने से इनकार कर दिया। इस दौरान महिला का इलाज भी नहीं किया गया। इलाज न मिलने पर खून बहना तेज हो गया। परिजनों ने डॉक्टर से रेफर करने को कहा। इस पर डॉक्टर क्रोधित हो गए और गालीगलौज करने लगे। पीड़ित महिला के परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को स्ट्रेचर में लिटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया।

फर्जीबाड़ा | चित्रकूटधाम मंडल के चारों जिलों में एक साल से कार्यरत थे

# फर्जी अभिलेखों से नौकरी कर रहे 32 डाककर्मी बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- वेतन रिकवरी करने के आदेश भी दिए गए

**अमृत विचार।** चित्रकूटधाम मंडल के चारों जनपदों में डाक विभाग की भर्ती प्रक्रिया में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। बिना शैक्षिक व अन्य अभिलेखों का सत्यापन कराए 120 डाक कर्मियों को न सिर्फ तैनाती दे दी गई, बल्कि बीते एक वर्ष से सभी कर्मचारियों को वेतन भी दिया जा रहा था। अब जांच के बाद डाक अधीक्षक ने फर्जी अभिलेख वाले 32 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और वेतन वसूली करने के आदेश भी दिए हैं।

वर्ष 2023 में चित्रकूटधाम मंडल में डाकपाल और सहायक डाकपाल पद पर 120 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। ये पद भारतीय डाक विभाग की ओर से निकाले गए थे। विभागीय अफसरों के अनुसार जल्दबाजी के चक्कर में सभी चयनित कर्मचारियों को बगैर अभिलेखों की जांच पड़ताल के ही नियुक्ति दे दी गई और मंडल के अलग-अलग जनपदों में शाखा डाकपाल व सहायक डाकपाल के रूप में तैनात कर दिया गया। शासन स्तर पर मामले की शिकायत पहुंची तो अभिलेखों की जांच की प्रक्रिया तेज हुई और जांच के बाद बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। जांच में बीते एक वर्ष से नौकरी कर रहे 26 डाकपाल और 6 सहायक डाकपालों के अभिलेख फर्जी पाए गए। इनमें बांदा से छह, चित्रकूट से आठ, मंडलीय कार्यालय से तीन, हमीरपुर से चार और महोबा जिले से 11 डाकपाल व सहायक डाकपाल शामिल हैं। विभागीय अफसरों ने पूरे प्रकरण का ठीकरा नवनियुक्त कर्मचारियों पर ही फोड़ दिया है और उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर एफआईआर व रिकवरी के आदेश जारी करके अपना पल्ला झाड़ लिया है। अभिलेखों का सत्यापन न करने में कौन-कौन अफसर व कर्मचारी दोषी हैं, इसपर सभी मौन हैं। डाक विभाग ने 2023 में ब्रान्च पोस्ट मास्टर पद पर भर्ती निकाली थी। जिसमें उत्तर प्रदेश में 30 हजार पद सृजित किए गए थे।




बांदा स्थित डाकघर। अमृत विचार

- अभिलेखों के सत्यापन कराए बगैर दे दी तैनाती
- बर्खास्त होने वालों में 26 डाकपाल और 6 सहायक डाकपाल हैं

### डीएम के आदेश पर दर्ज होगी एफआईआर

- फर्जी अभिलेखों के आधार पर एक साल से नौकरी कर रहे डाकपाल और सहायक डाकपालों के खिलाफ एफआईआर के आदेश जारी कर दिए गए हैं। एफआईआर दर्ज कराने के लिए विभागीय कर्मचारियों ने शहर कोतवाली में तहरीर दे दी है, लेकिन शहर कोतवाल अनूप दुबे का कहना है कि विभागीय फर्जीवाड़े के मामले में जिलाधिकारी का आदेश जरूरी है। जब जिलाधिकारी के आदेश के साथ तहरीर मिलेगी तो सभी कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# 25 जून तक मानसून के आसार, 3 दिन चलेगी लू

## प्रदेश में अधिकतम 43 और न्यूनतम 31 डिग्री के बीच बना रहा पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश में 25 जून तक मानसून की दस्तक हो सकती है। लेकिन अगले तीन दिन तक लू को लेकर रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। बुधवार को प्रदेश में अधिकतम 43 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस के बीच तपमान बना रहा। जून की शुरूआत से 45 से 47 डिग्री के बीच झुलस रहे प्रयागराज को गर्मी से काफी राहत मिली। यहां परा लुढ़ककर 40.9 डिग्री पर आ गया।

मौसम विभाग ने 19 से 21 जून तक प्रदेश भर में लू के खतरनाक असर को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। बुधवार को कानपुर और आगरा का तापमान सबसे ज्यादा दर्ज किया गया। पूर्वी यूपी में बस्ती 44 और गोरखपुर में 42 डिग्री तापमान रहा। सबसे गर्म जिला कानपुर रहा, यहां तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।हमीरपुर, झांसी, उरई सहित बुंदेलखंड में अभी तक तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच बना हुआ है। हालांकि मंगलवार को यहां कुछ जगहों पर हुई बूंदाबांदी ने गर्मी से थोड़ी राहत दी थी। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से मानसून आगे बढ़ रहा है। बिहार के कुछ जिलों में पहले बरसात हो सकती है। उनका कहना है कि 25 जून तक मानसून यूपी में आ सकता है।

### पश्चिमी यूपी में लू का घातक असर

- एम दानिश बताया कि अगले तीन दिन लू का सबसे घातक असर कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी में रहेगा। लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, उन्नाव, बरेली, पीलीभीत और अयोध्या में दिन में लू चलने के साथ रात में भी गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, बरेली, गोण्डा, गोरखपुर, पीलीभीत और शाहजहांपुर में आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

### पहाड़ों में झमाझम बारिश

**हल्द्वानी/भीमताल।** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने बुधवार को कुमाऊं के मैदानी इलाकों में अंधड़ और बारिश का अनुमान जताया था लेकिन अनुमान गलत साबित हुआ। पहाड़ों में तो बारिश हुई लेकिन कुमाऊं के मैदानी इलाके उष्ण लहर और तेज धूप से तपते रहे। यहां लोगों को अभी भी बारिश का इंतजार है। कुमाऊं मंडल के मैदानी इलाकों को गर्मी से राहत नहीं मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुमान गलत साबित रहे। सुबह से ही गर्मी का प्रकोप रहा। दोपहर के समय कुछ समय के लिए बादल छाए लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिली। दिन में उष्ण लहर चलती रही।



# राममंदिर में तैनात जवान की गोली लगने से मौत

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- जांच पड़ताल में जुटे पुलिस अधिकारी, एजेंसियों को भी लगाया गया

**अमृत विचार।** रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात एक एसएसएफ जवान को बुधवार सुबह सरकारी इंसास रायफल से गोली लगने से मौत हो गई। घटना वेदमंदिर के निकट वीआईपी के लिए बन रहे गेट के पास हुई। आईजी और एसएसपी ने मौका मुआयना कर एफएसएल से पड़ताल कराई है। दो डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम के पूर्व सिर में लगी गोली की तलाश के लिए शव का जिला अस्पताल में एक्सरे कराया गया है। शव को पैतृक गांव के लिए रवाना किया गया है।



शत्रुघ्न विश्वकर्मा।

विशेष सुरक्षा वाहिनी (एसएसएफ) अयोध्या 06 बटालियन ए कंपनी में आरक्षी के पद पर तैनात अंबेडकरनगर के थाना सम्मनपुर क्षेत्र स्थित कचपुरा गांव निवासी शत्रुघ्न विश्वकर्मा (28) पुत्र स्व. शिवपूजन की ड्यूटी मंगलवार रात वेद मंदिर के निकट कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास निर्माणाधीन वीआईपी द्वार के निकट लगाई गई थी। साथ ही उपनिरीक्षक राम सोनकर, मुख्य आरक्षी राम सजीवन यादव, आरक्षी देवेंद्र, प्रशांत व अजय भी ड्यूटी पर थे। संदिग्ध हालात में बुधवार सुबह आरक्षी शत्रुघ्न को माथे में गोली लग गई। जो सिर के पार हो गई। घटना से हलचल मच गई। घायल जवान को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज भेजवाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे आईजी प्रवीण कुमार व एसएसपी राज करन नय्यर ने घटना की जानकारी ली और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया। जवान की इंसास रायफल को सील किया गया है।

पीएम के बाद परिजनों के साथ सरकारी वाहन से एसएसएफ के निरीक्षक यशवंत सिंह यादव व मानवेन्द्र पाठक शव को लेकर पैतृक गांव रवाना हुए हैं। इस दौरान एसएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अभय शंकर मिश्र, अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा, नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

# हर उत्तराखंडी का दायित्व है जंगलों को आग से बचाना : राज्यपाल

संवाददाता, अल्मोड़ा

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कार्कटेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना
- ज्ञान वृक्ष पर जलाभिषेक किया तथा ध्यान कक्ष में ध्यान भी लगाया

**अमृत विचार।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने परिवार सहित काकड़ीघाट स्थित कार्कटेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और देश एवं प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने यहां स्थित ज्ञान वृक्ष पर जलाभिषेक किया तथा ध्यान कक्ष ध्यान भी लगाया।

काकड़ीघाट पहुंचने पर जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा सहित अन्य अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल ने ज्ञान वृक्ष (पीपल) पर जलाभिषेक कर काकड़ीघाट के बारे में जानकारियां प्राप्त कीं। राम कृष्ण मिशन अल्मोड़ा के ध्रुवेशानंद महाराज ने इस स्थान का महत्व बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने अपनी परिव्राजक यात्रा के दौरान 21 अगस्त 1890 को काकड़ीघाट में रात्रिवास किया था। इस पीपल वृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान लगाया था जो ज्ञानवृक्ष के नाम से जाना गया। ध्यान करते हुए उन्हें दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभूति हुई थी। अपने साथी और गुरुभाई स्वामी अखण्डानन्दजी के सामने उन्होंने इस अनुभूति का वर्णन किया था।



ज्ञानवृक्ष पीपल पर जल चढ़ाते राज्यपाल। अमृत विचार

इस दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इस बात पर खुशी जताई कि जिस पेड़ के नीचे स्वामी विवेकानंद ने ध्यान लगाया था उसको वैज्ञानिक तरीके से पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती जल संरक्षण की है। कोसी नदी हमारे लिए पूज्यनीय है, जल एवं वृक्षों का संरक्षण करना सबसे बड़ी बात है। देवभूमि के हर व्यक्ति की आत्मा में वृक्ष, जल एवं जंगल के प्रति आदर एवं विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग से तापमान में वृद्धि हो रही है। जंगलों की आग बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रही है। जंगलों को आग से बचाने के लिए वन अधिकारियों को तरीके ढूंढने होंगे। साथ ही हर उत्तराखंडीको जंगलों को आग से बचाने के लिए आगे आना होगा। इस दौरान कुलपति एसएसजे विवि सतपाल सिंह बिष्ट, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रानीखेत वरुणा अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद, मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश चंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह सहित मंदिर समिति के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पहले टाला, अब दर्ज कराना ही होगा संपत्ति का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन से पत्र आने के बाद अधिकारियों में खलबली
- ब्योरा न देने पर पदोन्नति पर नहीं किया जाएगा विचार

**अमृत विचार।** जिले के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को अब अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा अनिवार्य रूप से सरकार को बताना होगा। इसके लिए 30 जून की तिथि निर्धारित की गई है। उन्हें मानव संपदा पोर्टल पर यह जानकारी भरने के आदेश दिए गए हैं। आदेश के बाद भी जानकारी न देने वालों की पदोन्नति पर विचार नहीं किए जाने के संकेत भी शासन से जारी पत्र में दिए गए हैं। पत्र आने के बाद कई विभागों में खलबली मची है।

पहले शासन ने इसके लिए 31 दिसंबर 2023 की तिथि तय की थी, लेकिन इसके बाद भी ब्योरा पोर्टल पर नहीं भरा गया। ऐसे में अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी की ओर से आदेश जारी किया गया है। उसमें कहा गया है कि 30 जून तक सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को विवरण पोर्टल पर दर्ज कराना होगा। निर्धारित समय में जानकारी नहीं देने पर उनकी पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा। मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि जिले में करीब 90 के आसपास सरकारी विभाग हैं। 30 जून तक सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराने के लिए शासन से पत्र प्राप्त हुआ है। इसकी प्रक्रिया शुरू करा दी गई है।

# महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव में आज जुटेंगे राजनेता व धर्माचार्य

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव में गुरुवार को देश भर से संत धर्माचार्यों का जमावड़ा होगा। इसके साथ ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, दक्षिण भारत के प्रमुख पीठाधीश्वर के साथ हरिद्वार, प्रयागराज, मथुरा, वृंदावन, गुजरात, पंजाब, मध्य प्रदेश से भी संत-महंत पहुंचेंगे। डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी, आचार्य प्रमोद कृष्णन, विहिप से दिनेश कुमार, चंपत राय, उड़ाप्पी पीठाधीश्वर विश्वतीर्थ प्रसन्नाचार्य, मुम्बई से स्वामी गोविंद देव गिरी भी शामिल होंगे।



महंत नृत्य गोपाल दास को बुके भेंट करते कैबिनेट मंत्री संजय निषाद।

- उत्तराखंड व एमपी के मुख्यमंत्री समेत अन्य साधु-संत भी पहुंचेंगे

मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने बुधवार को बताया कि संत सम्मेलन को लेकर तैयारी हो गई है। बड़ी संख्या में महापुरुष पहुंच रहे हैं। 14 जून से भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। सम्मेलन में साधु-संत राष्ट्र चिंतन करेंगे। धर्म रक्षा के लिए हमें अपने आपको कैसे मजबूत करना है इस पर भी मंथन किया जाएगा।

2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मणिरामदास छावनी में हर वर्ष आयोजित जन्मोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष लोकसभा चुनाव में अयोध्या सीट पर हार के कारण जन्मोत्सव कार्यक्रम से दूरी बना रखी है। हालांकि इस मामले पर मणिराम दास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि कई महत्वपूर्ण कार्यों में लगे हुए हैं।

# जनता से झूठ बोलकर मांगे विपक्षियों ने वोट

**अयोध्या।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने बुधवार को मणिरामदास छावनी पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को जन्मोत्सव की बधाई दी। कहा कि भाजपा के हार का प्रमुख कारण यह रहा कि हम अच्छे कार्यों को गिनाने में नाकामयाब रहे, जबकि विपक्ष भ्रम फैलाकर व झूठ बोलकर वोट लेने में कामयाब हो गया। कहा कि 500 वर्षों के बाद रामलला टाट से ठाट में गए हैं। जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने इतिहास को कामयाब करने के लिए मिलजुल कर लड़ाई लड़नी होगी। धर्म को राजनीति से नहीं जोड़ा जा सकता। चुनाव नेता लड़ते हैं और धर्म के लिए जनता लड़ती है। चुनाव को धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। धर्म झूठ पर नहीं आधारित होता।

# ललितपुर इकाई ठप, फिर शुरू हुई आपात बिजली कटौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में करीब पांच सौ मेगावाट की आपात कटौती गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट का कहर जारी रहा।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि ललितपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। इस इकाई को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंताओं ने 21 जून तक इकाई के चालू होने की उम्मीद जताई, जबकि पहले से बंद चल रहे टांडा की 110 मेगावाट व पारीछा की 250 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इन इकाइयों के 20 जून तक चालू होने की संभावना जताई गई है।

सूत्रों ने बताया कि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,585 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 24,227 मेगावाट दर्ज हुई। कॉरपोरेशन ने अधिकारियों ने बताया कि भारी मांग के कारण बिजली परियोजनाओं की इकाइयों के बंद होने का सिलसिला जारी है, इस कारण बिजली उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इस दौरान एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति आयात कर लोगों को बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। वितरण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के लिए क्षेत्रीय अभियंताओं को निर्देश दिये गये हैं। क्षेत्रों में कम समय में बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# एग्जाम के लिए अवकाश लिया और पहुंच गए दुबई घूमने

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** शिवपुर विकासखंड में तैनात एक ग्राम विकास अधिकारी ने स्नातक परीक्षा के लिए विभाग से अवकाश लिया इसके बाद वह दुबई के बुर्ज खलीफा का सैर करने लगे। इसकी जानकारी होने पर विभागीय जांच शुरू हो गई है।

शिवपुर विकासखंड में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर मोहम्मद अकदास की तैनाती है। उनका एग्जाम इस समय चल रहा है। उन्होंने एग्जाम का हवाला देकर अवकाश लिया। इसके बाद वह बिना बताए और एनओसी लिए दुबई पहुंच गए। दुबई में बुर्ज खलीफा के सामने फोटो खिंचवाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। यह विभागीय जानकार लोगों ने फोटो वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद ग्राम विकास अधिकारी ने सोशल मीडिया से फोटो हटा लिया।



दुबई में सैर करते ग्राम विकास अधिकारी।

- ग्राम विकास अधिकारी ने बिना एनओसी के किया दुबई की सैर

अधिकारियों का फोन भी नहीं उठा रहे हैं। इस मामले में खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिना एनओसी और सूचना के विदेश यात्रा करना अपराध है, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# परकोटे के शिवमंदिर में स्थापित होगा शिवलिंग

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- 6 देवी-देवताओं के मंदिर का मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा निर्माण

**अमृत विचार।** राम मंदिर के निर्माणाधीन परकोटे में छह पंचायती देवी-देवताओं के मंदिरों का निर्माण हो रहा है। जिसमें हनुमान जी, गणेश जी, भगवान सूर्य, माता जगदंबा और अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति स्थापित होगी। छठवां मंदिर भगवान शिव का होगा, जिसमें भोलेनाथ की शिवलिंग की स्थापना कराई जाएगी।

राममंदिर के भूतल पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम तल पर राम दरबार को स्थापित करने के लिए मंदिर निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है। मंदिर की सुरक्षा के लिए बनाए जा रहे 800 मीटर लंबे परकोटे में बनने वाले छह मंदिरों के निर्माण का कार्य भी तेज गति से प्रारंभ कर दिया गया है। मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा ने बताया कि परिसर में बनने वाले सभी मंदिरों के डिजाइन तैयार हो चुके हैं। मंदिरों में राजस्थान के संगमरमर के पत्थरों से बनी मूर्तियों को स्थापित किया जाएगा। इन मूर्तियों में भगवान शिव के मंदिर में स्थापित होने वाला शिवलिंग भव्य होगा। उन्होंने बताया कि पहले मंदिर में भगवान भोलेनाथ की मूर्ति लगाने के विषय में चर्चा थी।

# तबादला पाये शिक्षकों की सूची जारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 22 जून तक बेसिक शिक्षा अधिकारियों को रिलीव करने का आदेश

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित 2796 परिषदीय शिक्षकों का तबादला मनचाहे जिले में हो गया। तबादला पाये शिक्षकों सूची की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बुधवार को बताया कि अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण के आदेश जारी कर दिया गया है। कुल 1398 जोड़े (2796 शिक्षकों) के तबादले को मंजूरी मिली है। सचिव ने पहली बार एक जिले से दूसरे जिले में तबादला करने की बजाए सीधे एक से दूसरे स्कूल में तबादला कर दिया है इससे शिक्षकों को राहत मिल जायेगी। सचिव ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्थानान्तरित शिक्षक एवं शिक्षिका को कार्यमुक्त/कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही 22 जून तक की जाएगी। साथ ही अभिलेखों का परीक्षण करते हुए स्थानान्तरित शिक्षकों को अनिवार्य रूप से एक साथ कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराया जाए।

### पहली बार स्कूल से स्कूल हुआ आवंटित

अंतर जनपदीय पारस्परिक तबादले के क्रम में अभी तक जिला से जिला आवंटित होता था, मतलब एक जिले से शिक्षक किसी भी विद्यालय का हो उसकी तैनाती बीएसए की ओर से काउंसलिंग से की जाती थी। लेकिन इस बार काउंसलिंग का रास्ता न अपनाकर उसी विद्यालय में शिक्षक को भेजा जायेगा जहां से उसका दूसरा साथी शिक्षक आया होगा।

### बिगड़े नहीं अनुपात शिक्षकों को मिले लाभ

इस बारे में अधिकारियों ने कहा कि स्कूल से स्कूल आवंटित होने से शिक्षकों विद्यालय में कमी नहीं होने पायेगी और काउंसलिंग का झंझट भी नहीं होगा। नया सत्र की पढ़ाई भी प्रभावित नहीं होगी साथ में शिक्षकों को उनके गृह जनपद में जाने का मौका भी मिल जायेगा।

आईवीआरआई की रिसर्च | गाय और भैंस पर पानी के अप्रत्यक्ष खर्च पर डॉ. हरिओम पांडेय ने किया शोध

# एक लीटर दूध के लिए खर्च होता 800 लीटर पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- औसतन 850 लीटर गाय और 830 लीटर भैंस के एक लीटर दूध पर होती है खपत

**अमृत विचार।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान यानी आईवीआरआई के पशुधन उत्पाद विभाग के वैज्ञानिकों की दुधारू पशुओं में पानी की खपत पर की गई रिसर्च का चौंकाने वाला नतीजा सामने आया है। इस रिसर्च में पता चला है कि गाय या भैंस के एक लीटर दूध के लिए औसतन 800 लीटर पानी खर्च होता है। वैश्विक संकट बन रहे पानी की कमी की समस्या के लिहाज से इस रिसर्च को किसानों और वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है।

आईवीआरई के पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हरिओम पांडेय के मुताबिक आईसीएआर प्रोजेक्ट के तहत पानी के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उपयोग के बारे में पता लगाने के लिए पिछले साल यह रिसर्च शुरू की गई थी। इस रिसर्च से पता चला है कि गाय के प्रति लीटर दूध के लिए औसतन 850 लीटर पानी खर्च होता है। भैंस के लिए पानी का यह खर्च औसतन 830 लीटर होता है। पानी की यह मात्रा प्रत्यक्ष रूप से गाय और भैंस को पीने के साथ अप्रत्यक्ष रूप से उनके आहार उत्पादन और रखरखाव के लिए इस्तेमाल की जाती है।



### ये सुझाव भी दिए

- ऐसे चारे और आहार का उपयोग किया जाए जिन्हें कम पानी की जरूरत होती है।
- पानी के पुनर्चक्रण और दोबारा उपयोग कर पानी की खपत को कम किया जाए।
- उन्नत जल-संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके पानी की खपत कम की जाए।

रिसर्च के मुताबिक गाय-भैंस पर अप्रत्यक्ष रूप से खर्च होने वाला पानी मुख्य रूप से उनके आहार उत्पादन के लिए खर्च होता है। इसमें घास, चारा और अनाज की खेती में उपयोग होने वाला पानी शामिल है। इसके अलावा पशुओं की सफाई और उनके रहने की जगह की देखभाल और सफाई पर भी काफी पानी खर्च होता है।

आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि पानी की कमी के संकट से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर कई अभियान चलाए जा रहे है। इस लिहाज से यह रिसर्च किसानों और नीति निर्माताओं के लिए दूध उत्पादन में पानी की खपत कम करने के लिए महत्वपूर्ण आधार बन सकती है और भविष्य में जल संकट को कम करने में भूमिका निभा सकती है। किसानों और वैज्ञानिकों को मिलकर जल-संरक्षण के उपाय ढूंढने होंगे दूध उत्पादन में पानी की खपत कम कर पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सके।

# कुशाग्र हत्याकांड में चचेरे बाबा के बयान पूरे

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र निवासी कपड़ा कारोबारी के बेटे कुशाग्र कनोडिया की हत्या के मामले में बुधवार को एडीजे 17 की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले के वादी संजय कनोडिया ने अपने बयान दर्ज कराए, साथ ही फिरौती के पत्र की पहचान भी की।

आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र की बीते 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस ने कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला व दोस्त शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में बुधवार को एडीजे 17 की कोर्ट में सुनवाई हुई।हत्याकांड के वादी व मृतक के चचेरे बाबा संजय कनोडिया ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए।

# उद्यमी से की 80 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

- तेलंगाना हैदराबाद के हैं दोनों आरोपी साझेदार

**अमृत विचार।** रुद्रपुर में अर्क का प्लांट लगाने के नाम पर शहर के उद्यमी से लाखों रुपये की हेराफेरी कर धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले दोनों साझेदारों ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर ठगी करने की साजिश रची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से रुद्रपुर मेट्रोपोलिस कॉलोनी व हाल निवासी वसंत विहार दिल्ली के रहने वाले गौरव लटवाल ने बताया कि उसकी मुलाकात एमएलए कॉलोनी रोड तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले पीएनआर रेड्डी और अशोक रेड्डी से हुई। उन्होंने रुद्रपुर में अर्क निकालने का प्लांट डालने का प्रस्ताव रखा और कारोबार में साझेदार बनने की बात कही। कारण दोनों ही व्यक्ति आर्थिक रूप से बेहद मजबूत हैं और कारोबार की अच्छी जानकारी भी थी तो उसने पार्टनरशिप में कारोबार प्रारंभ करने का निर्णय लिया। कई बैठकों के बाद उन्होंने रुद्रपुर किच्छा रोड पर एक्सट्रेक्शन प्लांट लगाने का निर्णय लिया। इसके चलते दोनों ही व्यक्तियों ने तेलंगाना हैदराबाद स्थित साझेदार खाते में दस लाख रुपये का भुगतान शुरू किया और 1.21 करोड़ धनराशि का प्रोजेक्ट तैयार हुआ। आरोप था कि पीएनआर रेड्डी और अशोक रेड्डी द्वारा दबाव बनाने पर उसने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर उनके खाते में 1.91करोड़ की धनराशि जमा करवाई। इसी दौरान आरोपी साझेदारों ने मुंबई की एक कंपनी से उच्च गुणवत्ता वाला विलायक निष्कर्षण संयंत्र खरीदने का ऑर्डर दिया। आरोप था कि बार-बार मोटी रकम के भुगतान के बाद जब उसे संदेह हुआ तो उसने आर्डर व प्लांट में साझेदार बनने का पता लगाया तो पता चला कि साझेदारों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर निष्कर्षण संयंत्र को महंगे दामों में दर्शाया, जबकि उसकी वास्तविक जीएसटी सहित कीमत 95 लाख थी।

### मुंबई संयंत्र फैक्ट्री में जाकर हुआ खुलासा

- शहर के कारोबारी गौरव पर जब साझेदारों ने विलायक निष्कर्षण संयंत्र की खरीद पर कई बार कीमत को बदला तो कारोबारी गौरव को संदेह हुआ। जब उन्होंने चेंबूर नाका मुंबई स्थित मेसर्स न्यू टैक इक्विमेंट के स्वामी से मुलाकात की तो पता चला कि संयंत्र की खरीद जीएसटी सहित 95 लाख की है, जबकि पावर थर्म नाम की फर्म ने दो मशीनों का ऑर्डर दिया है। जब इस संबंध में कारोबारी ने साझेदारों से सवाल किया तो गोलमोल जवाब देने लगे। तब जाकर मामले का खुलासा हुआ।

## एक नजर

### एक लाख 62 हजार बूथों पर रोपेंगे पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को पार्टी नेता राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केक काटकर राहुल के दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई। कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के एक लाख 62 हजार बूथों पर एक-एक पौधा रोपने का संकल्प लिया। इसके लिए नेताओं-कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विकास के नाम पर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों ने लाखों पेड़ कटवा दिये, जिसका नतीजा यह है कि गर्मी के प्रकोप से पूरा देश व प्रदेश झुलस रहा है।

# वाया वायनाड लोकसभा पहुंचने की तैयारी में प्रियंका

**यूपी से सीखी राजनीति की बारीकी, पहली बार लड़ेंगी चुनाव**



दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

अमृत विचार। 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भले ही सफल न रही हों। किंतु यहां से सीखी राजनीति की बारीकी सीखने का लाभ अब उन्हें केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के दौरान मिल सकता है। प्रियंका लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गांधी परिवार की 10वीं सदस्य होंगी।

52 वर्षीया प्रियंका कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य हैं। राहुल गांधी के वायनाड से इस्तीफा देने के बाद वह चुनावी राजनीति में पहली बार उपचुनाव के जरिए प्रवेश करने जा रही हैं। प्रियंका ने औपचारिक रूप से सक्रिय राजनीति में तब प्रवेश किया जब उन्हें 23 जनवरी 2019 को यूपी के पूर्वी हिस्से के लिए कांग्रेस पार्टी का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। 11 सितंबर, 2020 को उन्हें पूरे प्रदेश का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। इससे पहले वह पार्टी संगठन में ही काम करती रही हैं। प्रियंका वर्ष 2004 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल रहीं। वर्ष 2007 के प्रदेश विधानसभा चुनावों में जब राहुल ने कांग्रेस के लिए राज्यव्यापी प्रचार अभियान का जिम्मा संभाला तो प्रियंका ने अमेठी-रायबरेली क्षेत्र की 10 सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। वह करीब डेढ़ दशक तक चुनावी राजनीति में उतरने से कतराती रहीं। लेकिन, यूपी में कांग्रेस का कामकाज जरूर देखती रहीं। वह रायबरेली में मां सोनिया गांधी और अमेठी में भाई राहुल के चुनाव अभियानों में सहायक की भूमिका में रहीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका के कभी रायबरेली तो कभी अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चा तो खूब हुई। लेकिन, अंतिम समय में केएल शर्मा को मौका मिला।

### प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस ने लड़ा था 2022 का यूपी का चुनाव

कांग्रेस ने प्रियंका गांधी के ही नेतृत्व में वर्ष 2022 का प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ा। जनवरी 2022 में प्रियंका ने राहुल के साथ यूपी चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र लांच किया। महिला मतों को आकर्षित करने व सक्रिय राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने को उन्होंने राज्य में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' अभियान की शुरुआत की। प्रदेश में पार्टी को पुनर्जीवित करने के उनके सभी प्रयासों के बावजूद कांग्रेस पार्टी को वर्ष 2022 के यूपी चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। 403 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस सिर्फ दो सीटें ही जीत सकी थी।

# आज से शुरू होगी सारस की गणना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में गुरुवार से राज्य पक्षी सारस की गणना होगी। साल में दो बार (ग्रीष्मकालीन-शीतकालीन) गणना होती है। यह गणना सुबह-शाम दो बार की जाएगी। इसमें वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही विद्यार्थियों व प्रकृति प्रेमियों का भी सहयोग लिया जाएगा। 2023 में हुई गणना में राज्य में 19522 सारस पाए गए थे। प्रभागीय वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पाए गए सारस की संख्या व फोटो पहली जुलाई तक मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास, लखनऊ को उपलब्ध करानी होगी।

पिछली गणनाओं में यह पाया गया कि साल दर साल सारस की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई। कोरोना के बाद राज्य में 2021 में 17329 सारस पाए गए। 2022 में यह बढ़कर 19188 हो गए। 2023 में यह संख्या बढ़कर 19522 हो गई। वहीं इस साल के लिए होने वाली गणना के बाद सारस का कुनबा और बढ़ने की संभावना है।

# शहरी दर पर बिल वसूलने पर कॉरपोरेशन से जवाब तलब

## नियामक आयोग ने कहा, अविलंब पेश करें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में कई जिलों में ग्रामीणों से शहरी दर पर बिजली बिल वसूलने के मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। आयोग ने चेतावनी देते हुए कहा कि कॉरपोरेशन अविलंब विस्तृत रिपोर्ट पेश करे, अन्यथा आयोग स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू करेगा।

बिजली आपूर्ति 24 घंटे किए जाने के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। उपभोक्ता परिषद की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर नियामक आयोग ने परीक्षण शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर नियामक आयोग ने बुधवार को पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी पूर्व में चल रहे इस तरह के मामले में जवाब तलब कर लिया है।

**▸▸ जवाब न देने पर कार्रवाई शुरू करने की दी चेतावनी**

कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार को जारी नोटिस में आयोग ने 15 दिसंबर 2023 को आयोग की ओर से जारी निर्देश का हवाला देते हुए अभी तक जवाब न दाखिल करने पर नाराजगी जताई है। कहा गया है कि कई जिलों में ग्रामीणों से आपूर्ति श्रेणी बदलकर ज्यादा बिल वसूल किया गया, पर 10 माह बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने जवाब दाखिल नहीं किया है।

मालूम हो कि शहरों के निकट ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित कर बिल वसूलने के मामले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बीते दिन अवमानना याचिका दाखिल की थी, जिसमें कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी, साथ ही, 2023 के प्रकरण में जवाब न देने पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी।

### किसी भी दशा में लागू नहीं होने दिया जाएगा प्रस्तावः अवधेश

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं समेत किसानों से वसूल की जाने वाली फुल कास्ट का कुछ भाग सरकार सब्सिडी के रूप में कारपोरेशन के खजाने में भेजती है। यह लगभग 14000 करोड़ सालना से अधिक है। बिल का शेष भाग ग्रामीण जमा करते हैं। ऐसे में ग्रामीण फीडर को शहरी घोषित करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में ग्रामीण फीडर को शहरी घोषित करने का प्रस्ताव लागू नहीं होने दिया जाएगा।

# आयोग ने मूर्तिकार आत्महत्या प्रकरण का लिया स्वत : संज्ञान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के मूर्तिकार द्वारा फेसबुक लाइव हो जहर खाकर जान देने के मामले में उप्र मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने जिला प्रशासन एवं पुलिस कमिश्नरेट से प्रकरण की सभी पहलुओं पर जांच करते हुए दो हफ्ते में जांच आख्या तलब की है।

बतादें कि ठाकुरगंज के शेखपुर निवासी मूर्तिकार रजनीश रावत उर्फ गोलू (28) ने गत 8 जून को फेसबुक लाइव पर आकर जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। इस दौरान उसने हुसैनबाड़ी निवासी व्यापारी रामू, उसकी पत्नी और पुलिसकर्मी कुलदीप पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। रामू ने लाइव आकर कहा था कि रामू के यहां वह काम करता है। रामू पर उसकी मजदूरी के 25 हजार रुपये बकाया है। रुपये मांगने पर उसने अपनी पत्नी और पांच साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद उसी के खिलाफ रिंग रोड चौकी पर तहरीर दे दी। पुलिसकर्मी अब उसे परेशान कर रहे हैं। परेशान होकर अब वह जान दे रहा है।

**▸▸ लखनऊ जिला प्रशासन एवं पुलिस कमिश्नरेट को भेजा नोटिस**

इस प्रकरण पर पुलिस द्वारा मृतक रजनीश रावत के पिता को भी थाने बुलाकर परेशान करने के आरोप लगे थे। उधर, इस घटना के बाद कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। मंगलवार की देर शाम उप्र. राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान ले लिया। आयोग के सदस्य ब्रजभूषण शर्मा ने लखनऊ के जिला प्रशासन और कमिश्नरेट पुलिस को आदेश दिया है कि दो हफ्ते के अंदर पूरे प्रकरण की जांच कराकर आख्या आयोग भेजी जाए।

# ट्रैकिंग डिवाइस से लैस होंगे प्रवर्तन दस्ते के वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लखनऊः** राज्य प्रवर्तन दस्ते के वाहन जीपीएस ट्रैकिंग व व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग (वीएलटी) डिवाइस से लैस होंगे। साथ ही, इस डिवाइस को वाहनों में सही तरीके से संचालित करने के लिए डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जाएगा। बतादें कि सीएम योगी के निर्देश पर राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े के उच्चीकरण की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी, जिसे क्रियान्वित करते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सर्विस प्रोवाइडर संस्था नियुक्त किया गया है। श्रीट्रॉन में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े को अपग्रेड करने का मौका कार्यावंटन के बाद मिलेगा।

**▸▸ कई अन्य टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन की प्रक्रिया भी शुरू**

इसी प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है और जून माह के अंत से प्रक्रिया पूरी तरह क्रियान्वित हो जाएगी।

**223 जीपीएस डिवाइसेस को किया जाएगा इंस्टॉलः** अपग्रेडेशन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के प्रवर्तन वाहन बेड़े की गाड़ियों पर 223 जीपीएस लोकेशन व वीएलटी डिवाइस को इन्सटॉल किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने के अतिरिक्त एक आधुनिक डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर व वेबसाइट बेस्ड इंटरफेस भी डेवलप किया जाएगा। यह ट्रैकिंग के साथ ही डैशबोर्ड, डेटाबेस व मैप एक्सेसिबिलिटी के साथ ही लाइसेंस और पूर्ण वीएलटी समाधान के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर को स्थापित वीएलटी उपकरणों से प्राप्त डेटा को कैप्चर, स्टोर, प्रोसेस, विश्लेषण और प्रदर्शित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज इनेबल्ड किया जाएगा।

### रियल टाइम एक्सेसिबिलिटी से लैस होगा सॉफ्टवेयर

बैकएंड सॉफ्टवेयर को डिजिटल मैप पर वाहन की आवाजाही की रियल टाइम ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग के लिहाज से डेवलप किया जाएगा। वाहन ट्रैकिंग डिवाइस को ओवर-द-एयर (ओटीए) कन्फीगर करने की क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर दरअसल एक वेब-आधारित एप्लीकेशन होगा, जिसे विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे वर्क स्टेशन, लैपटॉप, टैबलेट कंप्यूटर, मोबाइल फोन आदि पर एक्सेस किया जा सकेगा।

### रेरा ने बिल्डर को तलब कर आवंटी को दिलाया कब्जा

अमृत विचार : गौतमबुद्ध नगर में एक आवंटी को शर्तों के मुताबिक बिल्डर ने फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया। साथ ही उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के न्यायनिर्णायक अधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया। इस पर पीठ ने बिल्डर को तलब करके फ्लैट की चाबी आवंटी को सौंप कर कब्जा दिलाया। आवंटी मेराज अंसारी ने 2010 में मेसर्स उत्तम स्टीलस एंड एसोसिएटस (कंसोर्टियम) की ईकाई में एक फ्लैट बुक कराया था। लेकिन, तय समय पर बिल्डर ने कब्जा नहीं दिया। इस पर आवंटी ने 2019 में बिल्डर के खिलाफ रेरा में शिकायत दर्ज कराई। इसकी सुनवाई न्यायनिर्णायक अधिकारी आरपी सिंह ने करते हुए नियम-24 के तहत आवंटी को कब्जा देने का आदेश दिया। लेकिन, बिल्डर ने बराबर उल्लंघन किया। इस पर नाराजगी जताते हुए पीठ ने बिल्डर को तलब किया और आवंटी को उसके फ्लैट की चाबी देकर कब्जा दिलाया।

## रायपुर जेल के बाहर उप्र. एसटीएफ के साथ बवाल

**अमृत विचार, लखनऊः** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित 2000 करोड़ के शराब घोटाले के मामले में आरोपी अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से जमानत मिलते ही उप्र. एसटीएफ ने उसे जेल से निकलते ही जेल परिसर से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान जेल के बाहर खूब हंगामा हुआ। हालांकि किसी प्रकार एसटीएफ अनवर को लेकर मेरठ के लिए रवाना हुई।

बतादें कि छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले केस में एसीबी ने मुकदमा पंजीकृत किया था। उस पर हाईकोर्ट की ओर से 14 जून को आरोपी अनवर ढेबर को जमानत दे गई थी। शराब घोटाले में नोएडा स्थित एक शराब कंपनी में होलोराम बनाए जाने के मामले में स्थानीय पुलिस प्रकरण की जांच कर रही थी। इस प्रकरण में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को कस्टडी में लेने के लिए नोएडा पुलिस द्वारा दो प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया था। इसमें दो आवेदन ईओडब्ल्यू कोर्ट और एक ईडी कोर्ट में पेश किया गया था। बतादें कि जुलाई 2023 को नकली होलोग्राम मामले में ईडी के उपनिदेशक ने नोएडा के कासना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# वर्दी भत्ता व प्रोन्नति में पीपीएस उपेक्षित

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस संगठन में पीपीएस कैडर सबसे महत्वपूर्ण है। जनसुनवाई पर्यवेक्षण व अभियोजन के कार्यों में इस कैडर के बिना कार्य करना आसान नहीं है। सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक लगभग साढ़े तीन लाख की संख्या के पुलिस बल का अनुशासन व कर्तव्य निष्ठा पीपीएस कैडर के अभाव में सुनिश्चित करना कठिन है।

सरकार द्वारा पुलिस विभाग में सिपाही से लेकर डीजीपी तक को वर्दी भत्ता दिया जाता है। लेकिन, इस मामले में पीपीएस अफसर घोर उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। फॉलोअर दो हजार रुपये प्रतिवर्ष, सिपाही तीन हजार रुपये प्रतिवर्ष वर्दी भत्ता पाते हैं। इसी प्रकार आईपीएस अफसरों को प्रतिवर्ष 20 हजार रुपये वर्दी भत्ता मिलता है। जबकि पीपीएस अफसरों को 914 रुपये प्रतिवर्ष की दर से सात साल बाद 6400 रुपये वर्दी नवीनीकरण के लिए मिलता हैं। इस मामले में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि यह मुद्दा सिर्फ रुपये से नहीं, बल्कि सम्मान से जुड़ा हुआ है। उनका कहना था कि या तो सरकार वर्दी भत्ता समाप्त कर दे या फिर इसका निर्धारण वर्दी पहनने की आवश्यकता अनुसार तार्किक दरों पर तय करें। यह भी बताया कि पूर्व में पुलिस मुख्यालय ने इस मामले का प्रस्ताव भेजा था, परंतु शासन की उपेक्षा का शिकार होकर पत्रावली वापस लौट आई।

**▸▸ आईपीएस को प्रतिवर्ष 20 हजार, जबकि पीपीएस अफसर को 914 रुपये दिया जाता है वर्दी भत्ता**

पीपीएस कैडर के अधिकारियों के प्रमोशन में काफी विलंब होता है। उनका वर्दी भत्ता भी न के बराबर है। इस कैडर के अफसरों की भर्ती में भी अनियमितता है। कभी अधिक तो कभी कम संख्या में अधिकारियों की भर्ती होती है। सरकार भी इनके प्रति उदासीन है। **-सुलखान सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक**

कहने को तो अनुशासित पुलिस बल में संघ या यूनियन बनाने में प्रतिबंध है।लेकिन, पीपीएस कैडर के अधिकारियों ने अपना एक संगठन बना रखा है। जो वर्तमान समय निष्क्रिय होने के साथ-साथ अपनी दुर्दशा पर रोने तथा एक दूसरे को सांत्वना देने तक ही सीमित रह गया है। कैडर की समस्याओं के मुद्दे पर एसोसिएशन के एक पदाधिकारी का कहना हैं कि राज्य लोक सेवा आयोग से एक साथ भर्ती होने के बावजूद पीसीएस अधिकारी अपने सेवा संबंधी लाभों में पीपीएस अफसर से दस वर्ष आगे निकल गए हैं। उदाहरण के तौर पर जैसे 1994 बैच के पीपीएस अफसर आईपीएस कैडर में प्रमोट हुए हैं। जबकि 2004 बैच के पीसीएस अधिकारी आईएएस अफसर बना दिए गए हैं। इसी प्रकार 30-31 साल सेवा करने के बावजूद पीपीएस अफसर 12000 ग्रेड-पे स्केल लेवल-15 में कोई पद नहीं पा रहे हैं। जबकि पीसीएस अधिकारी 10 पद इस वेतनमान में पाते रहे हैं। 10 हजार रुपये ग्रेड-पे वेतनमान में पीपीएस अफसरों के 10 पद हैं, जबकि पीसीएस के 65 पद हैं। इसी तरह 8900 ग्रेड-पे में पीपीएस के 27 पद हैं, जबकि पीसीएस के 110 पद हैं। 8700 ग्रेड-पे में पीपीएस के 67 पद, जबकि पीसीएस के 200 पद हैं। 7600 ग्रेड-पे में पीपीएस के 182 पद हैं, जबकि पीसीएस के 250 पद हैं। इस प्रकार देखा जाए तो वित्तीय क्षेत्र में भी पीपीएस अफसर कम वेतन पा रहे हैं जो की सार्वजनिक रूप से उनका मनोबल तोड़ने वाला है।

> वर्दी भत्ता के मामले में पीपीएस के नये अफसरों का मनोबल बढ़ाने के लिए आनुपातिक रूप से बराबर होनी चाहिए।
> **-शशि शेखर, पीपीएस एसोसिएशन**

## इमामबाड़े में तोड़फोड़ और अवैध निर्माण रोकने का आदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली में किला स्थित इमामबाड़ा वक्फ नवाब मोहम्मद हुसैन खां में तोड़फोड़ नहीं होगी। सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ अंजना सिरोही ने अमृत विचार में प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए तत्काल तोड़फोड़ रोकने और अवैध कब्जे को हटाने के आदेश दिए हैं।

इमामबाड़े को अपनी सम्पत्ति बताकर पिछले कई दिन से ताहिर जैदी, नदीम जैदी और हुमा जैदी तोड़ रहे थे। अपने आदेश में सहायक सर्वे आयुक्त वक्फन ने कहा है कि इमामबाड़ा किला बरेली की आराजी पर किए जा रहे अवैध कब्जे और निर्माण के प्रयास को रोकने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। उप जिलाधिकारी सदर और बरेली के अपर नगर आयुक्त को दिए आदेश में कहा गया है कि वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ में तहव्वर अली बनाम उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के बीच चले मुकदमे में वक्फ न्यायाधिकरण के आदेश पर शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने 17 दुकानों को वक्फ रजिस्टर से हटा दिया था लेकिन इमामबाड़ा तो अभी भी वक्फ अभिलेखों में दर्ज है। वक्फ संख्या टी-1115 इमामबाड़ा मजलिस इत्यादि के लिए है।

## वर्ग पहेली-106

**बाएं से दाएं**

1.1. थन या स्तन पर होने वाला फोड़ा 2. गुबरैला जाति का कीड़ा।

2.1. एक काला खनिज पदार्थ जो आग जलाने और बिजली उत्पन्न करने के काम आता है 2. लकड़ी के जल चुकने के बाद बचा काले रंग का ठोस अंश जो आग जलाने के काम आता है।

5. जिसका कोई नियम न हो; अनियमित; जो नियम विरुद्ध हो; सिद्धांतहीन।

6.1. स्त्रियों द्वारा पहना जाने वाला वह पहनावा जो शरीर के ऊपरी भाग (वक्षस्थल) को ढँकने के लिए प्रयुक्त होता था तथा जिसमें नीचे की ओर लगी हुई तनियाँ या बंद पीठ की ओर खींचकर बाँधे जाते थे; अँगिया की तरह का स्त्रियों का एक पहनावा 2. अँगरखे आदि का वह ऊपरी भाग जिसमें बंद लगे रहते हैं 3. साधु-संतों आदि के पहनने का छोटा चोला। [मु.] -दामन का साथ : अभिन्न

7. एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियाँ दवा बनाने में प्रयुक्त होती हैं; भारंगी।

8.1. प्रतिध्वनि करने वाला 2. प्रतिध्वनिमूलक 3. गुंजायमान; गूँज पैदा करने वाला।


9.1. चटनी

**ऊपर से नीचे**

2. नीले फूलों वाली एक वनस्पति जो पुरानी झीलों या तालाबों में उगती है; नीली कुमुदिनी।

3. ज़्यादा समय तक पानी में रहने के कारण पैरों में उत्पन्न होने वाला खुजली का रोग।

4. खंजन के आकार की एक चिड़िया।



### वर्ग पहेली -105 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आँ | ग | न | | 2 चां | | 3 तो |
| गु | | | 4 गुं | डा | शा | ही |
| ल | | 5 दे | | लि | | न |
| | 6 सा | व | धा | नी | | |
| | | वा | | | 7 प | |
| 8 ए | का | द | शी | | शु | |
| | | | | 9 ख़ि | ता | बी |

## सुडोकू -19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 6 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | 6 | 7 | | | 3 |
| | | | | 1 | | 5 | 9 | |
| 4 | | | 5 | 3 | | | 6 | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | | 8 | 6 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | 2 | | | | |
| 9 | | | 3 | 7 | 5 | | | |
| 7 | | | 1 | | | 6 | | 4 |

### सुडोकू - 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी-07.49 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज पारिवारिक मामलों में लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है। आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियों को लेने से बचें। बच्चों का व्यवहार परिवार के बड़ों को व्यथित कर सकता है।

**वृष** – आज जीवनसाथी के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। रुका हुआ सरकारी काम किसी राजनीतिक प्रभाव से हो सकता है। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को संभाल लेंगे। व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में स्थायित्व देखने को मिलेगा।

**मिथुन** – आज किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। व्यापार में नया अनुबंध कर सकते है। परिजनों के प्रति आपके स्नेह में वृद्धि होगी। घर की जरूरतों का ध्यान रखें।

**कर्क** – आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियों का आपके ऊपर दबाव हो सकता है। गरिष्ठ भोजन के सेवन से पेट में इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** – आज खाली समय में कोई उपन्यास वेब सीरीज आदि में समय बिता सकते हैं। दिखावा करने की प्रवृत्ति के कारण लज्जित न होना पड़े, इसका ध्यान रखें। अपनी तरक्की को लेकर थोड़े शिकायती हो सकते हैं। कर्मचारियों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है।

**कन्या** – आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**तुला** – आज परिवार में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं। आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव होगा। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा।

**वृश्चिक** – आज इच्छित जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। सामाजिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे।


**धनु** – आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। वैवाहिक जीवन भी कुछ तनावपूर्ण हो सकता है। आपको शांत रहना चाहिए। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय खराब न करें।

**मकर** – आज दूसरों के मामलों में ज्यादा ताक-झांक न करें। लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। प्रेम संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। थोड़ी सी मेहनत में उत्तम परिणाम अर्जित कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं। अपनी कार्यशैली को लेकर पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। ग्रह स्थिति आपके लिए अनुकूल है। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छा शक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे।

**मीन** – आज देव आराधना और विचार मनन को आप समय देंगे। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से संभल कर रहना चाहिए।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 18.10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | प्यार के काबिल | सुबह : 09.00 |
| B4U Movies | तहजीब | रात : 09.00 |
| Sony Pix | एज ऑफ टूमारो | सुबह : 11.08 |
| Sony Pix | सुपरमैन रिटर्न्स | रात : 09.00 |
| &pictures | हीरो हिन्दुस्तानी | सुबह : 11.05 |
| &pictures | गली बॉय | रात : 08.00 |
| Zee Cinema | बिरजू पंडित | सुबह : 09.01 |
| Zee Cinema | राक्षसी | शाम : 05.58 |
| Colors Cineplex | बेटा | सुबह : 11.26 |
| Colors Cineplex | दोस्ताना | शाम : 06.00 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी-अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7800-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16700-16800 |
| अरहरस्पेशल1 | 14200-14300 |
| चनादाल | 8100-8200 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000-13300 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8100-9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1460 |
| सूजी | 1440-1460 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1360-1400 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत 63वें स्थान पर

## विश्व आर्थिक मंच ने कहा-सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा, भारत ने किया है सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। डब्ल्यूईएफ ने कहा है कि भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है।

डब्ल्यूईएफ के मुताबिक स्वीडन के बाद डेनमार्क, फिनलैंड, स्विटजरलैंड और फ्रांस शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। चीन का स्थान 20वां है। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश तीन ऊर्जा



प्रणाली प्रदर्शन आयाम - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में से कम-से-कम एक में पिछले साल की तुलना में पिछड़ गए हैं। भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए डब्ल्यूईएफ ने कहा कि देश ऐसे नतीजे देने में अग्रणी रहा है जिन्हें अन्य स्थानों पर दोहराया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि सरकारें जागरूकता पैदा करने और नीतिगत हस्तक्षेप पर भी विचार कर सकती हैं। इसमें ऊर्जा-दक्ष निर्मित बुनियादी ढांचे के लिए दिशानिर्देश और रेट्रोफिटिंग के लिए प्रोत्साहन शामिल है। इसमें कहा गया-विकासशील दुनिया के पास नियमों को फिर से लिखने और ऊर्जा मांग को सफलतापूर्वक बदलने का रास्ता दिखाने का अवसर है।' चीन और भारत की भूमिका पर डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक आबादी की लगभग एक-तिहाई के साथ ये दोनों देश आगे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### ऊर्जा बदलाव में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा अडाणी समूह : गौतम अडाणी



अडाणी समूह ऊर्जा बदलाव परियोजनाओं और विनिर्माण क्षमता में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को यह जानकारी दी। समूह का मकसद हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी सभी प्रमुख कलपुर्जों का विनिर्माण करना है। सूर्य की रोशनी से बिजली का उत्पादन करने के लिए सौर पार्क और पवन फार्म बनाने के अलावा समूह हरित हाइड्रोजन, पवन ऊर्जा टर्बाइन और सौर पैनल बनाने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रहा है। हरित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइजर की मदद से पानी से हाइड्रोजन को विभाजित करके बनाया जाता है। क्रिसिल द्वारा आयोजित बुनियादी ढांचा-भारत के भविष्य के लिए उत्प्रेरक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अडाणी ने कहा कि ऊर्जा बदलाव और डिजिटल बुनियादी ढांचा अरबों डॉलर के अवसर हैं।

## एशियाई विकास बैंक देगा 17 करोड़ डॉलर का नीति आधारित ऋण

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी और भविष्य की महामारियों से निपटने की क्षमता में सुधार के लिए 17 करोड़ डॉलर के नीति-आधारित ऋष्ा देगा। एडीबी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इस ऋष्ा को मंजूरी दे दी गई है।

लचीले और परिवर्तनकारी स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए सुदृढ़ और सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 का समर्थन करेगा, जिसका उद्देश्य सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करना है। एडीबी की वरिष्ठ स्वास्थ्य विशेषज्ञ सोनालिनी खेत्रपाल ने कहा-कोविड-19 महामारी ने हमें मूल्यवान सबक सिखाए हैं और कई नवीन प्रथाओं को अपनाया है जो समेकित, निरंतर और संस्थागत होने पर महामारी की तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं को काफी मजबूत करेंगे।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने विदेश से भारत में शुरू की धनप्रेषण सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीपीबी के सीईओ आर विश्वेश्वरन ने दी जानकारी

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने यूरोनेट के रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में विदेशों से भारत में धनप्रेषण शुरू कर दिया है। आईपीपीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आर विश्वेश्वरन ने कहा कि विदेश से धन पाने वाले व्यक्ति को खाते में राशि आने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा और केवल प्रेषक को ही रिया मनी को धनप्रेषण शुल्क देना होगा। विश्वेशरन ने कहा-हमारा उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं के दायरे में शामिल लोगों की अड़चनों को दूर करना है। हम अब रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में 25,000 स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय धनप्रेषण सेवा शुरू कर रहे हैं। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 1.65 लाख से अधिक स्थानों वाले हमारे समूचे नेटवर्क को शामिल कर लिया जाएगा।

डाक विभाग के तहत संचालित भुगतान बैंक आईपीपीबी के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस सेवा के माध्यम से धन पाने वालों के पास अपनी पसंद के आधार पर पूरा धन या आंशिक राशि निकालने का विकल्प होगा। विश्वेश्वरन ने कहा-विदेश से धन पाने वालों के पास अपने आईपीपीबी खाते में धन भेजने का विकल्प भी होगा। यह एक कागज-रहित प्रक्रिया है। बायोमेट्रिक का उपयोग करके वे इस राशि को निकाल सकते हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

# कृषि क्षेत्र में कौशल विकास के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच कृषि कौशल के क्षेत्र में परिचालित पायलट परियोजनाओं के निष्कर्षों पर गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी की और इनको उपयोगी बताया गया है।

मंत्रालय की बुधवार को जारी बयान के अनुसार इस सम्मेलन में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा-व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग के परिणाम सामने आ गए हैं और यह परियोजना के महत्व का एक और प्रमाण है। तिवारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, खाद्य सुरक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऑस्ट्रेलिया-भारत महत्वपूर्ण कृषि कौशल परियोजना जैसे निरंतर प्रयासों से हम सुनिश्चित करते हैं। अतुल कुमार तिवारी और नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के प्रभारी वाणिज्य दूत मैथ्यू जॉनसन के नेतृत्व में, गोलमेज सम्मेलन में इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की।

## जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग कराधान पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद शनिवार को होने वाली बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकती है। इनमें ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और संबंधित पक्ष सेवाओं पर कंपनी गारंटी के अलावा दूरसंचार कंपनियों के भुगतान की गई स्पेक्ट्रम फीस पर कर लगाने का मुद्दा भी शामिल है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में माल और सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) की रिपोर्ट पर चर्चा होने की संभावना है।

# खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बन रही बाधा

**मुंबई, एजेंसी**

- आरबीआई के बुलेटिन में कही गई बात

खुदरा महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है लेकिन खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बाधा बन रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया।

अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से जून, 2024 के बुटेलिन में प्रकाशित लेख में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि मजबूत थी और कई केंद्रीय बैंकों ने अपने-अपने देशों में मुद्रास्फीति में गिरावट को देखते हुए कुछ नरम




मौद्रिक नीति की ओर रुख किया है। उच्च आवृत्ति वाले संकेतक (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई, पीएमआई आदि) बताते हैं कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर मोटे तौर पर उससे पिछली तिमाही में हासिल की गई गति को बनाए रखेगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे इस लेख में कहा गया है कि इसके अलावा, दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले आने से कृषि की संभावनाएं सकारात्मक हो रही हैं। लेख में लिखा गया है, खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का कारण मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति (ईंधन और खाद्य वस्तुओं को छोड़कर) में निरंतर कमी आना है।



## एक नजर

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई गई

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में 14 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सेंथिल बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अल्ली के समक्ष पेश किया। सुनवाई के बाद सत्र न्यायाधीश ने उनकी न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी।

### राइफल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**भद्रवाह/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की राइफल छीनने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि विशेष पुलिस अधिकारी से छीना गया हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को डोडा से एसपीओ की ए के-47 राइफल छीनने वाले मोहम्मद रफी का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि रफी को पुलिस एवं सेना की संयुक्त टीम ने मसरी वन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# सिक्किम में 1,225 फंसे हुए पर्यटकों को निकाला गया

## अधिकारियों ने बताया-सेना, एनडीआरएफ और स्थानीय लोगों की मदद से संयुक्त रूप से चलाया गया अभियान

**गंगटोक, एजेंसी**

सिक्किम के लाचुंग में फंसे 1,225 यात्रियों को अब तक निकाल लिया गया है। अभियान के तीसरे दिन बुधवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से लाचुंग पहुंचे कुल 1,225 पर्यटकों को मंगलवार देरात तक निकाल लिया गया है। वे 12 जून से बारिश और भूस्खलन के बाद ऊपरी क्षेत्र में फंस गए थे। यह अभियान भारतीय सेना, सीमा सड़क संगठन, सिक्किम पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन मोचन (एनडीआरएफ), डीएमजी, स्थानीय लोगों और पर्यटन उद्योग के अन्य हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया।



उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन के बाद फंसे पर्यटकों को बचाते बीआरओ कर्मी। ● एजेंसी

लाचुंग उत्तरी सिक्किम का एक सीमावर्ती गांव है और यह समुद्र तल से 9,600 फीट या 2,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह गर्मियों के दौरान मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है, क्योंकि यह क्षेत्र आमतौर पर सर्दियों के दौरान बर्फ से ढका रहता है। यह क्षेत्र पर्यटन उद्योग 90 के दशक की शुरुआत में पर्यटकों के लिए खोला गया था, तब से यह नकदी समृद्ध व्यवसाय है। लाचुंग गंगटोक से लगभग 115 किलोमीटर उत्तर में है और भारत की रक्षा के लिए एक बहुत ही रणनीतिक स्थान है। इसके दूसरी तरफ चीन है। एडीएम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कुल 1,225 पर्यटक मंगन पहुंचे। परिवहन विभाग के अंतर्गत मोटर वाहन प्रभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों की सहायता से पर्यटक कारों से उन स्थानों तक पहुंचने में सफल रहे।

### चिकित्सा टीमों ने चिकित्सा सहायता बूथ स्थापित किए

अधिकारी ने बताया है कि चिकित्सा टीमों ने चिकित्सा सहायता बूथ स्थापित किए हैं और जरूरतमंद निवासियों और पर्यटकों को चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहे हैं। अब तक 115 से अधिक लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है, जिसमें हाई एल्टीट्यूड पल्मोनरी एडिमा और एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से पीड़ित लाचुंग के एक 24 वर्षीय व्यक्ति की जीवनरक्षक आपातकालीन संकट कॉल भी शामिल है। सभी जरूरतमंद लोगों को इस महत्वपूर्ण समय में राशन और अन्य रसद सहायता भी प्रदान की गई हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, "भारतीय सेना के इंजीनियर संपर्क बहाल करने के लिए जनशक्ति और सामान उपलब्ध कराकर बीआरओ को सहायता प्रदान कर रहे हैं। भारतीय सेना सभी फंसे हुए पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

# महापुरुषों की प्रतिमाओं को पुराने स्थान पर स्थापित किया जाए : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष ने बिरला और धनखड़ को लिखा पत्र

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर आग्रह किया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और कई अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं को उस पुराने स्थल पर फिर से स्थापित किया जाए, जहां से हटाकर उन्हें दूसरे स्थान पर ले जाया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति को संबोधित अपने पत्र में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं की प्रतिमाओं को बिना किसी परामर्श के मनमाने ढंग से एक अलग कोने में स्थानांतरित कर दिया गया है और यह लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। उनका कहना है, मैं सबसे पहले इस बात पर जोर



देना चाहता हूं कि इन मूर्तियों को मनमाने ढंग से, बिना किसी परामर्श के हटाना, हमारे लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। इसका उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि पूरे विचार-विमार्श के बाद महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। खरगे ने अलग-अलग भेजे गए अपने पत्र में कहा कि संसद परिसर में प्रतिमाओं के स्थान का अत्यधिक मूल्य और महत्व है।

## एनएचआरसी ने श्रमिक विरोधी चलन को लेकर केंद्र को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के मानेसर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में कथित तौर पर "श्रमिक विरोधी गतिविधियों" को लेकर केंद्र को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आयोग ने कहा कि एक प्रकाशित समाचार की सामग्री अगर सही है तो यह श्रम कानूनों तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों और श्रमिकों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। एनएचआरसी ने कहा कि उसने एक मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि हरियाणा के मानेसर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में 24 वर्षीय एक कर्मचारी को शपथ दिलाई गई कि जब तक वे अपना काम नहीं कर लेंगे, तब तक कोई ब्रेक नहीं लेंगे।

# हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी पर मामला दर्ज

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे और देश के अन्य शहरों के विमानपत्तनों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल पर पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि फर्जी साबित हुए इस संदेश के बारे में दिग्गज ई-मेल सेवा प्रदाता

### ई-मेल पर दी गई थी धमकी

'जीमेल' से जानकारी भी मांगी गई है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनोद कुमार मीना ने संवाददाताओं को बताया, जीमेल के एक खाते से संदेश भेजकर मंगलवार को इंदौर और देश के अन्य शहरों के हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, जांच में यह संदेश फर्जी साबित हुआ।'' उन्होंने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी की शिकायत पर इस ई-मेल को लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (गुमनाम संचार के जरिये आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने बताया कि धमकी भरा संदेश भेजने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए जीमेल से जानकारी मांगी गई है और विस्तृत जांच जारी है।

## अभिनेत्री रितुपर्णा कोलकाता में ईडी के अधिकारियों के सामने हुईं पेश

**कोलकाता।** बांग्ला अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में जारी जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में अधिकारियों के सामने उपस्थित हुईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेनगुप्ता से उनके बैंक लेनदेन से संबंधित कुछ विशिष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था। ईडी अधिकारी ने कहा-हमारे पास अभिनेत्री के लिए कुछ प्रश्न हैं। हम अन्य विवरण का भी सत्यापन करेंगे जिनमें विशेष रूप से उनके बैंक खातों से किए गए लेनदेन का ब्योरा शामिल है। हमें इन लेनदेन के स्रोत और गंतव्य की जानकारी की जरूरत है। ईडी ने पहले अभिनेत्री से इसी मामले के सिलसिले में पांच जून को अधिकारियों के समक्ष पेश होने को कहा था।



**श्रीनगर :** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीनगर यात्रा से पहले एहतियात के तौर पर पूरे श्रीनगर और कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में सुरक्षा के मद्देनजर एसकेआईसीसी के पास तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

## बिहार में महिला नक्सली रिंकी कोड़ा गिरफ्तार

**लखीसराय।** बिहार में लखीसराय जिले के कजरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने महिला नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने बुधवार को यहां बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) मोतीलाल, सशस्त्र सीमा बल और कजरा थाना पुलिस ने राजघाट कोल से नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार रिंकी कोड़ा के विरूद्ध कजरा और चानन थाना में पुलिस के साथ मुठभेड़,गंगटिया घाट पर फायरिंग, ट्रक में आगजनी समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं।

# मप्र उच्च न्यायालय ने किशोरी का गर्भ समाप्त करने की दी अनुमति

**जबलपुर, एजेंसी**

- हाईकोर्ट ने भ्रूण संरक्षित रखने का भी दिया निर्देश

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 14-वर्षीय उस लड़की के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी है, जिसका कुछ महीने पहले राज्य के सिंगरौली जिले में कथित तौर पर अपहरण कर बलात्कार किया गया था। अदालत ने अधिकारियों को डीएनए परीक्षण के लिए भ्रूण संरक्षित रखने का भी निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति जी एस अहलूवालिया ने हाल ही में दिए अपने आदेश में कहा कि किसी भी खतरे की स्थिति में गर्भपात कराने वाले चिकित्सक और राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं होंगे तथा गर्भपात केवल पीड़िता के माता-पिता के जोखिम और खर्च पर




ही किया जाएगा। अदालत ने कहा कि पीड़िता के माता-पिता अपनी बेटी को गर्भपात की प्रक्रिया के लिए सिंगरौली के जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पास ले जा सकते हैं। अदालत ने कहा कि अगर सीएमएचओ को लगता है कि लड़की को बेहतर इलाज के लिए किसी 'मल्टीस्पेशलिटी' अस्पताल में भेजने की जरूरत है, तो वह उसे गर्भपात के लिए उक्त अस्पताल में रेफर कर सकते हैं। जिला चिकित्सा बोर्ड, सिंगरौली की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर भ्रूण में पर्याप्त असामान्यताएं हैं और चिकित्सा बोर्ड द्वारा गर्भपात को मंजूरी दी गई है तो गर्भावस्था की किसी भी अवधि में गर्भ को पंजीकृत चिकित्सक द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

भ्रूण को संरक्षित रखने का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि इसे (भ्रूण को) तुरंत जांच एजेंसी को सौंप दिया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि जांच अधिकारी को भ्रूण अपने कब्जे में लेने की तिथि से दो दिन के भीतर डीएनए फिंगरप्रिंट प्रयोगशाला में भेजने का निर्देश दिया जाता है। स्थानीय पुलिस सूत्रों के अनुसार, किशोरी इस वर्ष की शुरुआत में लापता हो गई थी और जिले के मोरवा पुलिस थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। एक महीने से अधिक समय बाद जब उसका पता चला, तो नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, जिससे पता चला कि वह गर्भवती है। पुलिस ने बाद में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बलात्कार के आरोप दर्ज किए।



# दक्षिण अफ्रीका के रबाडा ने अमेरिका का खेल बिगाड़ा

## गौस-हरमीत की साझेदारी पर डी कॉक का पावरप्ले भारी, 18 रन से हारा अमेरिका

नॉर्थ साउंड, एजेंसी



74 रन 40 गेंदें खेलकर बनाए डिकॉक ने।

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (74 रन) के धमाकेदार अर्धशतक और कप्तान एडेन मार्कराम के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 110 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के ग्रुप दो के अपने शुरूआती मैच में अमेरिका को 18 रन से शिकस्त दी।

ग्रुप चरण के सभी मैच जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 194 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट में खेल रही अमेरिका की टीम की दाद देनी होगी जो एंड्रीयस गौस (नाबाद 80 रन, 47 गेंद) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गयी थी लेकिन उसे दूसरे छोर पर विकेट गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इससे टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाकर हार गयी।

'मैन ऑफ द मैच' रहे डिकॉक ने धीमी और स्पिनरों के लिए मुफीद मानी जा रही पिच पर अमेरिका के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 40 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाकर टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक जड़ा। शीर्ष क्रम में डिकॉक की आतिशी पारी के अलावा मार्कराम ने 32 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 46 रन का योगदान दिया जिससे दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप चरण में शीर्ष क्रम के फ्लाप शो की चिंता दूर करने में मदद मिली। अंत में हेनरिच क्लासेन ने नाबाद 36 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 20 रन बनाकर पांचवें विकेट के लिए 53 रन की नाबाद साझेदारी निभायी।

अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रवलकर ने 21 रन देकर और हरमीत सिंह ने दो दो विकेट चटकाये। सह मेजबान अमेरिका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर (24 रन) का विकेट गंवा दिया जिन्हें कागिसो रबाडा (18 रन देकर तीन विकेट) ने ऊंचा खेलने के लिए उकसाया और हेनरिच क्लासेन उनका कैच लपक लिया। गौस एक छोर पर टिके थे। नीतिश कुमार (08) के पावरप्ले के अंतिम ओवर में रबाडा की गेंद पर आउट होने के बाद कप्तान आरोन जोंस खाता भी नहीं खोल सके और केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) का शिकार बने। एनरिच नोर्किया (37 रन देकर एक विकेट) ने फिर कोरी एंडरसन (12 रन) को बोल्ड किया। रबाडा ने 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते महज दो रन देकर हरमीत का विकेट झटका।

## मार्कस स्टोइनिस टी-20 में बने नंबर एक ऑलराउंडर



**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस बुधवार को अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर आईसीसी की नवीनतम टी-20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा टी-20 विश्व कप में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ।


श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। इंग्लैंड के स्पिनर राशिद शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं।

# रोमांचक मुकाबले में भारत जीता

**07** शतक के साथ स्मृति मंधाना ने की भारतीय टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज की बराबरी

**04** रन से हराकर भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली

बेंगलुरु, एजेंसी



136 रन | 120 गेंद | 18 चौके | 02 छक्के

स्मृति मंधाना (136) और कप्तान हरमनप्रीत कौर नाबाद (103) की शानदार शतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम को चार से हरा दिया हैं। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। 326 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अन्नेका बोश (18) और सुने लूस (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने मारिजेन कैप के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 184 रनों की साझेदारी हुई। जीत की ओर बढ़ रही दक्षिण अफ्रीका को 43वें दीप्ति शर्मा ने मारिजेन कैप को आउट कर बड़ा झटका दिया। मारिजेन कैप ने 94 गेंदों में 11 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 114 रनों की पारी खेली। इसके बाद पूजा वस्त्रकर ने नडीन डी क्लर्क (28) और नोंडुमिसो शंघासे (शून्य) को आउट दक्षिण अफ्रीका को दबाव में लगा खड़ा किया। हालांकि एक छोर कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट थामे खड़ी थी। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 135 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुय नाबाद 135 रन बनाये लेकिन अपनी टीम को आखिरी गेंद पर जीत नहीं दिला सकी। दक्षिण अफ्रीका की टीम 50 ओवर में छह विकेट पर 321 रन ही बना सकी और मुकाबला चार से हार गई। भारत टीम की ओर से पूजा वस्त्रकर और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। स्मृति मंधाना और अरुंधति रेड्डी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## खेल डायरी

### केन विलियमसन कप्तानी से देंगे इस्तीफा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सीमित ओवर के कप्तान केन विलियमसन करियर विस्तार के लिए अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने 2024-25 के केंद्रीय करार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में विलियमसन ने कहा कि मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट में अपने योगदान को जारी रखते हुए सभी प्रारूप में टीम को आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहता हूं। लेकिन न्यूजीलैंड समर के दौरान मेरे पास कुछ विदेशी अवसर भी होंगे, जिसके कारण मैं इस साल केंद्रीय करार को स्वीकार नहीं कर सकता।

### शॉटगन टीम में उदयपुर की माहेश्वरी का चयन

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर की माहेश्वरी चौहान ने पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय चयन समिति की मंगलवार को आयोजित बैठक के बाद आगामी पेरिस-2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय शॉटगन टीम की घोषणा कर दी गई। माहेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में शामिल होंगी। उनके नाम स्कीट इवेंट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी हैं। माहेश्वरी इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं।

### लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छुक : मार्क

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष मार्क निकोलस ने खुलासा किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग की पांच टीमों ने 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली लाड्‌र्स स्थित टीम लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जताई है। अनुभवी कमेंटेटर और लेखक मार्क अक्टूबर से स्पिरिट के चेयरमैन का पद संभालेगें हैं। मार्क ने यह खुलासा एमसीसी सीईओ गाय लैवेंडर के सदस्यों को हाल में लिखे पत्र के हवाले से किया है जिसमें उन्होंने स्पिरिट टीम में 49% हिस्सेदारी बेचने की इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की पेशकश पर स्वीकृति मांगी है।

### ओसाका, राडुकानू और कर्बर को वाइल्डकार्ड

**विम्बलडन।** पूर्व ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका, कैरोलिन वोज्नियाकी, एंजेलिक कर्बर और एम्मा राडुकानू को विम्बलडन के लिये वाइल्ड कार्ड दिये गए हैं। विम्बलडन एक जुलाई से शुरू होगा। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका और तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करेंगी। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन राडुकानू 2023 में कलाई और टखने की सर्जरी के बाद पहली बार खेलेंगी।

# कैरेबिया में अच्छा करेंगे कोहली: हेडन

नयी दिल्ली, एजेंसी



आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने बुधवार को कहा कि परिस्थितियों और विभिन्न प्रकार की पिचों का अनुभव ही विराट कोहली को विश्व स्तरीय बल्लेबाज बनाता है जिससे वह टी-20 विश्व कप के कैरेबियाई चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा 741 रन बनाने वाले विराट टी-20 विश्व कप में अभी तक ग्रुप चरण के मैच में 1, 4 और 0 ही बना सके हैं। कोहली किसी भी परिस्थिति में एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज रहे हैं। कैरेबियाई सरजमीं में आपको अपनी पारी और लक्ष्य बनाने के तरीके के बारे में सोचना होगा। सेंट लूसिया के बाहर पार स्कोर 160-170 रन है और विराट अपने पूरे अनुभव के बूते यह पता कर पायेंगे कि क्या करना है। विराट ने मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया। हर कोई इन महान चैम्पियन खिलाड़ियों को खुलकर खेलते हुए देखना चाहता है और ऐसा ही होने वाला है क्योंकि अनुभव मायने रखता है।

### एक बार ही पैदा होता है बुमराह जैसा गेंदबाज: बिशप



बिशप ने कहा कि जसप्रीत चतुर गेंदबाज है। उसके पास रफ्तार है, लेकिन वह कई गेंदबाजों की तुलना में अच्छी तरह जानता है कि अपनी 'वैरिएशन' का इस्तेमाल कहां किया जाये। उन्होंने कहा कि आपने उसे यह कहते हुए सुना होगा कि मैं हर दिन 'स्टंप हंटिंग' नहीं करता क्योंकि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मैं यॉर्कर गेंद डालता हूं और कभी वाइड यॉर्कर डालता हूं, कभी कभार परिस्थितियों को देखकर धीमी गेंद फेंकता हूँ या अपने बाउंसर का उपयोग करता हूँ। साथ ही उसका एक्शन काफी अलग है जिसमें गेंद काफी तेजी से आती है और तभी फुल टॉस गेंद पर शॉट नहीं लगते क्योंकि वह तेजी से आपके पास आती है। श्रीकांत और पीयूष चावला ने कहा कि गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में खिलाना चाहिए क्योंकि वह एक मैच विजेता हो सकते हैं। श्रीकांत ने कहा कि अगर मैं कप्तान होता तो मैं निश्चित रूप से कुलदीप यादव को खिलाता।

## बोपन्ना-इब्डेन की जोड़ी सिंच चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**लंदन, एजेंसी।** शीर्ष वरीय रोहन बोपन्ना और मैथ्यू इब्डेन की जोड़ी ने बुधवार को यहां आस्ट्रिया की एलेक्जेंडर अर्लर और लुकास मेडलर की जोड़ी पर सीधे सेटों में जीत से सिंच टेनिस चैम्पियनशिप के पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इब्डेन की भारतीय-आस्ट्रेलियाई जोड़ी ने विम्बलडन चैम्पियनशिप की तैयारी की शुरुआत करते हुए एटीपी 500 ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में 56 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और इब्डेन फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

# जीत की लय कायम रखने उतरेगी विंडीज

ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

**इंग्लैंड के खिलाफ सुपर 8 का मुकाबला आज**

शानदार फॉर्म में चल रही वेस्टइंडीज टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं। वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपराजेय है जबकि इंग्लैंड को खिताब की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की मदद की जरूरत पड़ी। ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद जोस बटलर और उनकी टीम के पास नये सिरे से शुरुआत करने का मौका है। दूसरी ओर लगातार आठ मैच जीत चुकी वेस्टइंडीज टीम ने डेरेन सैमी राष्ट्रीय स्टेडियम पर आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से हराया। एक बार फिर टीम अपने मुख्य कोच और दो बार के टी-20 विश्व कप विजेता कप्तान के नाम पर बने स्टेडियम में उस लय को दोहराना चाहेगी। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कहा कि अफगानिस्तान को हराकर इंग्लैंड को कोई संदेश नहीं देना था। उन्हें बस इतना बताना था कि वह अच्छा खेल रहे हें तो हम भी कुछ कम नहीं हैं। यह शानदार मैच होगा। वेस्टइंडीज की टीम ने एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। जरूरत पड़ने पर उसके बल्लेबाज चले हैं , फिर चाहे शेन रदरफोर्ड हो या निकोलस पूरन। इसी तरह गेंदबाजों ने भी अपना काम बखूबी किया है। सपाट पिचें और छोटी सीमारेखा होने से मैदान बल्लेबाजों की ऐशगाह साबित हुए हैं और यहां खूब रन बने हैं।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**समय :** मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से।

## टीम में शामिल हो सकते हैं चहल या कुलदीप

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को संकेत दिया कि गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के लिए अंतिम एकादश में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल में से किसी एक को शामिल किया जा सकता है क्योंकि वहां की परिस्थितियां धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल लग रही हैं। भारत ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया था क्योंकि वहां की 'ड्रॉप-इन' पिचों में असमान उछाल था जिससे तेज गेंदबाजों को मदद मिली।

# चेक को पुर्तगाल ने दी मात

लीपजिग, एजेंसी



स्थानापन्न फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ के अंतिम मिनट में किये गये गोल की बदौलत पुर्तगाल ने यूरो कप में बुधवार को चेक गणराज्य की मजबूत टीम को 2-1 हराया। जर्मनी के लीपजिग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहली सीटी बजने के बाद से ही पुर्तगाल ने गेंद अपने पास रखते हुए कई मौके बनाए। लेकिन पुर्तगाल के स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो को चेक गणराज्य की मजबूत रक्षा पंक्ति ने गोल करने का अवसर नहीं दिया। छह बार यूरो कप का फाइनल खेलने वाले रोनाल्डो ने पहले हाफ में दो बार प्रयास किया लेकिन चेकगणराज्य के गोलकीपर जिंड्रिच स्टेनक ने उन्हें विफल कर दिया। खेल ने 62वें मिनट में चेक गणराज्य के लुकास प्रोवोड ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन यह खुशी अधिक समय तक टिक नहीं सकी। सात मिनट बाद रॉबिन ह्रानाक ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, जिससे पुर्तगाल फिर से मुकाबले में आ गया। मैच धीरे धीरे ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था और इसी दौरान 92वें मिनट में फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ ने गोल दागकर पुर्तगाल को रोमांचक जीत दिला दी। मैच के बाद पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने अपनी टीम के दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की और कहा कि इस जीत में फ्रांसिस्को का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वह चेक गणराज्य के कोच इवान हसेक ने कहा कि हमने पुर्तगाल के लिए बहुत मुश्किलें खड़ी कर दीं, जो दुनिया की सबसे अच्छी टीमों में से एक है। अतिरिक्त समय में गोल खाना निराशाजनक रहा।

### सभी को एमबापे के सही होने का इंतजार

**पैडरबोर्न (जर्मनी),एजेंसी।** फुटबॉल जगत को किलियन एमबापे की नाक की चोट पर अपडेट का इंतजार है और प्रशंसक जानना चाहते हैं कि फ्रांस का यह सुपरस्टार यूरोपीय चैम्पियनशिप से कितने समय तक बाहर रहेगा। एमबापे के दो साथी खिलाड़ियों ने उनकी चोट पर सकारात्मक जानकारी दी है। मिडफील्डर एड्रियन रबियोट ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में एक अनुवादक के जरिये कहा कि नाक में फ्रेक्चर दुनिया का अंत नहीं है। विलियम सलीबा ने कहा कि उन्होंने एमबापे से बात की जो थोड़ा बेहतर महसूस कर रहे हैं।

## भारत सहित 12 टीमों ने किया 2026 विश्व कप के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी टी-20 विश्वकप समाप्त भी नहीं हुआ और 2026 टी-20 विश्व कप के लिए 12 टीमों का चयन तय हो गया है। 2026 में भी टी-20 विश्व कप भारत और श्रीलंका दो देशों में खेला जाएगा और 20 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इसके लिए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 12 टीमें चयनित हो चुकी हैं। 8 टीमें वर्ल्डकप में हिस्सा लेने के लिए आपस में भिडेंगी। मौजूदा विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते अमेरिका और अफगानिस्तान ने 2026 टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, इनके साथ ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें भी क्वालिफाई की हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने टी-20 रैंकिंग के आधार पर 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बना ली है। 2026 में होने टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी टीमों में भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं।

# अफगानिस्तान के खिलाड़ी टॉप बैटर-बॉलर

सौरभ श्रीवास्तव, बरेली

**टी-20 वर्ल्डकप**

- टॉप-10 तक कहीं नहीं है भारतीय खिलाड़ी

टी-20 वर्ल्डकप 2024 में कई उलटफेर देखने को मिला। जहां पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम पहली बार वर्ल्डकप खेल रही अमेरिका से हार गई। वहीं, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को भी कमजोर टीम से हार का सामना करना पड़ा।

18 जून को लगी मुकाबले के 40 मैच खेले जा चुके हैं। इसमें अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाते हुए सभी बड़ी टीम के स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। बात चाहे गेंदबाजी की हो या बल्लेबाजी की दोनों में ही टॉप पर अफगानिस्तान के खिलाड़ी हैं।

गेंदबाजी में जहां फजलहक फारुकी 12 विकेट लेकर पहले नंबर पर हैं, वहीं, बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज 4 मैचों में 150.48 के स्टाइक रेट के साथ 167 रन बनाकर पहले नंबर पर बने हुए हैं।

### टीम भावना से भारत ने जीते तीनों मुकाबले

इसमें कोई भी शक नहीं है कि भारत के 3 मुकाबले लो स्कोरिंग के रहे हैं। इसमें भारतीय टीम एक दिखाई दी। सभी खिलाड़ियों ने एक जुट होकर मुकाबला खेला तभी भारत ने लो स्कोर को भी विरोधी टीम को चेज नहीं करने दिया। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने 68 रन, सूर्य कुमार यादव ने 59 रन, शिवम दुबे ने 34 रन तो वहीं, अक्षर पटेल ने 20 रन बनाए। इसमें सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा ने एक-एक अर्धशतक भी जड़ा। वहीं बात करें गेंदबाजी की तो भारतीय गेंदबाजों ने रन बहुत कम दिए और विकेट भी लिए। 3 लीग मैच में हार्दिक पांड्या ने 65 रन देकर 7 विकेट, अर्शदीप ने 75 रन देकर 7 विकेट, बुमराह ने 45 रन देकर 5 विकेट और अक्षर पटेल ने 39 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लीग मुकाबलों में अभी तक टॉप-10 रहे बैटर और बॉलर में एक भी भारतीय खिलाड़ी अपनी जगह नहीं बना पाया है। पहली बार सबसे ज्यादा सिक्स लगाने में भी कोई भारतीय नहीं है। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन रिषभ पंत (96) ने बनाए।

**लीग मुकाबले में टॉप स्कोरर**

| खिलाड़ी | टीम | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज | अफगानिस्तान | 4 | 167 | 150.45 | 80 |
| निकोलस पूरन | वेस्टइंडीज | 4 | 164 | 150.45 | 98 |
| मार्कस स्टोयनिस | आस्ट्रेलिया | 4 | 156 | 190.24 | 67 |
| इब्राहिम जादरान | अफगानिस्तान | 4 | 152 | 124.59 | 70 |
| ट्रेविस हेड | आस्ट्रेलिया | 4 | 148 | 157.44 | 68 |

**लीग मुकाबले में टॉप गेंदबाज**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| फजलहक फारुकी | अफगानिस्तान | 12 | 5/9 |
| ट्रेंट बोल्ट | न्यूजीलैंड | 9 | 3/16 |
| अकील हौसेन | वेस्टइंडीज | 9 | 5/11 |
| एनरिक नॉत्या | साउथ अफ्रीका | 9 | 4/7 |
| तंजीम हसन | बांग्लादेश | 9 | 4/7 |

### अमेरिका में सभी मुकाबले लो-स्कोरिंग रहे

वर्ल्डकप और पिच पर रन न बने ये बहुत ही कम देखने को मिलता है। ऐसे में अमेरिका में ग्रुप स्टेज के 16 मुकाबले 3 शहरों में खेले गए। इनमें 9 मैच चेज करने वाली और 3 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते। एक मैच टाई रहा, जबकि 3 मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे। यहीं, 12 बार टीमें 120 रन से कम ही बना सकी। इसमें भी 2 बार 100 रन से कम बने, लेकिन सभी मुकाबलों में कांटे की टक्कर देखने को मिली।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- संयुक्त राष्ट्र के चौथे समीक्षा सम्मेलन में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने चिंता व्यक्त की

पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे आतंकवादी समूहों को हथियार विहीन करने के लिए एक ठोस अभियान चलाने का आग्रह किया है। मंगलवार को छोटे और हल्के हथियारों पर कार्रवाई कार्यक्रम के संबंध में संयुक्त राष्ट्र के चौथे समीक्षा सम्मेलन में राजदूत मुनीर अकरम ने टीटीपी जैसे आतंकवादी समूहों द्वारा आधुनिक और परिष्कृत छोटे हथियारों की खरीद और इस्तेमाल पर पाकिस्तान की गंभीर चिंता व्यक्त की।

टीटीपी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है जो पूरे पाकिस्तान में शरिया शासन स्थापित करना चाहता है। 'डॉन' न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि इन हथियारों की तस्करी, स्थानांतरण को रोकने के लिए कदम उठाना संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और वैश्विक संस्था की जिम्मेदारी है।

### पाकिस्तान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत देश के कई हिस्सों में बुधवार को 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक जान-माल के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है।

## रामफोसा ने राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**जोहानिसबर्ग।** सिरिल रामफोसा ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। उनकी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) पिछले महीने हुए चुनाव में बहुमत हासिल नहीं कर पायी थी। पिछले महीने हुए चुनावों में रामफोसा की एएनसी ने 30 साल में पहली बार अपना संसदीय बहुमत खो दिया। हालांकि, एएनसी और डेमोक्रेटिक अलायंस ने अपनी प्रतिद्वंद्विता को दरकिनार करके गठबंधन सरकार बनाने के लिए ऐतिहासिक समझौता किया। चुनाव में एएनसी को 40 प्रतिशत वोट मिले, जबकि डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) 22 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहा।



### कितना तापमान सह सकता है मानव शरीर

वैज्ञानिकों के अनुसार मानव शरीर के तापमान की एक सीमा 36 से 37.5 डिग्री के भीतर सबसे अच्छा काम करता है। एक बार 40 डिग्री तक पहुंचने पर यह कम आर्द्रता के स्तर के साथ खतरनाक हो सकता है। अब चूंकि तापमान 50 डिग्री के करीब है तो स्थिति गंभीर है।

# हीट वेव बनी खतरे की घंटी

चिलचिलाती धूप और लू के चलते लोगों का बुरा हाल है। भीषण गर्मी के कारण बूढ़े और बच्चों को अधिक खतरा है। वहीं हीट वेव भी अब किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। हीट वेव के चलते सभी वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि कैसे इससे बचाव कर सकते हैं।

### क्या है हीट वेव

हीट वेव में बहुत ज्यादा हाई तापमान हो जाता है। जिसके संपर्क में आने पर मानव शरीर के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। हीट वेव की परिभाषा विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होती है और इसके लिए एक खास तापमान सीमा तय की जाती है। कुछ देश हीट इंडेक्स को हीट वेव मापने के लिए इस्तेमाल करते हैं, जिसमें तापमान और ह्यूमिडिटी दोनों के स्तरों को ध्यान में रखा जाता है।

### भारत में कैसे तय की जाती है हीटवेव

भारत में लू की घोषणा तब की जाती है, जब किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है या उससे ज्यादा हो जाता है। ये तापमान सीमाएं उन स्थितियों की पहचान करने के लिए तय की गई हैं, जो संभावित रूप से गर्मी से संबंधित बीमारियों और मौत का कारण बन सकती हैं।

### हीट वेव से ऐसे करें बचाव

गर्मियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। अगर जरूरी काम से निकलें तो छाता या पानी की बोतल जरूर साथ में रखें। हल्के रंग, ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से बचें। हाई प्रोटीन फूड्स से बचें और बासी भोजन खाने से परहेज करें। बीमारी या बेहोशी का लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर की मदद लें।

## एक नजर

### संस्कृति मंत्रालय और एएसआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिव्यांग लोगों के लिए मुख्य आयुक्त के कार्यालय ने व्हीलचेयर का उपयोग करने वालों और कम गतिशीलता वाले लोगों को ईसा खान मकबरा जाने में परेशानी को लेकर संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नोटिस जारी किया है। मुख्य आयुक्त ने संस्कृति मंत्रालय और एएसआई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 75 और 77 का हवाला देते हुए नोटिस जारी किया गया है। मुख्य आयुक्त ने मंत्रालय और एएसआई को 30 दिन के भीतर अपनी टिप्पणी और प्रासंगिक दस्तावेज पेश करने को कहा है। इसमें कहा गया है कि अनुपालन नहीं करने पर मामले में एकतरफा फैसला किया जा सकता है।

### बांग्लादेश में भूस्खलन से नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी शहर कॉक्स बाजार में बुधवार तड़के भारी बारिश के कारण रोहिंग्या शिविरों में भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गयी और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। अतिरिक्त शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद समसुद्दुजा ने संवाददाताओं को बताया कि भूस्खलन ढाका से लगभग 292 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कॉक्स बाजार जिले के शिविर संख्या नौ और 10 में हुआ। उन्होंने बताया कि रोहिंग्या लोग कॉक्स बाजार जिले के 33 शिविरों में रह रहे हैं, जहां मंगलवार से भारी बारिश हो रही है। समसुद्दुजा ने बताया कि अधिकारी जोखिम भरी पहाड़ी ढलानों पर रह रहे लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं।

### नोबेल शांति पुरस्कार विजेता की सजा बढ़ायी

**दुबई।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सजा एक साल बढ़ा दी गई है। उनके वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोहम्मदी की गतिविधियों को लेकर सजा बढ़ायी गयी है। मोहम्मदी के वकील मुस्तफा निली ने कहा कि उनकी मुवक्किल को व्यवस्था के खिलाफ दुष्प्रचार करने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। यह सजा नरगिस मोहम्मदी द्वारा मतदाताओं से ईरान के हालिया संसदीय चुनाव का बहिष्कार करने का आग्रह करने, यूरोप के सांसदों को पत्र भेजने तथा एक अन्य ईरानी पत्रकार और राजनीतिक कार्यकर्ता को दी गयी यातना के बारे में टिप्पणी करने के बाद दी गई है। नरगिस मोहम्मदी (52) को ईरान की कुख्यात एविन जेल में रखा गया है।

# दलाई लामा से मिलीं नैंसी पेलोसी

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का वाद्य यंत्रों-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

**धर्मशाला, एजेंसी**



धर्मशाला में बुधवार को अपने आवास पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा।

- प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बती संसद का दौरा किया और सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन हुआ
- तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद वर्ष 1959 में दलाई लामा भारत आए

अमेरिकी कांग्रेस सदस्य माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को धर्मशाला में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अमेरिकी सदन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी भी शामिल थीं। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

पेलोसी ने हिमाचल प्रदेश पहुंचने के बाद कहा, मैं यहां आकर रोमांच महसूस कर रही हूं। कांगड़ा एयरपोर्ट से लेकर मकलोडगंज तक दलाईलामा के अनुयायियों ने पेलोसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक वाद्य यंत्रों-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। यह बैठक चीन की बौद्ध भिक्षु (दलाई लामा) के साथ संपर्क से बचने की चेतावनी के बावजूद आयोजित की गई। चीन के लोग उन्हें अलगाववादी भी कहते हैं। अधिकारियों ने कहा कि सात लोगों के द्विदलीय समूह ने दलाई लामा से धर्मशाला के इस पहाड़ी शहर में बौद्ध मठ के सामने उनके महल में मुलाकात की। यह बैठक उनके प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने के एक दिन बाद इस पहाड़ी शहर में स्कूली बच्चों, बौद्ध भिक्षुओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किए जाने के बाद आयोजित की गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को तिब्बती संसद का दौरा किया और यहां निर्वासित तिब्बती सरकार द्वारा उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

मैककॉल ने मंगलवार को कहा कि सांसद दलाई लामा के साथ जिन मुद्दों पर चर्चा करने वाले थे, उनमें एक अमेरिकी विधेयक भी शामिल हैं, जिसका उद्देश्य तिब्बत विवाद को हल करने के लिए चीन पर दबाव डालना है और राष्ट्रपति जो बाइडेन के हस्ताक्षर का इंतजार है। चीन ने कहा कि वह इस यात्रा और विधेयक को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। चीन ने सांसदों से आग्रह किया कि वे जिसे वह दलाई गुट कहते हैं, उससे संपर्क न करें और बाइडेन से विधेयक पर हस्ताक्षर न करने का अनुरोध किया। तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद वर्ष 1959 में दलाई लामा भारत भाग गये। दलाई लामा तब से यहीं निर्वासित जीवन जी रहे हैं। चीनी अधिकारी अन्य देशों के अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत से नाराज थे। दलाई लामा ने अमेरिका की पिछली यात्राओं के दौरान राष्ट्रपतियों सहित अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की है, लेकिन बाइडेन ने पदभार संभालने के बाद से उनसे मुलाकात नहीं की है।

## भीषण गर्मी में 550 हज यात्रियों की मौत

**मक्का।** सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान रेगिस्तानी क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू के कारण अब तक कम से कम 550 लोगों की मौत हो गई है। अरब राजनयिकों ने पुष्टि की कि गर्मी और लू में कम से कम 323 मिस्रवासी मुख्य रूप से गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण मारे गये। अल-मुआइसेम अस्पताल से प्राप्त कुल संख्या का हवाला देते हुए एक राजनयिक ने कहा, सभी मिस्रवासी गर्मी के कारण मर गए, भीड़ के कुचलने के दौरान एक व्यक्ति को घातक चोटें भी आईं। अम्मान की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 60 जॉर्डनवासी मारे गए।

# अमेरिका ने ताइवान को नए हथियार बेचने को मंजूरी दी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- 291 अल्टियस-600एम प्रणाली और 720 स्विचब्लेड ड्रोन हथियारों में शामिल

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान को 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नए हथियार बेचने को मंजूरी दी और इसके साथ वह ताइवान को सैकड़ों सशस्त्र ड्रोन, मिसाइल उपकरण और संबंधित साजो सामान भेजेगा। विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई।

मंगलवार को की गई यह घोषणा अप्रत्याशित नहीं है लेकिन ताइवान को हथियार बेंचे जाने को मंजूरी देने की बात ऐसे वक्त कही गई है जब अमेरिका और चीन के बीच तनाव चरम पर है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसका कहना है कि ताइवान पर नियंत्रण के लिए यदि बल प्रयोग करना पड़ा तो भी वह इससे पीछे नहीं हटेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने जिन हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी है उनमें 291 अल्टियस-600एम प्रणाली शामिल हैं जो मुखास्त्र युक्त मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन हैं। इन हथियारों में 720 स्विचब्लेड ड्रोन भी शामिल हैं।

# आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत आगे

**ओटावा, एजेंसी**

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर महावाणिज्य दूतावास ने एक कार्यक्रम की योजना बनाई

नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। इनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में किया गया था। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बम विस्फोट की बरसी पर एक स्मृति कार्यक्रम की योजना बनाई है। यह स्मृति कार्यक्रम 23 जून को वैंकूवर में स्टेनली पार्क के केपरले खेल मैदान में एअर इंडिया मेमोरियल में आयोजित किया जाएगा। भारतीय समुदाय के सदस्यों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के वास्ते इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

# चाड में सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट, नौ की मौत

**एनजमीना, एजेंसी**

- राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का किया जा रहा इलाज

चाड की राजधानी एनजमीना में एक सैन्य आयुध डिपो में विस्फोट में नौ लोगों को मौत हो गई जबकि 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता अब्देरमान कौलमल्लाह ने कहा कि राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का इलाज किया जा रहा है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट मंगलवार मध्य रात्रि से ठीक पहले शुरू हुए और 30 मिनट से अधिक समय तक चले, जिससे आस-पास की इमारतें हिल गईं। अधिकारियों और गवाहों ने बुधवार को कहा कि चाड की राजधानी में एक सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट और आग लगने से कई लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आग बुझाने तथा घायलों के उपचार के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए गए। पश्चिमी अफ्रीकी देश में आयुध डिपो में हुए धमाके की रोशनी आसमान में दूर तक देखी गयी और उसके बाद आसपास के इलाकों में घने धुएं का गुबार छा गया। राष्ट्रपति महामत डेबी इत्नो ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि विस्फोट के कारण लगी आग से जानमाल का नुकसान हुआ है। डेबी ने कहा, पीड़ितों की आत्मा को शांति मिले।

# रूस ईमानदार मित्र और सहयोगी : किम

**प्योंगयांग, एजेंसी**



- रूस और उत्तर कोरिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने बुधवार को रूस को एशियाई देशों में से सबसे ईमानदार मित्र और सहयोगी करार देते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कोरियाई लोगों का सबसे प्रिय मित्र बताया। किम ने पुतिन की प्योंगयांग यात्रा के दौरान एक प्रेस बयान में कहा, इस समय जब पूरी दुनिया की निगाहें प्योंगयांग पर हैं, जो मित्रता के रूसी मिशन की मेजबानी कर रहा है, मैं अपने रूसी साथियों, सबसे ईमानदार मित्रों और सहयोगियों के साथ इस पवित्र हॉल में खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच एक नयी और सबसे शक्तिशाली संधि का निष्कर्ष कोरियाई लोगों के सबसे प्रिय मित्र राष्ट्रपति पुतिन की उत्कृष्ट दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प के बिना असंभव होगा।

पुतिन और रूसी प्रतिनिधिमंडल की किम और उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई। यह बैठक बंद दरवाजों के पीछे हुई और दोनों नेताओं के बीच एकांत में बातचीत के साथ आगे बढ़ी। किम ने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग और सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना है। पुतिन मंगलवार देर रात प्योंगयांग पहुंचे।

# तीन भारतीय और मिस्र के चार नागरिक हिरासत में

**दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी**

- कुवैत के मंगाफ शहर में आग लगने के मामले में सार्वजनिक अभियोजन ने की कार्रवाई

कुवैत के अहमदी प्रांत में भीषण आग लगने से 46 भारतीयों समेत 50 लोगों की मौत के मामले में भारत के तीन, मिस्र के चार और कुवैत के एक नागरिक को हिरासत में लिया गया है। बुधवार को एक मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को मंगाफ शहर में भूतल पर गार्ड के कमरे में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। इमारत में 196 प्रवासी मजदूर रहते थे, जिनमें से ज्यादातर भारतीय थे। अंग्रेजी भाषा के दैनिक समाचार पत्र 'अरब टाइम्स' ने बताया कि सार्वजनिक अभियोजन ने अल-मंगाफ की इमारत में आग लगने के मामले में एक कुवैती नागरिक, तीन भारतीय नागरिकों और मिस्र के चार नागरिकों को दो सप्ताह के लिए हिरासत में रखने का आदेश दिया है। खबर में कहा गया है कि आरोपियों पर हत्या और लापरवाही का आरोप लगाया गया है। अखबार ने बताया कि कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के आदेश पर पीड़ितों के परिवारों को 15,000 अमेरिकी डॉलर (12.5 लाख रुपये) का मुआवजा दिया जाएगा।

## बॉलीवुड हलचल

### प्रभा राज और तोशी का पिया परदेसिया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रभा राज और अभिनेत्री तोशी द्विवेदी का भोजपुरी बिरह गीत पिया परदेसिया रिलीज हो गया है। भोजपुरी बिरह गीत पिया परदेसिया वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना पारंपरिक लोकधुन पर बनाया गया है। इस गाने में तोशी द्विवेदी अपने पति के परदेस चले जाने पर काफी व्याकुल हैं। वह अपनी सखियों से अपने मन की व्यथा दर्द भरे एक्प्रेशन के साथ बयां कर रही हैं। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत पिया परदेसिया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रभा राज ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में तोशी द्विवेदी नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी - सनी, डीओपी गौरव राय, रंजन, ड्रेस डिजाइनर बादशाह खान हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

### फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोपड़ा चोटिल हुईं

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस को अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई। 41 वर्षीय अभिनेत्री ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में फिल्म की शूटिंग शुरू की। उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उनके गले पर गहरी खरोंच दिखाई दे रही थी। प्रियंका ने फोटो के साथ कैप्शन लिखा, ओह, मेरे काम में पेशेवर खतरे। रूसो ब्रदर्स के बैनर एजीबीओ स्टूडियोज और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा निर्मित द ब्लफ में प्रियंका एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की भूमिका में नजर आएंगी। उन्नीसवीं शताब्दी के कैरिबियन की पृष्ठभूमि पर आधारित द ब्लफ एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की कहानी है, जिसमें उसके अतीत के रहस्यमय पाप उसे जकड़ते हैं, और इन सबसे बचकर उसे अपने परिवार की रक्षा करनी होती है। फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर्स करेंगे।



### रितु और कसीम हैदर का गाना आई फोन रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बी4यू म्यूजिक पर रितु लखीना और कसीम हैदर कसीम का गाना आई फोन रिलीज हो गया है। आई फोन गाना में रितु लखीना और कसीम हैदर कसीम की जोड़ी है। हर्ष गुर्ग द्वारा निर्देशित और बीबी एंटरटेनमेंट के बैनर तले एनके मूसवी द्वारा निर्मित, यह गाना बी4यू म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज किया गया है। इस गाने में रितु की मधुर आवाज़ और कसीम की करिश्माई उपस्थिति एक परिपूर्ण सामंजस्य बनाती है, जो गाने को आकर्षक और यादगार दोनों बनाती है। पार्थ शर्मा द्वारा लिखे गए आई फोन के बोल समकालीन और प्रासंगिक हैं। फोटोग्राफी के निर्देशक (डीओपी), सचिन गुप्ता, संपादन नीतीश चंद्रा, कोरियोग्राफी दिनेश साहनी की है।

**खगोल विज्ञान** बीटा पिक्टोरिस के सौरमंडल जन्म ले रहे हैं ग्रह

# ब्रह्मांड में हुई विशाल क्षुद्रग्रह की भीषण टक्कर

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में हालही में विशाल क्षुद्रग्रह व ग्रह के बीच भयानक टक्कर हुई है। इस खगोलीय घटना को जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से देखा गया है। पृथ्वी से 63 प्रकाशवर्ष दूर बीटा पिक्टोरिस नामक सौर मंडल में यह खगोलीय घटना हुई है। बीटा पिक्टोरिस सौर मंडल की एक छोटी सी दुनिया है, जो इन दिनों ग्रहों के साथ अपने विकास में जुटी है।

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने इस घटना को देखा है और टक्कर के सबूत जुटाए हैं। यह एक नवनिर्मित सौर मंडल है। पिक्टोरिस प्रणाली युवा है। जिसकी उम्र केवल लगभग 20 मिलियन वर्ष है। यह ग्रह बनाने की प्रक्रिया में होने के लिए बेहद युवा है। इसमें कम से कम गैस के दो गैस विशाल ग्रह हैं। साथ ही अन्य छोटे चट्टानी ग्रह भी बनने शुरू हो गए हैं। ज्ञातव्य हो गैस के ग्रह धूल और चट्टानी मलबे के घूमते हुए बादलों से बनते हैं। इन बादलों में टकराव होते हैं। यह टकराव किसी भी सौर मंडल के निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। जिस कारण ग्रह बनते हैं। क्षुद्रग्रह प्रारंभिक सौर मंडल में हुई टकराव की विशाल और हिंसक प्रक्रिया से बचे हुए पदार्थ के टुकड़े हैं। अपने सौर मंडल की बात करें तो हमारे सौर मंडल में 4.5 अरब वर्ष पहले सूर्य के चारों ओर अंतरिक्ष में एक विशाल बादल से ग्रहों का निर्माण हुआ था। तब ग्रह-निर्माण प्रक्रिया के उत्तरार्ध में क्षुद्रग्रहों के बीच जबरदस्त टकराव हुआ था और करोड़ों वर्ष बाद अस्तित्व में आया। नई खोज इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी सौर मंडल का निर्माण भयानक टकरावों के बाद अस्तित्व में आता है।



पृथ्वी से 63 प्रकाशवर्ष दूर बन रहे नए सौर मंडल की तस्वीर।

### दिलचस्प है बीटा पिक्टोरिस सौर मंडल का युग

**नैनीताल :** जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बीटा पिक्टोरिस सौर प्रणाली खगोलविदों के लिए बेहद आकर्षक है। यह हमारे निकट है और सौर मंडल निर्माण के सिद्धांतों का प्रमाण है। बीटा पिक्टोरिस मलबे की डिस्क से घिरा हुआ है। निर्माणाधीन यह सौर मंडल भविष्य में वैज्ञानिकों के शोध का केंद्र रहेगा।